दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : बुधवार, 14 अक्टूबर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-233 | पृष्ठ -16 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

शारदीय नवरात्र



चतुर्थी (मां कूष्मांडा)

नवरात्र-पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन अनाहत चक्र में अवस्थित होता है। अतः इस दिन उसे अत्यंत पवित्र और चंचल मन से कष्माण्डा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना करना चाहिए। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, तब इन्हीं देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी।

सभी विभागों के मुख्य कार्य व परियोजनाओं के लिए एक डिजिटल प्लेफॉर्म

सीएम ने किया संकल्प डैशबोर्ड एवं समन्वय पोर्टल का शुभारंभ

पटना (एनएसबी) । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को मुख्य सचिवालय स्थित संवाद सभागार में संकल्प डैशबोर्ड एवं समन्वय पोर्टल का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम सचिवालय के सचिव संजय कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संकल्प डैशबोर्ड एवं समन्वय पोर्टल की उपयोगिता, उसकी कार्यपद्धति के

योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही होगी सुनिश्चित

संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी 48 विभागों के मुख्य कार्य, महत्वपूर्ण परियोजनाएं एक डिजिटल प्लेफॉर्म पर एक साथ उपलब्ध होगी। समीक्षा बैठकों में मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निदेशों, घोषणाओं, मंत्रिपरिषद् के निर्णयों और महत्वपूर्ण पत्रों के आलोक में की गयी कार्रवाई की निगरानी होगी। विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां और ब्रीफिंग से जुड़ी जानकारियां एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि समन्वय पोर्टल के माध्यम से बिहार एवं भारत सरकार के बीच को-ऑर्डिनेशन, दोनों की योजनाओं की निगरानी, पारदर्शिता एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जायेगा। दिल्ली में रेजिडेंट कमिश्नर इसमें समन्वय करेंगे। भारत सरकार की जो भी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, उसका पूरी तरह क्रियान्वयन बेहतर ढंग से हो सकेगा, साथ ही राशि का ससमय सदुपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से मिलनेवाली राशि, राष्ट्रीय रैंकिंग और समन्वय से जुड़े महत्वपूर्ण मामलों की बेहतर ढंग से निगरानी हो सकेगी। संकल्प पोर्टल के माध्यम से सभी विभागों से संबंधित महत्पवूर्ण विषयों का एकीकृत, समयबद्ध एवं परिणामोन्मुख अनुश्रवण हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग लक्ष्य के अनुरूप सीसीटीवी कैमरे लगाये और उसका एकीकृत मॉनीटरिंग हो। अभी पटना शहर में 2500 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं, उसकी भी एकीकृत निगरानी इस पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, नीतीश मिश्रा, संतोष कुमार सुमन, सुनील कुमार, कुमार शैलेन्द्र, डॉ. श्वेता गुप्ता, संजय कुमार सिंह के अलावे मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक प्रीता वर्मा सहित सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



वित्तीय वर्ष में 12 लाख पक्के मकान बनाने का लक्ष्य

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित ज्ञान भवन में आयोजित सेवा के रंग, राष्ट्र के संग कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने आयोजक मंडल को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगोली के माध्यम से पीएम के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का सुंदर चित्रण किया गया है।

सीएम ने किया बिहार में पहले 12 मेगावाट डेटा सेंटर का शुभारंभ

पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पाटलिपुत्र औद्योगिक क्षेत्र में सीटीआरएलएस (कंट्रोल्स) डेटा सेंटर का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उन्होंने प्रथम तल पर बने कंपनी के डेटा सेंटर कक्ष का जायजा लिया और वहां से संचालित होने वाले डिजिटल कार्यों की पूरी जानकारी ली। इस मौके पर डेटासेंटर्स लिमिटेड के संस्थापक एवं सीईओ श्रीधर पिन्नापुरेड्डी ने अंगवस्त्र भेंटकर सीएम का स्वागत किया। सीएम ने कहा कि बिहार में डेटा सेंटर की शुरूआत राज्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे और औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि उद्योग विभाग और कंपनी के बीच 10 हजार करोड़ रुपये का एमओयू किया गया है, इससे भविष्य में आईटी और एआई के क्षेत्र में निवेश और अन्य औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की अर्थव्यवस्था को नई गति देने के लिए उद्योगों का विस्तार जरूरी है। राज्य में निवेश बढ़ने से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। सीएम ने अगले पांच वर्षों में बिहार में कम-से-कम 1,000 मेगावाट क्षमता के डेटा सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य रखने को कहा। सीएम ने लगभग 13,000 एकड़ भूमि से संबंधित प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में उद्योगों के विकास के लिए आधार तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने गंगा पार और हाजीपुर क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्माण सहित अन्य औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही।

औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को मिलेगी नई गति

संक्षिप्त खबरें

बैकुंठपुर में सिलेंडर रिसाव से लगी आग, 25 झुलसे

गोपालगंज। जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सफियाबाद गांव में मंगलवार की शाम गैस सिलेंडर में रिसाव के बाद दीये से निकली चिंगारी के कारण भीषण आग लग गई। इस हादसे में करीब 25 लोग झुलस गए। घायलों में बच्चों की संख्या अधिक बताई जा रही है। घटना में कई लोगों की हालत गंभीर होने की सूचना है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।

टैंकलॉरी की टक्कर से महिला जवान व टेंपो चालक की मौत

फुलवारी शरीफ । जानीपुर थाना क्षेत्र के सिमरा गांव के पास पटना रोड पर मंगलवार की सुबह करीब 6:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला होमगार्ड जवान सोनी कुमारी और टेंपो चालक विजय सिंह की मौत हो गयी। टैंकलॉरी और टेंपो के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद टैंकलॉरी अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी और पुलिस को घटना की सूचना दी गयी।

गौरीचक में फाइनेंस एजेंट से 1.20 लाख की लूट

फुलवारी शरीफ। गौरीचक थाना क्षेत्र के जमुनापुर गांव के पास मंगलवार दोपहर अन्नपूर्णा माइक्रोफाइनेंस कंपनी के फाइनेंस एजेंट से हथियार के बल पर 1.20 लाख रुपये लूटने की वारदात हुई। दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ने एजेंट को रोककर रुपये से भरा बैग लूट लिया और फरार होने लगे, लेकिन एजेंट ने हिम्मत दिखाते हुए अपराधियों का पीछा शुरू कर दिया और शोर मचाता रहा।

शेखपुरा में घूस लेते PRS रंगे हाथ गिरफ्तार

शेखपुरा। शेखपुरा जिले में विजिलेंस ने छापेमारी की। इस दौरान पीआरएस को 30 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। मामला जिले के अरियरी प्रखंड से जुड़ा है। गिरफ्तार पंचायत रोजगार सेवक (PRS) चवाड़ा प्रखंड के कपासी गांव का निवासी है, जो अरियरी प्रखंड में कार्यरत है। रोजगार सेवक किस मामले में घूस ले रहा था, इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।

ममता बनर्जी पर चाकू से हमले की कोशिश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर उनके घर के पास मंगलवार शाम एक महिला ने चाकू से हमला करने की कोशिश की। घटना शाम करीब 6 बजे की है, जब ममता अपने कालीघाट स्थित आवास के पास दुर्गा पंडाल का उद्घाटन करने जा रही थीं।

दर्दनाक : वैशाली में नाव पलटी, 13 की गई जान

बीस युवक और बच्चे भोज खाने जा रहे जा रहे थे तभी भरी नाव नदी में डूबी

वैशाली/राघोपुर (एनएसबी)। राघोपुर थाना क्षेत्र के रामपुर श्यामचंद पंचायत में मंगलवार की रात्रि नाव हादसे में 13 लोगों की डूबने से मौत हो गई। इनमें अधिकतर बच्चे हैं। मौत की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, रामपुर श्यामचंद पंचायत के भगतान टोला स्थित माता महारानी स्थान के निकट सिंघेश्वर राय के यहां श्राद्ध का भोज था।

एक छोटी नाव पर करीब 20 से 25 लोग सवार होकर भोज खाने के लिए ढाब के उस पार जा रहे थे। इसी दौरान बीच ढाब में नाव डूब गई। नाव डूबने की सूचना पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की खबर मिलते ही रामपुर श्यामचंद पंचायत और आसपास के गांवों के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों की मदद से घंटे भर की मशक्कत के बाद कई लोगों को बाहर निकाला गया। आनन-फानन में सभी को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राघोपुर फतेहपुर पहुंचाया गया।

हादसे के बाद पीएचसी में मची अफरा-तफरी : रामपुर श्यामचंद में नाव हादसे के बाद स्थानीय लोग पानी में डूबे लोगों को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राघोपुर फतेहपुर पहुंचे। बताया गया है कि 17 बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों की जांच के बाद 13 को मृत घोषित कर दिया गया। तीन बच्चों को गंभीर स्थिति में पीएमसीएच रेफर कर दिया गया, जबकि एक की स्थिति ठीक बताई गई है जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस दौरान अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मची रही और पूरा परिसर स्थानीय लोगों की भीड़ से भर गया। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना से पूरे राघोपुर प्रखंड में मातम छा गया। विभिन्न गांवों से लोग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं घटनास्थल पर पहुंचने लगे। पुलिस और प्रशासन को घटना की सूचना दे दी गई है और प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई जारी है।



नाव पर 20 लोग थे सवार, 13 की हुई मौत, सात एनएमसीएच रेफर : डीएम



राघोपुर के रामपुर श्यामचंद पंचायत में हुए नाव हादसे के बाद मौके पर पहुंची वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने घटना को लेकर मीडिया को जानकारी दी। डीएम वर्षा सिंह ने कहा कि देखिए, बहुत ही दुखद घटना है, साढ़े आठ बजे ये घटना हुई है। सूचना मिली कि एक नाव है जिसमें से 20 बच्चे जा रहे थे, बगल के गांव में भोज खाने के लिए जा रहे थे और उसी क्रम में नाव पलट गई है।

सीएम ने किया आर्थिक सहायता का एलान



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मृतकों के स्वजन को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता (अनुग्रह राशि) देने की घोषणा की है। साथ ही प्रशासन को राहत-बचाव कार्य तेजी से पूरा करने और घायलों के बेहतर उपचार के निर्देश दिए गए हैं।

1996 के जहानाबाद नरसंहार मामले में 13 अभियुक्त बरी

पटना (एनएसबी)। पटना हाई कोर्ट ने 1996 के चर्चित जहानाबाद (अब अरवल) नरसंहार मामले में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए ट्रायल अदालत के 3 अप्रैल 2023 के उस फैसले को खारिज कर दिया है, जिसके तहत 13 अभियुक्तों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। न्यायाधीश राजीव रंजन प्रसाद और न्यायाधीश कुमार मनीष की खंडपीठ ने सभी अपीलकताओं को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। यह घटना 8 अगस्त 1996 की रात की है, जब करपी थाना क्षेत्र के केयार आहर के पास पानी की सिंचाई के विवाद को लेकर 30-40 अज्ञात उग्रवादियों ने एक झोपड़ी पर हमला कर दिया था।

भरत सिंह, मंगेतर सिंह, राम निवास सिंह और नवलेश सिंह की गोली लगने से मौत हो गई थी, जबकि प्रमोद कुमार समेत अन्य घायल हो गए थे। ट्रायल अदालत ने लंबी सुनवाई के बाद 13 अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इस मामले में चारों मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को अदालत में प्रदर्शित ही नहीं किया गया था, और न ही इसे अंजाम देने वाले डॉक्टरों से पूछताछ की गई। पुलिस ने अभियुक्तों की पहचान के लिए कोई भी टेस्ट आइडेंटिफिकेशन परेड आयोजित नहीं की। गवाहों ने सीधे तौर पर लगभग आठ साल बाद कोर्ट में पहली बार अभियुक्तों की पहचान की, जिसे अदालत ने कानूनी रूप से सुरक्षित नहीं माना। पुलिस अधिकारियों ने खून से सनी मिट्टी, खाली कारतूस (खोखा), लाठी और अन्य भौतिक साक्ष्यों को जब्त करने के लिए कोई जब्ती सूची तैयार नहीं की थी और न ही उन्हें फॉरेंसिक लैब भेजा गया। अदालत ने कहा कि पुलिस और जांच एजेंसियों की घोर लापरवाही के कारण न्याय प्रणाली प्रभावित हुई है। सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांतों का हवाला देते हुए खंडपीठ ने बिहार के पुलिस महानिदेशक को यह निर्देश दिया है कि वे लापरवाह जांच अधिकारियों की भूमिका की समीक्षा के लिए तीन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की एक समिति बनाएं और तीन महीने के भीतर उचित प्रशासनिक कार्रवाई करें।

उम्रकैद की सजा रद



अदालत ने पुलिस जांच और अभियोजन में गंभीर खामियां पाईं

डीजीपी को लापरवाह जांच अधिकारियों की समीक्षा हेतु समिति बनाने का निर्देश

BPSC TRE-4 में डीएलएड पास अभ्यर्थियों को फिर मिला अवसर

पटना (एनएसबी)। BPSC TRE-4: बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) ने चतुर्थ चरण की विद्यालय अध्यापक भर्ती परीक्षा (TRE-4) में डीएलएड पास अभ्यर्थियों को भी अवसर दिया है। शिक्षकों के 33 हजार 320 रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए डीएलएड प्रशिक्षण सत्र 2024-2026 (परीक्षा वर्ष 2026) के उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे।

आवेदन करते समय वेब कॉपी अनिवार्य : परीक्षा नियंत्रक की ओर से मंगलवार को जारी सूचना के अनुसार इच्छुक छात्र अपना ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने अंक पत्र (मार्कशीट) की वेब कापी अनिवार्य रूप से अपलोड करनी होगी। टीआरई-4 के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया जारी है। आयोग की वेबसाइट पर आनलाइन माध्यम से 25 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। इस निर्णय से हजारों अभ्यर्थियों को राहत मिली है।



33,320 शिक्षक पदों पर होगी भर्ती, बड़ी राहत

आवेदन के लिए वेब कॉपी अनिवार्य, अंतिम तिथि 25 अक्टूबर

11वीं से 12वीं तक में सबसे ज्यादा रिक्तियां

शिक्षक भर्ती के चौथे चरण के तहत कक्षा एक से पांच (प्राथमिक विद्यालय) के लिए 3847, छह से आठ (मध्य विद्यालय) के लिए 8563 और नौ से 10 (माध्यमिक विद्यालय) के लिए 3877 रिक्तियों की घोषणा की गई है। इसी तरह कक्षा 11 से 12 तक (उच्च माध्यमिक विद्यालय) के लिए सबसे अधिक रिक्तियों की घोषणा की गई है। इन वर्गों के लिए 16 हजार 101 पदों पर बहाली होगी। आयोग ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे भर्ती से संबंधित विस्तृत नियमों, पात्रता शर्तों एवं अन्य अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से आधिकारिक पोर्टल पर नजर बनाए रखें।

राज्यमंत्री एल मुरुगन ने दिया पद से इस्तीफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। सूचना और प्रसारण तथा संसदीय मामलों के राज्य मंत्री एल मुरुगन ने अपने मंत्री पद और राज्यसभा की सदस्यता दोनों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ये इस्तीफे एक साथ दिए हैं। एल मुरुगन लंबे समय से केंद्र सरकार में राज्य मंत्री के रूप में काम कर रहे थे। वे सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ-साथ संसदीय मामलों के मंत्रालय की जिम्मेदारी भी संभाल रहे थे। दोनों पदों से उन्होंने अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

SIR 2024 में आया, कांग्रेस पहले से हार रही : शाह

राहुल के नेतृत्व में 2029 का चुनाव भी हारेगी, विपक्ष के प्रदर्शन के बीच पहला बयान

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश भर में रक्फ और चुनाव आयोग के खिलाफ आंदोलन के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को पहली बार बयान दिया। उन्होंने कहा- राहुल गांधी एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस देश की जनता उनके एजेंडे को अच्छी तरह समझती है। उन्होंने कहा- एसआईआर प्रक्रिया 2024 के बाद शुरू हुई, जबकि राहुल गांधी के राजनीति में आने के बाद से ही कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। मैं राहुल से कहना चाहता हूं कि 2029 में एक बार फिर करारी हार के लिए तैयार रहें। शाह ने कहा- 2029 के लोकसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत हासिल करेगा और कांग्रेस को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ेगा। इस देश की जनता पीएम मोदी, भाजपा और एनडीए के साथ है। आप इस सच को नकार नहीं सकते। शाह ने गुजरात के स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी ने कुल 104 सीटों में से 90 सीटें जीती हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या गुजरात निकाय चुनावों में कांग्रेस की हार की वजह भी एसआईआर है? उन्होंने कहा- गुजरात निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ने सभी 32 सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन हर सीट पर उसकी जमानत जब्त हो गई। कांग्रेस 41 साल से गुजरात में एक भी चुनाव नहीं जीती है।



ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेकर रहेंगे, जितना समय लगे : राहुल



नई दिल्ली (एजेंसी)। एसआईआर के खिलाफ और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कठउक्रअ ब्लॉक के नेताओं ने राहुल गांधी के घर चाय पर बैठक की। करीब दो घंटे चली इस बैठक के बाद सभी नेता एक साथ बाहर आए और मीडिया को संबोधित किया। राहुल गांधी ने कहा- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा लेना हमारा मिशन है। इसमें जितना भी समय लगे, एक दिन, एक साल या दो साल, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। राहुल ने कहा कि विपक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल करने के लिए अंत तक संघर्ष करेगा। आठ दिन में यह विपक्षी नेताओं की छठी बैठक थी। इसमें सुप्रिया सुले, डी. राजा, तेजस्वी यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद के. सुरेश समेत कई नेता शामिल हुए। CPI (M) नेता एमए बेबी ने कहा- भाजपा वोट, विरोध प्रदर्शन की जगह और लोकतंत्र को छीन रही है।

पशुपालकों को एक क्लिक पर मिलेगी सरकारी योजनाओं की जानकारी



नई दिल्ली (एजेंसी)। पशुओं की सेहत से जुड़ी जानकारी हो या डेयरी कारोबार बढ़ाने के लिए सरकारी सहायता की जरूरत, अब पशुपालकों को योजनाओं का विवरण एक ही वेबसाइट पर मिल सकेगा। केंद्र सरकार ने पशुपालन और डेयरी क्षेत्र की सूचनाओं को एक मंच पर उपलब्ध कराने के लिए विभाग की नई वेबसाइट शुरू की है। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने मंगलवार को इसका शुभारंभ किया। नई वेबसाइट इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के डिजिटल ब्रांड आइडेंटिटी मैनुअल (डीबीआईएम) संस्करण 3.0 के अनुरूप तैयार की गई है।

खबरें : एक नजर में

कन्हाईपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सीसीटीवी का लोकार्पण, सफल छात्र-एवं-छात्राएं हुए सम्मानित

मोकामा/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा प्रखंड के कन्हाईपुर उच्च माध्यमिक विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मोकामा के बीपीआरओ अंजनी कुमार और प्रधानाध्यापक डा. गौरव प्रकाश के हाथों पेन और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय में लगभग 500 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



सफल छात्र-एवं-छात्राएं हुए सम्मानित।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक डा. गौरव प्रकाश के नेतृत्व में तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं मेहंदी कार्यक्रम, भाषण कार्यक्रम और राखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इन सभी स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ।

सम्मान समारोह के बाद बीपीआरओ अंजनी कुमार ने विद्यालय की संपूर्ण विधि-व्यवस्था का जायजा लेने के लिए औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल के हर एक कमरे, क्लासरूम, खेल के मैदान, प्रिंसिपल अफिस, गेट और आसपास के परिसरों का बारीकी से निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान ही विद्यालय परिसर में सुरक्षा और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए नए सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन किया गया। स्कूल के चप्पे-चप्पे पर लगवाए गए इन कैमरों के शुरू होने से विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो गई है। अधिकारियों की इस सक्रियता और विद्यालय में हुए इस शानदार आयोजन से शिक्षकों और छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया।

मोकामा शिक्षा पदाधिकारी अंजनी कुमार ने कन्हैपुर विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था पर भड़के अधिकारी

मोकामा/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में प्रशासनिक सख्ती लगातार जारी है। इसी क्रम में मोकामा प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी अंजनी कुमार ने कन्हैपुर स्थित उच्च विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में पसरी व्यवस्थाओं और कमियों को देखकर अधिकारी का गुस्सा फूट पड़ा और



उन्होंने मौके पर मौजूद शिक्षकों एवं कर्मियों को जमकर फटकार लगाई।

निरीक्षण के दौरान शिक्षा पदाधिकारी ने विद्यालय की साफ-सफाई, बच्चों के लिए बनने वाले मध्याहन भोजन (मिड-डे मील) की गुणवत्ता और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। भोजन में इस्तेमाल होने वाली सब्जियां, चावल और खाना बनाने के तौर-तरीकों की गहन जांच की गई। साफ-सफाई के स्तर पर भारी लापरवाही मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और हिदायत दी कि बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सबसे गंभीर मामला कक्षाओं में बच्चों के बैठने की व्यवस्था को लेकर सामने आया। पदाधिकारी ने पाया कि सरकार द्वारा छात्रों के बैठने के लिए पर्याप्त टाट-पट्टी (मैट) उपलब्ध कराई गई है, इसके बावजूद बच्चे जमीन पर या अन्य अनुपयुक्त स्थिति में बैठे नजर आए। इस पर गहरी आपत्ति जताते हुए उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही माना और कहा कि इस पर जल्द से जल्द संज्ञान लिया जाएगा।

निरीक्षण के अंत में शिक्षा पदाधिकारी अंजनी कुमार ने स्कूल प्रबंधन और संबंधित कर्मियों को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि हर हाल में कल से बच्चों को बैठने के लिए टाट-पट्टी और खाने के लिए मानक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि व्यवस्था में तुरंत सुधार नहीं हुआ, तो सभी दोषी शिक्षकों और कर्मियों के खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस औचक निरीक्षण से लापरवाह शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

भूमि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सर्वेक्षण जरूरी : जायसवाल

लंबित कार्यों वाले जिलों में तेजी लाने, ग्राम सीमा सत्यापन पूरा करने और मौजावार मॉनिटरिंग के निर्देश

दैनिक नवसंदेश

पटना। भूमि विवादों के स्थायी समाधान और राजस्व व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करना आवश्यक है। राज्य के भविष्य के लिए सर्वेक्षण का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। समय पर सर्वेक्षण पूरा होने से जमीन से जुड़ी अनेक समस्याओं के समाधान का रास्ता आसान होगा। इसके लिए सभी अधिकारी स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें, कार्यों की नियमित निगरानी करें और तय समय-सीमा के भीतर परिणाम सुनिश्चित करें। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने मंगलवार को राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में आयोजित विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए।

मंत्री ने सभी बंदोबस्त पदाधिकारियों को लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मासिक एवं साप्ताहिक कार्ययोजना तैयार करने और उसके अनुरूप कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जोर दिया कि निर्धारित लक्ष्य के आधार पर काम करने से प्रगति की नियमित समीक्षा की जा सकेगी और कार्यों को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी। विशेष सर्वेक्षण के अंतर्गत खानापूरी, किस्तवार तथा ग्राम सीमा सत्यापन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

मंत्री ने ग्राम सीमा सत्यापन का कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए वास्तविक समय के आधार पर कार्यों का प्रबंधन और प्रत्येक मौजे की गहन निगरानी आवश्यक है।

मंत्री ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने प्रभार वाले जिलों में दो दिन जाकर सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिन जिलों में सर्वेक्षण के कार्य अधिक लंबित हैं, वहां अतिरिक्तनोडल अधिकारियों की तैनाती करने को कहा। इन अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी लंबित कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करना होगा, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर हासिल किया जा सके।



राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप कुमार जायसवाल ने मंगलवार को राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में आयोजित विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर विभाग की सचिव श्रीमती सीमा त्रिपाठी ने पौधा देकर मंत्री का स्वागत किया।

विभाग की सचिव श्रीमती सीमा त्रिपाठी ने अधिकारियों को सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

सचिव ने सर्वेक्षण से संबंधित अभिलेखों की स्कैनिंग का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया, ताकि अभिलेखों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित हो सके और भविष्य में उनके उपयोग एवं सत्यापन में सुविधा हो।

भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के निदेशक सुहर्ष भगत ने आंकड़ों के आधार पर सभी जिलों में सर्वेक्षण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं करने वाले जमुई, बांका, सुपौल और पश्चिम चम्पारण जिलों को कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सर्वेक्षण कार्यों के निष्पादन में आ रही बाधाओं की पहचान कर उन्हें दूर करने तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर जोर दिया गया।

बैठक में अपर सचिव अमित कुमार पाण्डेय, अपर सचिव डा. महेंद्र पाल सहित सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खुसरूपुर में अज्ञात ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल, दाहिना पैर कटा

खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। रेल अपराध नियंत्रण केंद्र खुसरूपुर अंतर्गत अप लाइन पर पोल संख्या 512/27-29 के समीप मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। किसी अज्ञात ट्रेन से गिर जाने के कारण एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक का दाहिना पैर कट गया।

घायल युवक की पहचान सुमन कुमार (करीब 24 वर्ष), पिता बाबा लाल यादव, ग्राम पहाड़पुर, वार्ड संख्या-2, थाना जुरावनपुर, जिला वैशाली के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी प्रभारी राजीव कांत शर्मा अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी), खुसरूपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया।

इसके बाद घायल युवक को सिपाही संख्या 205 विनय कुमार के साथ बेहतर उपचार के लिए पटना भेजा गया। साथ ही, घटना की जानकारी उसके परिजनों को भी दे दी गई, ताकि वे समय पर अस्पताल पहुंच सकें।

इस घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए चिंता का माहौल रहा। जीआरपी की त्वरित कार्रवाई से घायल युवक को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सकी। फिलहाल युवक का बेहतर उपचार कराने के लिए उसे पीएमसीएच पटना भेजा गया है।

थानों एवं ओपी में सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से हों क्रियाशील : प्रमंडलीय आयुक्त

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सभी थानों एवं ओपी में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उन्हें निरंतर क्रियाशील बनाए रखने के सरकार के निर्देश के आलोक में पटना प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार ने संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों एवं वरीय पुलिस अधीक्षकों पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि जिन थानों एवं ओपी में अब तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं, वहाँ अविलंब कैमरे लगाए जाएँ। वहीं, जिन स्थानों पर कैमरे खराब हैं अथवा बैटरी बैकअप एवं अन्य तकनीकी कारणों से कार्य नहीं कर रहे हैं, वहाँ संबंधित एजेंसी से समन्वय स्थापित कर शीघ्र मरम्मत कराते हुए उन्हें क्रियाशील बनाया जाए।



त्योहारों से पूर्व सभी खराब कैमरों की मरम्मति सुनिश्चित करें, निगरानी, रखरखाव एवं फुटेज की नियमित समीक्षा के निर्देश।

आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि त्योहारों के प्रारंभ होने से पूर्व सभी थानों एवं ओपी में सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की स्थापना के साथ-साथ उनके नियमित रखरखाव, तकनीकी संधारण, उपकरणों की कार्यशीलता तथा रिकार्ड किए गए फुटेज की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

आयुक्त राजेश कुमार ने सभी जिला पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि स्थापित सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, रखरखाव, संधारण एवं फुटेज की स्थिति की नियमित जांच के लिए संबंधित जिले के एनआईसी के तकनीकी पदाधिकारी के साथ एक नोडल पदाधिकारी नामित किया जाए। नामित पदाधिकारी समय-समय पर सभी कैमरों की जांच करेंगे तथा उनकी वास्तविक कार्यशीलता और उनसे प्राप्त फुटेज की उपलब्धता के संबंध में नियमित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को अपने स्तर से भी सीसीटीवी कैमरों एवं अन्य संबद्ध उपकरणों की कार्यशीलता, रखरखाव तथा फुटेज की स्थिति की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया, ताकि तकनीकी खराबियों का समय पर पता लगाकर उनका त्वरित निराकरण किया जा सके।

प्रमंडलीय आयुक्त ने पटना नगर निगम द्वारा स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम अथवा किसी अन्य एजेंसी द्वारा लगाए गए सभी सीसीटीवी कैमरों को पूर्णतः क्रियाशील रखा जाए। खराब कैमरों एवं संबंधित उपकरणों की तत्काल मरम्मति कराई जाए तथा उनकी नियमित निगरानी और रखरखाव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

पूर्व डीजीपी आलोक राज की गायकी ने बांधा समां

दशहरा महोत्सव के तीसरे दिन गांधी मैदान में भक्ति, लोक संगीत और नृत्य का कलात्मक संगम

पटना (दैनिक नवसंदेश)। गांधी मैदान में आयोजित दशहरा महोत्सव के तीसरे दिन सुर, लय, ताल और भावों की ऐसी मनोरम छटा बिखरी कि पूरा वातावरण भक्ति एवं सांस्कृतिक सौंदर्य से आलोकित हो उठा। संगीत की मधुर स्वर-लहरियों, देवी स्तुति की आध्यात्मिक अनुभूति और लोकनृत्य की मनोहारी मुद्राओं ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं से रूबरू कराया। कार्यक्रम में भक्ति की निर्मल धारा, सूफियाना प्रेम की कोमल अनुभूति और मिथिला एवं मगध की लोक-संस्कृति के रंग एक साथ दिखाई दिए।

पूर्व डीजीपी आलोक राज ने अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने तुमको भी हमसे मोहब्बत हो जरूरी तो नहीं, किस मोड़ से शुरू करें फिर ये जिंदगी, जिंदगी का सफर है ये कैसा सफर और खामोश लब हैं, झुकी हैं पलकें जैसे सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ अमृता सिन्हा की सुमधुर गणेश वंदना एवं भक्ति गीतों से हुआ। उनकी प्रस्तुति ने वातावरण में मंगलमयता और आध्यात्मिक शांति का संचार किया। सुरों की मधुरता और भक्ति के भावों ने सांसतिक संध्या को एक गरिमामयी शुरुआत प्रदान की।

इसके पश्चात निशिता झा ने 'जय जय भैरवी, असुर



पूर्व डीजीपी आलोक राज की गायकी ने बांधा समां।

भयावनी' देवी स्तुति की भावपूर्ण प्रस्तुति से शक्ति उपासना की परंपरा को स्वर दिया। उनकी प्रस्तुति में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का सुंदर समन्वय देखने को मिला। वहीं, महान सूफी कवि अमीर खुसरो की कालजयी रचना 'छाप तिलक सब छीनी रे, मोसे नैना मिलाइके' की प्रस्तुति ने प्रेम, समर्पण और आत्मिक अनुराग की सूफियाना अनुभूति से सांसतिक संध्या को एक विशिष्ट कलात्मक आयाम प्रदान किया।

राधा सिन्हा सांस्कृतिक सामाजिक सेवा संस्थान के कलाकारों ने अपनी भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की सांसतिक छटा को और समृद्ध किया। 'मेरे घर राम आए हैं' गीत पर प्रस्तुत भाव नृत्य में प्रभु श्रीराम के आगमन की आनंदमयी अनुभूति, श्रद्धा और आत्मीय उल्लास को नृत्य की मुद्राओं के माध्यम से सजीव किया गया।

जनविश्वास और लोक आस्था का कत्ल किया है : तेजस्वी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि देश की संवैधानिक संस्थाएं अपनी साख खो चुकी है। सबसे पहले इन तानाशाहों ने जाँच एजेंसियों की विश्वसनीयता को खत्म किया और अब चुनाव आयोग तो उनसे भी दस कदम आगे निकल लोकतंत्र का ही हत्यारा बन गया। ज्ञानेश जैसे लोगों ने जनविश्वास और लोक आस्था का कत्ल किया है। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के इशारे पर ज्ञानेश कुमार ने लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है। ज्ञानेश कुमार ने एक कठपुतली की तरह काम किया है, उसके लिए उसे सजा जरूर मिलेगी। ये लोग बच नहीं पाएंगे। यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति या पार्टी की नहीं, बल्कि देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और हर नागरिक के अधिकारों की है। गठबंधन के सभी दल लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट हैं। लोकतंत्र बचाने के लिए हम कोई भी कुर्बानी देने के लिए तैयार है।



आदिवासी समाज के लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रधान महासचिव के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनता दल अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष सत्येंद्र गौंड की प्रेरणा से आदिवासी समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में राजद की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सदस्यता लेने वालों में विमलेश गोंड, प्रेम गोंड, छठी लाल गोंड सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की, इनके अलावा विमलेश पाठक, राम नरेश राय ने भी अपने समर्थकों के साथ राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की। राजद नेता एजाज अहमद ने बताया कि प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू ने राजद की सदस्यता रसीद देकर आदिवासी समाज के नेताओं के साथ उनके समर्थकों को राजद की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर राजद नेता संजय यादव, निर्भय कुमार अंबेडकर,भाई अरुण कुमार, गणेश कुमार यादव सहित अन्य गणमान्य नेता उपस्थित थे।

खबरें — खास-खास

पदोन्नति पर सम्मानित हुए दारोगा दीपक कुमार भारती, पैतृक गांव पहुंचने पर ग्रामीण व गणमान्य लोगों ने किया भव्य स्वागत

शिक्षक विनय कुमार दुबे ने शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार भारती को सम्मानित किया

छपरा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। सूबे के नवादा जिले में सहायक अवर निरीक्षक के पद पर पदस्थापित दीपक कुमार भारती की अवर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है। दीपक को पदोन्नति मिलने के बाद जिले के सारण जिले के दाउदनगर थाना अंतर्गत बंगरा मठिया गांव में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पदोन्नति के बाद प्रथम बार गांव आने पर मां लालमति देवी भावुक हो गई एवं आरती उतारी। उन्होंने कहा कि बेटे ने पिता के सपनों को बुलंदियों पर ले जाकर गांव, परिवार एवं समाज को एक नई पहचान दी है। बता दें कि इनके पिता शत्रुघ्न भारती बिहार सरकार में राज्य कर्मचारी के तौर पर पदस्थापित थे। गांव आने पर ग्रामीण एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा इनका भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ शिक्षाविद एवं राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता शिक्षक विनय कुमार दुबे ने शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार भारती को सम्मानित किया। कहा कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वो दहाड़ेगा। दीपक भारती की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा की लौ जले बिना ज्ञान का अंधकार मिट नहीं सकता। इस अवसर पर डा. रविंद्र कुमार रवि, शिक्षिका सालीका गोस्वामी, शिक्षक अजय कुमार सिंह, शिक्षण विद्या सिंह, शिक्षक मनीष कुमार गिरी, शिक्षक सतीश कुमार चौहान, चर्चित प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार पासवान, शिक्षक मनिंद्र नाथ गिरि, पूर्व प्रभारी राजकुमार, शिक्षक सतीश श्रीवास्तव, पंचायत प्रतिनिधि अजय सिंह, ग्रामीण अवधेश सिंह, प्रदीप भारती, ब्रजेश भारती, शशि भूषण गिरी, शिक्षक उमेश गिरी, मुकेश सिंह, विकास सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिहार के जाने-माने वरिष्ठ संगीतकार एवं संगीत शिक्षक डा. वेद प्रकाश सागर ने अपनी संगीतिक गतिविधि से सबका मन मोह लिया। अतिथियों एवं ग्रामीणों का स्वागत और धन्यवाद शिक्षक पप्पू कुमार भारती ने किया।



पदोन्नति पर सम्मानित हुए दारोगा दीपक कुमार भारती।

अर्पित-आयुष के अर्धशतक से करुणा की बड़ी जीत, कैम्ब्रीज भी चमका

विमला देवी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में करुणा ने 121 और कैम्ब्रीज ने 26 रन से दर्ज की जीत

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सीएबी ग्राउंड पर खेले जा रहे द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों ने भी दम दिखाया। करुणा क्रिकेट एकेडमी के अर्पित कुमार और आयुष ने अर्धशतक जड़कर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया, तो गेंदबाज आशीष ने विपक्षी बल्लेबाजों को टिकने नहीं दिया। करुणा ने ट्रैम्फैंट ब्लू को 121 रन से हराया। वहीं, दूसरे मुकाबले में बिहार कैम्ब्रीज क्रिकेट एकेडमी ने शुभम की 47 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर एसपीएस क्रिकेट कोचिंग सेंटर को 26 रन से शिकस्त दी। दोनों विजेता टीमों के खिलाड़ियों को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आशीष प्लेयर ऑफ द मैच। पहले मुकाबले में ट्रैम्फैंट ब्लू ने टस जीतकर करुणा क्रिकेट एकेडमी को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। करुणा ने अर्पित कुमार के 51 और आयुष के 51 रन की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 166 रन बनाए। अभिषेक कुमार यादव 15 रन बनाकर नाबाद रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्रैम्फैंट ब्लू की टीम करुणा के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती नजर आई। पूरी टीम 135 ओवर में 45 रन पर सिमट गई। आशीष ने तीन विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। आदित्य राज ने दो और अभिषेक यादव ने एक विकेट लिया। शानदार गेंदबाजी के लिए आशीष को प्लेयर अफ द मैच चुना गया।



संक्षिप्त स्कोर - करुणा क्रिकेट एकेडमी - 20 ओवर में 166/5, अर्पित कुमार 51, आयुष 51, अभिषेक कुमार यादव नाबाद 15, अतिरिक्त 36.

ट्रैम्फैंट ब्लू - 13.5 ओवर में 45/10 अतिरिक्त 26 आदित्य राज 2/11, आशीष 3/16, अभिषेक यादव 1/1.

शुभम की पारी से कैम्ब्रीज ने मारी बाजी : दूसरे मुकाबले में बिहार कैम्ब्रीज क्रिकेट एकेडमी ने टस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। शुभम ने 47 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि गौरव अजय कुमार ने 19 और गौरव कुमार ने 16 रन का योगदान दिया। मो हमदनौल होदा ने 11 रन बनाए। टीम ने 21 ओवर में नौ विकेट पर 144 रन का स्कोर खड़ा किया। एसपीएस क्रिकेट कोचिंग सेंटर की ओर से प्रिंस राज ने चार विकेट लेकर विपक्षी बल्लेबाजों को परेशान किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसपीएस की टीम 19.3 ओवर में 118 रन पर अलआउट हो गई। रित्विक ने 55 रन बनाकर जीत की उम्मीद जगाई, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला। कैम्ब्रीज की ओर से गौरव ने तीन, शुभम और आर्यन ने दो-दो विकेट लिए, जबकि रोहित राज को एक विकेट मिला। कैम्ब्रीज ने मुकाबला 26 रन से जीत लिया। शुभम को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

संक्षिप्त स्कोर - बिहार कैम्ब्रीज क्रिकेट एकेडमी - 21 ओवर में 144/ 9, रोहित राज 10, गौरव अजय कुमार 19, शुभम 47, गौरव कुमार 16, मो हमदनौल होदा 11, अतिरिक्त 22, अनिमेष 1/ 28, श्रीओम सिंह 2/30, प्रिंस राज 4/23, अयान सिन्हा 1/21.

एसपीएस क्रिकेट कोचिंग सेंटर - 19.3 ओवर में 118/10, सम्राट 17, रित्विक 55, कुणाल सिंह 12, अतिरिक्त15, शुभम 2/24, आर्यन 2/14, गौरव 3/16, रोहित राज 1/6.

युवक और टीओपी थानाध्यक्ष सहयोग से महिला को मिला खोया हुआ रकम

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शास्त्रीनगर थाना के आईजीआईएमएस टीओपी थानाध्यक्ष कपलेश्वर पासवान के सहयोग और एक युवक की ईमानदारी से एक महिला को उसका खोया हुआ 8600 रुपया वापस मिल गया।

जानकारी के मुताबिक सहरसा जिले के बक्तियारपुर की रहने वाली पूजा कुमारी अपने बच्चे का इलाज कराने आईजीआईएमएस आई थीं। इसी दौरान अस्पताल परिसर में उनकी कमर से 8600 रुपया गिर गया।

महिला ने इसकी सूचना आईजीआईएमएस टीओपी को दी। सूचना मिलते ही टीओपी थानाध्यक्ष कपलेश्वर पासवान ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाला। फुटेज के आधार पर पता चला कि पैसा राजाबाजार ब्रह्मस्थानी गली निवासी रोहित कुमार पिता रंजीत कुमार महतो को मिला था।

थानाध्यक्ष ने रोहित से संपर्क किया तो उसने ईमानदारी का परिचय देते हुए पैसा लौटाने की



युवक और थानाध्यक्ष सहयोग से महिला को मिला खोया हुआ रकम।

बात कही। मंगलवार को टीओपी परिसर में थानाध्यक्ष कपलेश्वर पासवान की मौजूं में रोहित कुमार ने पूरी राशि 8600 रुपया पूजा कुमारी को वापस कर दी। पैसा वापस मिलने पर महिला ने टीओपी थानाध्यक्ष और युवक दोनों का आभार जताया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष कपलेश्वर पासवान ने बताया कि पुलिस का काम सिर्फ अपराध रोकना नहीं, बल्कि लोगों का भरोसा जीतना भी है और ईमानदारी समाज के लिए प्रेरणा है।

खुसरूपुर में सुबह-सुबह फायरिंग, बाल-बाल बचे अशोक यादव उर्फ मास्टर साहेब

खुसरूपुर/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। थाना क्षेत्र के लोदीपुर फोरलेन सड़क के समीप सुबह-सुबह गोलीबारी की एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। घात लगाए बदमाशों ने लोदीपुर निवासी अशोक यादव उर्फ मास्टर साहेब पर जानलेवा हमला करते हुए दो राउंड फायरिंग की। हालांकि, गनीमत रही कि गोली उनके शरीर में नहीं लगी और वे बाल-बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार, अशोक यादव उर्फ मास्टर साहेब रोज की तरह सुबह फोरलेन सड़क की ओर टहलने या किसी काम से जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाते हुए अचानक दो फायर झोंक दिए। प्रत्यक्षदर्शियों और पीड़ित के अनुसार, संयोग अच्छा था कि गोली सीधे शरीर पर नहीं लगी, लेकिन गोली चलने के दौरान बारूद की छींटें पड़ने से वे मामूली रूप से जख्मी हो गए हैं।

वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से आसानी से भाग निकले। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित अशोक यादव ने घटना के संबंध में स्थानीय थाने को लिखित शिकायत देकर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए लिखित सूचना दर्ज कर ली है और अपराधियों की धरपकड़ के लिए मामले की छानबीन में जुट गई है।

आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए जन-जागरूकता और पूर्व तैयारी आवश्यक : डा. प्रेम कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से होने वाली जन-धन की क्षति को कम करने के लिए जन-जागरूकता, पूर्व चेतावनी, वैज्ञानिक प्रबंधन और सामूहिक तैयारी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि बिहार में बाढ़ सहित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए समय पर चेतावनी, प्रभावी राहत व्यवस्था और जनभागीदारी महत्वपूर्ण है। नियमित जागरूकता अभियान, मॉक ड्रिल तथा प्राथमिक उपचार एवं सुरक्षित निकासी संबंधी प्रशिक्षण से आपदा के प्रभाव को कम किया जा सकता है।डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आपदा प्रबंधन सरकार और समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा सुरक्षित एवं आपदा-सक्षम समाज के निर्माण में सहयोग देने की अपील की।



डा. प्रेम कुमार।

संक्षिप्त खबरें

राजस्व अधिकारियों ने डोंगल बंद कर जताया विरोध



कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर सोमवार को राज्यभर के राजस्व अधिकारियों ने विरोध स्वरूप अपने डोंगल को एक दिन के लिए बंद रखा। इसके कारण आय, जाति, आवासीय समेत अन्य प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य प्रभावित हुए। कोईलवर प्रखंड में भी इसका असर देखने को मिला। मिली जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरपुर जिले के मुशहरी प्रखंड के अंचलाधिकारी महेंद्र शुक्ला और राजस्व अधिकारी करुण करण की गिरफ्तारी के विरोध में बिहार राजस्व सेवा संघ की अपील पर यह कदम उठाया गया। राज्यभर के राजस्व अधिकारियों ने सोमवार को अपने डोंगल का संचालन बंद रखकर विरोध जताया। डोंगल बंद रहने के कारण प्रमाण पत्रों से संबंधित ऑनलाइन कार्यों के निष्पादन पर असर पड़ा। राजस्व अधिकारियों के इस विरोध के चलते विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। संघ के आह्वान पर आयोजित इस विरोध का असर राज्य के विभिन्न प्रखंडों के साथ कोईलवर में भी देखा गया।

नई आशा द्वारा आधार कार्ड शिविर



उदवंतनगर/कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)। सामाजिक संस्था ह्यनई आशाह्व द्वारा उदवंतनगर प्रखंड के चैराई और कोईलवर प्रखंड के गीधा सामुदायिक भवन में आधार कार्ड शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 47 आधार कार्ड बना। इस अवसर पर संस्था के जिला समन्वयक कुंदन कुमार सिंह, जय प्रकाश दास, अमन बिहारी, रविन्द्र कुमार आदि का सक्रिय योगदान रहा।

आगामी पर्वों के मद्देनजर सुगम एवं व्यवस्थित यातायात हेतु बैठक

आरा (दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा की अध्यक्षता में पुलिस उपाधीक्षक, यातायात, भोजपुर, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्षों के साथ प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पर्वों के दौरान यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाए रखने तथा जाम की समस्या के निराकरण हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। प्रमुख मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतत निगरानी, चेकपोस्टों पर पुलिस बल की उपस्थिति तथा निर्धारित नो-एंट्री, वन-वे एवं रूट डायवर्जन का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। इस क्रम में बालू लदे ट्रकों एवं अन्य भारी वाहनों की बढ़ती आवाजाही के प्रबंधन पर भी चर्चा की गई, ताकि आमजन का आवागमन सुरक्षित एवं निर्बाध बना रहे।

पीसीसी पथ का योजना व विकास मंत्री ने किया लोकार्पण

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो प्रखंड अंतर्गत जितौरा जंगल महाल पंचायत के कनई टोला में नवनिर्मित पीसीसी पथ का मंगलवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। योजना व विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने यहां आयोजित एक समारोह के दौरान उक्त पथ का लोकार्पण किया। मौके पर मंत्री श्री कुशवाहा ने कहा कि सूबे में डबल इंजन की सरकार हर जाति-धर्म, समुदाय व क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मौके पर मुखिया कुमारी अर्पणा सिन्हा ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण 15वीं वित आयोग मद से कुल 10 लाख 56 रुपए की लागत से कराया गया है। यह सड़क बिहियां-बिहटा स्टेट हाइवे-12 से कनई टोला गांव तक बनी है। पथ के लोकार्पण मौके पर पीरो के प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार, पंचायत सचिव संतोष कुमार सुमन, पंचायत सदस्य सत्येन्द्र कुमार सिंह, शिक्षक नेता गोरखनाथ सिंह, अनिल कुमार, सुनीता कुमारी, अरविंद कुमार,अनूप पटेल सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

फरार विधि-विरुद्ध बालक निरुद्ध

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। गिधा थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को अलग-अलग कार्रवाई करते हुए टेंपो चोरी मामले में थाने से फरार विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध कर लिया। वहीं, शराब पीने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। टेंपो चोरी मामले में थाने से फरार हुए विधि-विरुद्ध बालक को मंगलवार को पकड़ लिया गया। इसके बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर आवश्यक विधि सम्मत कार्रवाई की गई। वहीं, शराब पीने के आरोप में गिरफ्तार लोगों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरथुआ गांव निवासी श्याम बिहारी राम के पुत्र बजरंगी राम और दुर्योधन राम के पुत्र नागेंद्र राम शामिल हैं।

मामूली विवाद में दोस्त को मारी गोली

आरा (दैनिक नवसंदेश)। उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई पुल स्थित पूजा पंडाल के समीप सोमवार की रात मामूली विवाद में एक युवक ने अपने ही दोस्त को गोली मार दी। जख्मी को दाहिने हाथ के अंगुली में लगी है। परिजन द्वारा उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। जख्मी नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर गली नंबर-7 निवासी अजय सिंह का 24 वर्षीय पुत्र दीपू सिंह है। सोमवार की रात भेलाई गांव के भेलाई पुल स्थित पूजा पंडाल के समीप वह अपने दोस्तों के साथ बैठा हुआ था। तभी एक बाइक सवार हथियारबंद बदमाश वहां आया और उसे गोली मार दी। जिससे वह जख्मी हो गया। इस संबंध में जख्मी दीपू सिंह के फर्द बयान पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के भेलाई गांव निवासी लड्डू कुमार के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जख्मी युवक का भी पूर्व में अपराधी इतिहास रहा है। वह नवादा थाना में दर्ज हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट सहित तीन मामलों में आरोपित रहा है और जेल भी जा चुका है।

असामाजिक तत्वों ने बाइक व पूजा पंडाल में लगाई आग, मंदिर में लगे सीरीज बल्ब तोड़े

सदर एसडीपीओ बोले सीसीटीवी फुटेज से शरारतियों की हो रही तलाश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के भलुहीपुर मोहल्ला स्थित मठिया के समीप सोमवार की मध्य रात्रि असामाजिक तत्वों द्वारा रास्ते मे बाहर खड़ी एक बाइक एवं मोहल्ले में स्थित कुछ पूजा पंडाल में आग लगा दी गई। इसके अलावे मठिया स्थित मंदिर में लगे सीरीज बल्ब को भी तोड़ दिया गया। तभी पूजा पंडाल के समीप मौजूद पूजा समिति सदस्यों एवं मोहल्ले वासियों द्वारा पूजा पंडाल एवं बाइक में लगी आग को बुझाया गया। सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार एवं टाउन थानाध्यक्ष देवराज राय दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली। मुन्ना पांडेय ने बताया कि वह घर पर सोए थे। इसी बीच करीब दो-ढाई बजे की मध्य रात्रि उन्होंने देखा कि घर के बाहर बाइक जल रही है। तब वे लोग बाहर निकले और बाइक में लगी आग को बुझाया। इसके बाद उनके द्वारा पूजा पंडाल में लगी आग को भी बुझाया गया। साथी ही उन्होंने शरारती तत्वों पर घर के बाहर खड़ी बाइक एवं भलुहीपुर वार्ड नंबर-31 में बनी तीन-चार जगहो पर बनी पूजा पंडाल में आग लगाने एवं मंदिर में लगी लाइट को तोड़ने का आरोप लगाया है। जबकि उसी मोहल्ले के निवासी मोहन यादव ने बताया कि रात्रि करीब ढाई बजे के आसपास उन्होंने देखा कि घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लग गई है। तभी वह घर से बाहर निकले और बाइक में लगी आग बुझाया। उन्होंने देखा कि भलुहीपुर मठिया के समीप स्थित पूजा पंडाल में भी आग लगाई है। जिसके बाद सभी मोहल्ला वासियों द्वारा सभी पूजा पंडालून में लगे आग को बुझाया गया। उन्होंने भी शरारती तत्वों पर इस घटना को अंजाम देने की बात कही है। इस संबंध में सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार बताया कि भलुहीपुर मोहल्ले में नवनिर्मित पूजा पंडाल में असामाजिक तत्वों द्वारा सोमवार की मध्य रात्रि आग लगाया गया है, जिससे नवनिर्मित पंडाल का थोड़ा हिस्सा जल गया है। हालांकि पूजा समिति के सदस्यों द्वारा आग को बुझा दिया गया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है।

फ्रांस में बिहारी प्रतिभा का कमाल

भारतीय साइकिल पोलो टीम ने जीता स्वर्ण पदक



जीत के बाद भारतीय साइकिल पोलो टीम और कोच।

आरा (दैनिक नवसंदेश)। फ्रांस की धरती पर भारतीय साइकिल पोलो टीम ने इतिहास रच दिया। इंटरनेशनल यूरोपियन साइकिल पोलो चैंपियनशिप 2026 में भारत ने अजेय रहते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। फाइनल में मेजबान फ्रांस को हराकर भारत चैंपियन बना, जबकि फ्रांस को रजत से संतोष करना पड़ा। प्रतियोगिता में भारत ने इंग्लैंड, बेल्जियम और ओकेनडॉन जैसी मजबूत टीमों को भी पराजित किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में बिहार की प्रतिभा की भी अहम भूमिका रही। भोजपुर के आरा प्रखंड के बड़की सनदियां गांव निवासी चंदन कुमार पाण्डेय भारतीय दल के चीफ डी मिशन नियुक्त थे। उनके कुशल नेतृत्व, समन्वय और कठिन परिस्थितियों में धैर्यपूर्ण मार्गदर्शन ने टीम का मनोबल बनाए रखा। उनकी उपलब्धि से बिहार में हर्ष का माहौल है। फाइनल में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार कौशल, अनुशासन और टीम भावना का परिचय दिया। कप्तान असरुद्दीन शाह, विष्णु एस, जिजिराज आर, अनफर जे और अल्दीनरियास ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कोच कमल किशोर सोनी की भूमिका भी अहम रही। फ्रांस से दूरभाष पर साइकिल पोलो फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव चंदन पाण्डेय ने कहा कि यह जीत केवल खेल की नहीं, बल्कि भारतीय युवाओं की प्रतिभा, परिश्रम और अनुशासन का प्रतीक है। गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच तक का सफर बिहार के युवाओं के लिए प्रेरणा है।

देवी माता के तीसरे रूप की की गई पूजा-अर्चना

अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन देवी माता के तीसरे रूप की पूजा अर्चना की गई। प्रखंड के गांवों, घरों और हाट-बजारो पर माँ दूर्गा के मदिरो पूज नवरात्र के कलश स्थापना के साथ पूजा-पाठ कर शारदीय नवरात्र की देवी के तीसरे रूप की पूजा अर्चना की गई। बाजारों में पूजा की समाग्री की खरीदारी को लेकर भीड भाड़ वैदिक मंत्रोंचारण से भक्ति में माहौल बना हुआ है। मां देवी की प्रतिमा निर्माण में जुटे कलाकार देवी मां की मूर्ती के अतिम रुप देने व पूजा समिति द्वारा रात दिन कार्य किया जा रहा है। अगिआंव के नारायणपुर बाजार बड़गांव बेरथ पावना नोनउर मड़नपुर के पूजा पंडाल को कलाकार अतिम रूप देने के लिए कार्य कर रहे है। रग बिरगी रौशनी से सजाया जा रहा है। पूजा पंडाल के सुरक्षा के लिए पूजा समिति के सदस्य लगे हुए है। प्रशासन दौरा पूजा पंडाल मे सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिए गए है।

शिक्षक संघ के पुनर्गठन का निर्णय, पांच सदस्यीय निर्वाचन समिति गठित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। एमबीआरआरवी बी.पी. सिंह कॉलेज में सोमवार को शिक्षक संघ के पुनर्गठन एवं नए पदाधिकारियों के निर्वाचन को लेकर शिक्षकों की आम सभा की बैठक आयोजित की गई। महाविद्यालय के कक्ष में आयोजित बैठक की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग के प्रो. संजय कुमार ने की। बैठक में शिक्षक संघ के पुनर्गठन, पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया तथा चुनाव संचालन के लिए समिति के गठन पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित शिक्षकों ने संघ के लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी संचालन की आवश्यकता पर बल देते हुए सर्वसम्मति से शिक्षक संघ के पुनर्गठन का निर्णय लिया। आम सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि शिक्षक संघ के पुनर्गठन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया एक माह के भीतर प्रारंभ की जाएगी। चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न कराने के लिए पाँच सदस्यीय निर्वाचन समिति का गठन किया गया। निर्वाचन समिति में प्रो. संजय कुमार (मनोविज्ञान विभाग), डॉ. रविकांत रंजन, डॉ. मंजू कुमारी, डॉ. किसलय कलश तथा डॉ. संजीव रंजन को शामिल किया गया है। यह समिति शिक्षक संघ के निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया के संचालन, समन्वय एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी निभाएगी तथा निर्धारित नियमों के अनुरूप चुनाव संपन्न कराएगी। बैठक में शिक्षकों ने इस बात पर जोर दिया कि एक सक्रिय एवं लोकतांत्रिक शिक्षक संघ न केवल शिक्षकों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, आपसी सहयोग एवं संस्थागत विकास को सुदृढ़ बनाने में भी सहायक होता है। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रामेन्द्र सिंह ने की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सभी सदस्यों ने शिक्षक संघ के निर्वाचन को निष्पक्ष एवं लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में 31 मार्च 2015 के बाद बहाल अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवा से मुक्त करने संबंधित कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर बिहार राज्य टीचर्स एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन विधायक विशाल प्रशांत को सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षक प्रतिनिधियों ने कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में निदेशक प्राथमिक शिक्षा बिहार के माध्यम से मार्च 2015 के बाद बहाल अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवा मुक्त करने के आदेश से अप्रशिक्षित शिक्षकों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। इस संबंध में बिहार स्टेट टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक नियमावली 2012 यथा संशोधित 2014 के अधिसूचना संख्या के आलोक में उर्दू, बांग्ला टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की बहाल होनी थी। उच्च न्यायालय पटना में दायर याचिका संख्या सीडब्ल्यूजेसी 21945 दिनांक 21 जनवरी 2015 के पारित अंतरिम आदेश से उक्त बहाली में देर हुई। ऐसे में मार्च 2015 के बाद बहाल शिक्षक पूर्णतः निर्दोष हैं।

राज्य स्तरीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

पटना प्रमंडल ने भागलपुर को 52-50 से हराया



आरा (दैनिक नवसंदेश)। खेल विभाग, बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन, भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज खेल भवन-सह-व्यायामशाला, भोजपुर में राज्य स्तरीय (अंतर प्रमंडल) विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता 2026 (अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग) का भव्य शुभारंभ हुआ। त्रिदिवसीय प्रतियोगिता में राज्य के नौ प्रमंडलों एवं एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र की कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें लगभग 360 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी, भोजपुर श्री मनेश कुमार मीणा एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना एवं निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला पटना प्रमंडल एवं भागलपुर प्रमंडल के बीच खेला गया, जिसमें पटना प्रमंडल की टीम ने रोमांचक मुकाबले में 52-50 के अंतर से जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता 15 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। अंतिम दिन फाइनल मुकाबले के बाद विजेता टीमों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर आरा, जिला खेल पदाधिकारी एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

चित्र संयोजन के साथ-साथ कविता लेखन, निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका प्लस टू विद्यालय चरपोखरी के कला प्रेक्षागृह में वीरगाथा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चित्र संयोजन के साथ-साथ कविता लेखन, निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। वीरगाथा चित्रों में शहीद वीरों के शौर्य गाथा को संयोजित कर छात्राओं ने प्रभावी संदेश दिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक सुकेश कुमार सभी चित्रों का अवलोकन करते हुए कहा कि हम अपने वीरों को कभी भुलते नहीं। छात्राओं द्वारा सृजित रचित चित्र और कविता दर्शनीय है। वहीं पुरे आयोजन को संयोजित करने वाले कला शिक्षक रौशन राय ने कहा कि कला एक ससक्त माध्यम है अभिव्यक्ति का।हम जो अपने वीरों को कला चित्र व कविता, कहानी, दंतकथा के माध्यम से याद करते हैं,हमारा समर्पण दिखता है। चित्रों में अलग-अलग संयोजन दिखा,खाका और लकिरो में बेहतरीन सामंजन था, जो दर्शनीय बन पड़ा। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया रागिनी वर्मा, द्वितीय स्थान श्रृष्टि कुमारी, तृतीय शिम्पी कुमारी ने हासिल किया। कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया किरण कुमारी, द्वितीय जिया कुमारी, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंजली सिंह द्वितीय ज्योति कुमारी, तृतीय स्थान ज्योति चेरसिया ने हासिल किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए संस्कृत शिक्षक सुनित त्रिपाठी ने कहा कि छात्राओं ने अदभुत प्रतिभा दिखाया है। संस्कृति को वीर गाथाओं से जोड़ एक सार्थक पहल किया है। सभा का संचालन करते हुए संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार वीरगाथा और कई दंतकथा को छात्राओं के सामने सुनाया। सबसे आकर्षण का केंद्र रहा चित्र सृजन, बाल कला की आकर्षण चक्षु कला में साफ दिख रहा था। आयोजन अपने कलात्मक मौलिकता को लेकर खासा उत्साहजनक और प्रभावी बन पड़ा। सम्मिलित छात्राओं में किरण कुमारी, नंदिनी कुमारी, सुरभि, रागिनी कुमारी मुख्य रहीं।

नोनउर वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट में बराढ की टीम विजेता घोषित



अगिआंव (दैनिक नवसंदेश)। अगिआंव प्रखंड के नौनउर सोनभद्र खेल मैदान में वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बागा बनाम बराड चरपोखरी के बीच खेला गया, जिसका उद्घाटन जदयू वरिष्ठ नेता गौरीशंकर शर्मा व समाजसेवी बुची सिंह ने किया। जदयू वरिष्ठ नेता गौरी शंकर शर्मा ने कहा कि इस तरह फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन आपसी भाईचारा और सौहार्द का प्रतीक है। खेल को खेल भावना के मुकाबले खिलाड़ियों का मानसिकता में धनुष लक्ष्य बनता है। इस तरह के खेलों के आयोजन से देहाती ग्रामीण क्षेत्र के छिपे खिलाड़ियों की प्रतिमा और पहचान दोनों ही निखरता है। आयोजित बागा बनाम बड़ाडचरपोखरी के बीच खेले गए फाइनल फुटबॉल टूनामेंट जोरदार मुकाबला के बाद 3-1 बराड चरपोखरी की टीम विजेता व बागा की टीम उपविजेता घोषित हुई। जदयू वरिष्ठ नेता गौरीशंकर शर्मा और समाज सेवी बुची सिंह द्वारा विजेता और विजेता टीम व कप्तान को शिल्ड वितरण किया गया। मैच का संचालन पिंटू कुमार और नन्हे राज ने किया। फुटबॉल टूनामेंट मैच के दौरान जदयू वरिष्ठ नेता गौरी शंकर शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता बची सिंह पंचायत समिति परमानन्द यादव, अरविन्द सिंग, सोनू सिंह, महेंद्र यादव, निकी राज सहयोगकर्ता पिंटू जावेद चिंटू सोनू अंसारी सोनू शिवानी नजीर सहदेव सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का डंडा



पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो नगर के चैक चैराहों व दूसरे भीडभाड वाले सार्वजनिक स्थलों पर अवैध अतिक्रमण से आमलोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर नगर परिषद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत नगर परिषद के अधिकारी पिछले दो दिनों से घूम-घूम कर अतिक्रमण हटा लेने का निर्देश दे रहे हैं। इसके बावजूद अतिक्रमण यथावत पाए जाने पर मंगलवार को स्वयं अनुमंडल पदाधिकारी कृष्ण कुमार उपाध्याय दलबदल के साथ सड़क पर उतर गए। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी के कडे रुख को देखते हुए फुटपाथी दूकानदार अपनी दूकान समेट कर चलते बने। अनुमंडल पदाधिकारी ने कई दूकानदारों को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल फुटपाथ को खाली कर दें अगर अगली बार सड़क पर दूकान लगा पाया गया तो सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी के इस कदम से अवैध अतिक्रमण कर फुटपाथ पर दूकान सजाने वाले दूकानदारों, आटो रिक्सा चालकों में हडकंप मच गया।

अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया सम्मानित

राष्ट्रीय डाक सप्ताह:



आरा (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अवसर पर भोजपुर डाक प्रमंडल, आरा की ओर से माउंट लिटेरा जी स्कूल, बामपाली में अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता-2026 के बिहार सर्किल स्तर के विजेताओं को चेक एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिता में माउंट लिटेरा जी स्कूल के छात्र विराट कश्यप ने द्वितीय स्थान तथा इसी विद्यालय की छात्रा अलोकी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विराट कश्यप को 10 हजार का चेक एवं उपहार तथा अलोकी गुप्ता को 5 हजार का चेक एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भोजपुर प्रमंडल की ओर से त्रिलोकी नाथ चैबे, मनोरंजन कुमार सिंह, टुनटुन सिंह, कुंदन सिंह एवं राहुल कुमार उपस्थित रहे। सभी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। डाक विभाग द्वारा विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों में पत्र लेखन के प्रति रुचि विकसित करने तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में वर्तमान में ह्यढाई आखरह्ण पत्र लेखन प्रतियोगिता-2026 आयोजित की जा रही है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय है। ह्यएक चिट्ठी धरती माँ के नामः प्रकृति की रक्षा, मेरा वादाह्ण। प्रतियोगिता में निर्धारित पात्रता के अनुसार छात्र एवं आम नागरिक भाग ले सकते हैं।

स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

सेवाओं में सुधार हेतु जिला पदाधिकारी ने दिए निर्देश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान सभी प्रखंडों में इसकी उपलब्धि 50 प्रतिशत से कम पाए जाने पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों को संस्थागत प्रसव में सुधार लाने तथा प्रत्येक गर्भवती महिला का सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, सभी निजी अस्पतालों को प्रसव संबंधी आंकड़े अनिवार्य रूप से अपलोड करने का निर्देश दिया गया। एनीमिया मुक्त बिहार विशेष अभियान के तहत विशेष अभियान चलाकर एनीमिया से प्रभावित व्यक्तियों की पहचान एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने तथा सभी पात्र लाभार्थियों को संपूर्ण टीकाकरण से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। वहीं, कायाकल्प अभियान के तहत जिले के सभी 312 स्वास्थ्य केंद्रों में अविलंब रंग-रोगन कराने तथा स्वास्थ्य केंद्रों की साफ-सफाई एवं व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) सहित स्वास्थ्य विभाग के संबंधित चिकित्सक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से अंचल कार्यालय का कामकाज ठप

बेनीपुर (एनएसबी)। अंचल कार्यालय बेनीपुर के सभी राजस्व कर्मचारी विगत 5 अक्टूबर से हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे कार्यालय का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो गया है। इसका सबसे अधिक खामियाजा टी आर ई 4 शिक्षक भर्ती एवं लाइब्रेरी सहायक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों तथा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। मंगलवार को अंचल कार्यालय पहुंचे कई छात्रों ने बताया कि उन्हें आवेदन के लिए जाति, आवासीय, आय एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की आवश्यकता है, लेकिन हड़ताल के कारण प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहे हैं। वे कई दिनों से कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि राजस्व कर्मचारियों के लौटने के बाद ही काम शुरू हो सकेगा।छात्रों ने अंचल प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है ताकि समय पर प्रमाण पत्र मिल सके। कार्यालय सूत्रों के अनुसार करीब 300 जाति, आवासीय, आय एवं ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्रों के आवेदन लंबित हैं। इस संबंध में प्रभारी सीओ राजीव कुमार ने बताया कि वे भी हड़ताल पर हैं और उनका डोंगल भी काम नहीं कर रहा है। इसकी सूचना जिलाधिकारी को दे दी गई है। वैकल्पिक व्यवस्था जिलाधिकारी के स्तर से ही की जा सकती है।

300 से अधिक आवेदन लंबित

मिथिला युवा सामाजिक संगठन ने कराया कन्या भोजन



भंडारा में शामिल श्रद्धालु।

तारडीह (एनएसबी)। उजान गांव स्थित दुर्गा स्थान परिसर में मंगलवार को मिथिला युवा सामाजिक संगठन ने कुंवारी कन्या भोजन एवं भंडारा का आयोजन किया। इस दौरानसदस्यों ने श्रद्धा और भक्तिभाव से कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया । दुर्गा स्थान परिसर के इस भक्तिमय माहौल के बीच ग्रामीणों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजक को साधुवाद दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका में विनोदानंद झा, मदन मोहन झा, रौशन मंडल, गौतम मंडल, रुद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, राजीव चौधरी सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

आवेदन वापस लेने का दवाब, मामला पौराम का

हायाघाट (एनएसबी)। मंगलवार को पौराम पंचायत के ही गणेश कुमार सिंह जो भाजपा किसान मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष हैं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को एक आवेदन दिया है, जिसके अनुसार भाजपा उपाध्यक्ष ने अपने पंचायत के वार्ड नंबर 3 मे चल रहे गलत कार्य जैसे नाला निर्माण, सड़क और बाउंड्री की लिखित शिकायत हायाघाट प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी से पूर्व में की थी, जिसके बाद कार्य रुक गया था। दिए आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि 8-10-26 को पौराम पंचायत सेवक निजामुद्दीन द्वारा कुछ लोगों के साथ जिसमें असामाजिक तत्व भी मौजूद थे, भाजपा उपाध्यक्ष को धमकी देकर पिछला आवेदन वापस लेने संबंधी बात बताई गई है।इस संदर्भ में प्रखंड विकास पदाधिकारी से दूरभाष पर संपर्क का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

'जगदम्बा घर मे दियरा बाईर अईली हे', दुर्गा मंदिर में गूंज रहा यह गीत



सनहपुर गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में दीप जलाती श्रद्धालु।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के सनहपुर, मोहनपुर, कलिगांव, भरवाड़ा, सिंहवाड़ा, सिमरी आदि गांव मे नवरात्र के तीसरे दिन संध्या मे दीप जलाने को लेकर श्रद्धालुओ की भीड उमड रही है। महिलाये, युवती अपने अपने घरो से मिट्टी के हाथो से बनाये दीपक मे तेल वाती डालकर मां दुर्गा पुजा स्थल पर पहुंचकर दीप एवं अगरबत्ती जलाती है। "जगदम्बा घर मे दियरा बाईर अईली हे" पुजा पंडाल मे संध्या होते ही ऐसे भजनो से गुंजायमान हो रहा है। सनहपुर के नीधी कुमारी,निभा,नीतु,मीठी कुमारी, आरती पुजा भरवाडा के सोनाली कुमारी, अभिलाषा कुमारी, रंजू देवी, गुडिया देवी आदि ने बताया की दीप जलाने की परंपरा पूर्व से होती आ रही है। दीप जलाने से नकारात्मक उर्जा नष्ट हो जाती है। मां दुर्गा सभी मनोकाना पुरा करती है। दुर्गा पुजा पंडाल मे हो रहे भजन-कीर्तन से पुरा प्रखंड क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है।

चापाकल पर गंदगी फैलाने का विरोध करने पर मारपीट

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी गांव में चापाकल पर गंदगी फैलाने का दौरान विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई। इस संबंध में तौकीर खान की पत्नी रिजवाना खातून ने सिमरी थाना मे एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमे सोनी खातून, उसके पति आलमगीर खान, सना खातून, गुफरान खान और अरमान खान को आरोपित किया है। पीड़िता ने बताया है कि दस अक्टूबर को चापाकल के पास गंदगी फैलाने का विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए उनके हिस्से की जमीन पर लगे पेड़-पौधे उखाड़ दिए। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई । पीड़िता ने ईंट से मारपीट करने और नाक मे पहने सोने का छीनने छक का आरोप लगाई है। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

जेएनयू मामले में भाजपा का प्रदर्शन, राहुल गांधी का पुतला फूंका



पुतला दहन करते भाजपा के नेता व कार्यकर्ता।

बेनीपुर (एनएसबी)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की छात्राओं से जुड़े कथित यौन शोषण के आरोपों को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा अध्यक्ष विनय कुमार पासवान के नेतृत्व में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान जिला अध्यक्ष विनय कुमार पासवान ने कहा कि कांग्रेस सांसद डॉ. बिमोल अकोइजाम से जुड़े कथित यौन शोषण के आरोप गंभीर हैं। ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर और दोषी को कठोर सजा दी जाए।महिलाओं की गरिमा, अस्मिता और सम्मान से समझौता नहीं किया जा सकता। कही भी उन्हें भय, दबाव या शोषण का शिकार न होना पड़े।उन्होंने राजनीतिक दलों से महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर गंभीर होने की मांग की।रामनारायण ठाकुर ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान समाज की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान ज्ञान, संस्कार और सुरक्षित भविष्य के केंद्र हैं, जहां भयमुक्त वातावरण जरूरी है। प्रदर्शन में रामसागर ठाकुर, संतोष कुमार झा, रजनीश सुंदर, सोनू ठाकुर, ममता देवी, मनोज झा, संजय झा, शंकर भगवान, सुबोध कामत, निभा देवी, संजय मिश्रा, बिंदे सहनी, ध्रुव स्वामी, अरुण चौधरी और संजय ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

सड़क पर नाले का गंदा पानी जमा रहने से हर कोई परेशान

बेनीपुर (एनएसबी)। मुख्य सड़क एसएच-56 से अनुमंडल कार्यालय परिसर तक जाने वाली सड़क पर नाले का गंदा पानी जमा रहने से अधिकारियों, कर्मियों और आम लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार झा ने नगर परिषद बेनीपुर के कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र भेजकर सड़क का समतलीकरण कराने का अनुरोध किया है। 13 अक्टूबर 2026 को जारी पत्रांक 1618 में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया है कि उक्त सड़क का स्तर नाले के स्तर से नीचे होने के कारण सड़क पर गंदा पानी जमा रहता है। इससे अनुमंडल कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और यह समस्या सामान्यतः बनी रहती है।

एनाटॉमी-फिजियोलॉजी-बायोकैमिस्ट्री भवन के संरक्षण की मांग

बीएमआईएससीएल के अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



ज्ञापन देते चिकित्सक।

दरभंगा (एनएसबी)। ऐतिहासिक एनाटॉमी-फिजियोलॉजी-बायोकैमिस्ट्री भवन को ध्वस्त होने से बचाने तथा उसे चिकित्सा शिक्षा विरासत के रूप में संरक्षित करने की मांग को लेकर मंगलवार को दरभंगा मेडिकल कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र (एलुमनी) ने रखी। पूर्ववर्ती छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यालय पहुँच कर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. रमन कुमार वर्मा एवं सचिव डॉ सुशील कुमार के नेतृत्व में डिप्टी जनरल मैनेजर योगेंद्र प्रसाद को आवेदन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में डॉ. ओमप्रकाश, प्रो. हरी दामोदर सिंह, डॉ. गौरी गौड़ी शंकर झा, डॉ. भरत कुमार सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को बताया कि एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं बायोकैमिस्ट्री का यह भवन केवल एक पुरानी संरचना नहीं, बल्कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज के गौरवशाली इतिहास है,इसलिए इसे ध्वस्त करने केबजा"हेरिटेज-सह-स्मारक भवन" के रूप में संरक्षित किया जाना चाहिए। इस मौके परबीएमआईएससीएल की टीम ने पावरपॉइंट से दरभंगा मेडिकल कॉलेज के पुनर्विकास की विस्तृत मास्टर प्लान के तहत नए भवनों, सड़क संपर्क तथा अन्य संरचनाओं की रूपरेखा साझा की। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि वर्तमान मास्टर प्लान के अनुसार अब नए भवनों के निर्माण के लिए एनाटॉमी-फिजियोलॉजी-बायोकैमिस्ट्री भवन को ध्वस्त करना आवश्यक नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकत हो तो आवागमन के लिए सबवे (भूमिगत मार्ग) अथवा अन्य वैकल्पिक उपायों पर चर्चा किया जा सकता है। इससे विकास भी प्रभावित नहीं होगा और ऐतिहासिक धरोहर भी सुरक्षित रह सकेगी। बीएमआईएससीएल के अधिकारियों ने इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि इस संबंध में एक आवेदन स्वास्थ्य विभाग के मुख्य सचिव को भी प्रेषित किया जाए, ताकि उनके स्तर से आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त हो सकें।वार्ता में एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि यह बिहार की चिकित्सा शिक्षा के इतिहास के संरक्षण का दायित्व है।

महिया देवी मंदिर में भागवत कथा : तीसरे दिन शुकदेव उपाख्यान, हयग्रीव अवतार और मधु-कैटभ वध का वर्णन



भागवत कथा कहते कथावाचक पंडित राधेश्याम झा।

तारडीह (एनएसबी)। क्षेत्र के महिया गांव स्थित दुर्गा स्थान परिसर में नवनिर्मित नवदुर्गा मंदिर में मां प्रतिमा स्थापना के बाद पूरे गांव में उत्साह और भक्तिमय माहौल बना हुआ है। मंदिर में प्रतिमा स्थापित होने से ग्रामीणों में हर्षोल्लास है । वहीं, मंदिर परिसर में 11 से 19 अक्टूबर तक आयोजित देवी भागवत कथा में श्रद्धालु भक्ति रस से सराबोर हो रहे हैं।

कथा के तीसरे दिन मंगलवार को कथावाचक पंडित राधेश्याम झा ने शुकदेव उपाख्यान, भगवान विष्णु के हयग्रीव अवतार तथा मधु-कैटभ वध प्रसंग का वर्णन किया और उनसे शिक्षा लेने का आग्रह किया। उन्होंने प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान की महिमा और धर्म के महत्व से अवगत कराया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से कथा का श्रवण करते रहे।आयोजन के दौरान प्रस्तुत रंग-बिरंगी धार्मिक झांकियां भी आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। झांकियों ने श्रद्धालुओं का मनमोह लिया और उन्हें धार्मिक प्रसंगों से भी जोड़ा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। देवी भागवत कथा के आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

मातृशक्ति के नाम से प्रसिद्ध है दरभंगा का वैष्णवी मलेच्छ मर्दनी मंदिर

नवरात्रि में मलेच्छ मर्दिनी माता की होती है विशेष पूजा

- यहां दी जाती है शिशकोहरा, नारियल, लाल अड़हुल की बलि

पुनीत कुमार सिन्हा



मां मलेच्छ मर्दिनी।

दरभंगा (एनएसबी)। दरभंगा शहर के मिजार्पुर, सकमापुल रोड स्थित मलेच्छ मर्दनी भगवती वर्तमान में दरभंगा ही नहीं बल्कि संपूर्ण मिथिलांचल में भक्तों की श्रद्धा और पूजा का केंद्र है।नवरात्रों में यहां विशेष पूजन का आयोजन होता है। वैष्णवी होने के कारण भगवती को शिश कोहरा, नारियल, लाल अड़हुल के फूल आदि की बलि का प्रावधान है। इस मंदिर के बारे में बताया जाता है कि लगभग 400 वर्ष पूर्व पंजाब से खत्री वंशी धनीराम महथा दरभंगा आए और एक जमींदार के यहां नौकरी करने लगे। भक्तों को जितनी आवश्यकता भगवान की होती है शायद भगवान को भी समर्पित आस्थावान शिष्य की भी इतनी ही आवश्यकता होती है।

उसी दौरान जगत-जननी माता ने अपने लिए धनीराम को चेतना दी ,जिस चेतना से उन्होंने जो कीर्ति स्थापित किया वह आज सबों के बीच मलेच्छ मर्दनी माता के रूप में विद्यमान है।बताया जाता है कि की मलेच्छ मर्दनी माता की मूर्ति मिजार्पुर में अवस्थित मंदिर के पीछे के तालाब जठियाही के किनारे से जमीन खोदकर निकाली गई। इसके प्रादुर्भाव की कहानी के अनुसार धनीराम महथा को एक रात भगवती ने दर्शन दिया और कहा कि मुझे जठियाही तालाब के किनारे से खोद कर निकालो। स्वप्न के अनुसार ही महथा जी दल बल के साथ पहुंचकर भगवती की मूर्ति उक्त तालाब के किनारे से निकाली, लेकिन क्योंकि वह जमीन तत्काल दरभंगा राज के जमीनदारी में था, इसलिए वहां के सिपाही सहित अन्य लोगों ने मूर्ति को कब्जे में लेना चाहा। परंतु उस मूर्ति को कोई सिपाही या राज का कोई भी दरबारी नहीं उठा सका। थक कर महथा जी को मूर्ति ले जाने को कहा गया और सैकड़ों की भीड़ ने देखा कि जैसे ही धनीराम महथा ने प्रणाम कर मूर्ति को उठाया ,वह अकेले उस मूर्ति को उठाने में सक्षम हो गए। जिसे उन्होंने मिजार्पुर मोहल्ला स्थित अपनी जमीन पर यज्ञ एवं पूजन के साथ स्थापित किया और वहां आज भी मां विराजमान है।

महथा जी के वंशजों तथा स्थानीय नागरिकों के अनुसार कामाख्या मां के रूप में प्राप्त वैष्णवी भगवती ने कई अवसरों पर महथा जी, उनके परिवार के सदस्यों तथा अन्य भक्तों पर बहुत कृपा की है। दुष्टों तथा मलेच्छों का नाश करने के कारण इनका नाम मलेक्ष मर्दनी पड़ा। इस मंदिर के 69 वर्षीय पुजारी नारायण पाठक के अनुसार नवरात्रों में यहां विशेष पूजन का आयोजन किया जाता है।

नशेड़ी पति को पत्नी ने भिजवाया जेल

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिंहवाड़ा वार्ड संख्या-नौ मे कोर्ट में जुमार्ना भरकर घर लौटे नशेड़ी पति ने फिर से शराब के नशे में अपनी पत्नी से मारपीट करना शुरू कर दिया। पत्नी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सिंहवाड़ा पुलिस ने नशेड़ी को फिर गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पत्नी सिंहवाड़ा निवासी नीलम देवी ने पति छोटे राउत के खिलाफ सिंहवाड़ा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि इससे पूर्व शराब के नशे में होने की शिकायत पर पुलिस उसे पकड़ कर न्यायालय में सुपुर्द किया था। जहां से जुमार्ना भरकर वह घर लौटा। पहले से ज्यादा शराब पीकर घर पहुंचते ही हंगामा शुरू कर दिया। एवं पत्नी के साथ मारपीट शुरू की। पत्नी ने 112 नंबर डायल पर पुलिस को सूचना दी। पत्नी की सूचना पर पुलिस पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर दिया। जांच के दौरान शराब के नशे में पुष्टि होते ही उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई। सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

मछुआरों द्वारा पानी घेरकर रखने से किसान परेशान

- खेतों में पानी, कैसे हो खेती, समय बीत रहा, किसान परेशान

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। कुशेश्वरस्थान व कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के कुछ पंचायत फुहिया सलुइस गेट के सभी गेट नही खोले जाने व कुछ जगह जगह मछुआरों द्वारा पानी घेर पर मछली के शिकारमाही से काफी परेशान है। किसानों का कहना है कि एक तो वैसे ही रबी के फसल तेलहन ,दहलन , मकई की खेती लेट हो चुकी है। कब पानी निकलेगा और कब किसान अपने खेती करेंगे? किसान सलाहकार व्यासनंदन राय का कहना है कि अकटूबर से 30 सितंबर तक रबी फसल लगाने के मुख्य समय होता है। इस स्थिति मे किसानों के दलहन व तेलहन के फसल से वंचित रहना पड़ता है। अक्टूबर से सितंबर तक दलहन,तेलहन लगाने के समय रहता है। अभी तक खेतो मे पानी भरा हुआ है। स्थानीय ग्रामीण वकील राहुल कुमार ने बताया कि करेह का जलस्तर धीरे धीरे घट रहा है।करेह का जलस्तर जीवछ कमला नदी से लगभग 2 फीट कम है।सलुइस गेट के दोनों तरफ खौर जाल लगा है,इसलिए पानी निकासी की गति धीमी है।अभी भी बाढ़ का स्थिति बना है। बाढ नियंत्रण के अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि बारह फाटक मे से आठ फाटक को खोल दिया गया है। दोनो साईड से दो दो फाटक के खोलने का आदेश नही है, जिससे साइड कटाव न हो, इस लिए आठ गेट को खोला गया। अनुमंडल पदाधिकारी शशांक राज ने बताया कि बहुत जगह से मछुआरों के द्वारा खोर लगाने कि शिकायत थी।

रेलवे स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में सांसद ने नवमनोनित सभापति को किया

दरभंगा बनेगा रेलवे कनेक्टिविटी का हब : डॉ. गोपाल जी ठाकुर

लंबित रेल परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए की चर्चा



सभापति सुधीर गुप्ता का अभिनंदन करते सांसद।

दरभंगा (एनएसबी)। दिल्ली स्थित रेल भवन में रेलवे स्टैंडिंग कमेटी की बैठक नव मनोनीत सभापति सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक में दरभंगा सांसद सह रेलवे स्टैंडिंग कमेटी सदस्य डा गोपाल जी ठाकुर ने मनोनीत सभापति सुधीर गुप्ता का मिथिला की संस्कृति और परंपरा के अनुसार पाग एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

बैठक में सांसद ने दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र में रेलवे के विस्तार एवं उन्नयन, रेलवे अधोसंरचना के विकास, यात्री सुविधाओं का आधुनिकीकरण, लंबित रेल परियोजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन, पीपी मोड पर रेलवे आधारित औद्योगिक विकास की संभावनाओं के लिए पहल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सभापति को दरभंगा में बन रहे सभी आर ओ बी निर्माण में तेजी लाने, अमृत भारत योजना के तहत वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन में दरभंगा,लहरियसराय तथा सकरी के निर्माण कार्यों में प्रगति लाने मुद्दों से संबंधित एक पत्र सौंपा। सांसद डा. ठाकुर ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री तथा रेल मंत्री के नेतृत्व में मिथिला क्षेत्र में रेलवे के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र में पूर्व की सरकार ने इस क्षेत्र की प्रमुख योजनाओं की उपेक्षा की । एनडीए गठबन्धन की सरकार में योजनाओं को पूरा किया जा रहा है तथा रेल नेटवर्क का विस्तार हो रहा है। दरभंगा-समस्तीपुर के बीच 624 करोड़ की लागत से 38 किलोमीटर रेल लाइन दोहरीकरण कार्य पूरा किए जाने पर रेल मंत्रालय का आभार प्रकट किया और अधिकारियों को धन्यवाद दिया।सांसद डा. ठाकुर ने मौजूद नेटवर्क विस्तार, फ्लाईओभर, शीशो व काकरघाटी बायपास , पीपी मोड पर रेलवे आधारित औद्योगिक संभावनाओं पर चर्चा की। रेल की खाली जलाशयों में मखाना की खेती सहित क्षेत्र के ऐतिहासिक,धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों को चिन्हित कर मिथिला सर्किट कारीडोर के निर्माण का प्रस्ताव पारित करने पर सभापति तथा सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराया। इससे रेल के माध्यम से पर्यटन क्षेत्रों का विस्तार होगा तथा रोजगार के नए अवसर बढ़ाया जा सकेगा। सांसद डा ठाकुर ने दरभंगा एम्स की संभावित उपयोगिता के आलोक में लहेरियासराय - सहरसा तथा लहेरियासराय - मुजफ्फरपुर तक नई रेल लाइन की सभी औपचारिकताओं को पूरा करने संबंधी पत्र के माध्यम से सभापति का ध्यान आकृष्ट कराया। इस नई रेल लाइन के अस्तित्व में आने से कोशी क्षेत्र से मुजफ्फरपुर तथा पटना जाने वाले रेल यात्रियों को काफी सहूलियत होगी।सांसद ने बैठक में दरभंगा में एनएच - 527,एसएच 88 एवं एसएच 56 पर स्वीकृत सभी नए आरोबी तथा फूट ओभरब्रीज के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू किए जाने की मांग रखी । बैठक में सांसद ने 88 साल पूर्व विभक्त मिथिला तथा कोशी के बीच बने कोशी महासेतु का नाम देश के पूर्व पीएम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपाई के नाम पर करने, सकरी-हसनपुर रेल लाइन के निर्माण कार्य में तेजी लाने, दरभंगा से नई दिल्ली, मुंबई, कोलकत्ता, अहमदाबाद, हैदराबाद सहित देश के अन्य महानगरों एवं प्रमुख शहरों के लिए रेल परिचालन प्रारंभ करने की मांग रखी।

संक्षिप्त खबरें

विद्यालय प्रधानों की हुई बैठक, दिए गए कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश



बैठक करते।

बिस्फी। प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय प्रधानाध्यापकों की बैठक दो पालियो में टीपीसी भवन के सभागार में आयोजित किया गया. बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सह बीईओ वसंत कुमार सिंह ने कि विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए. विद्यालय मे नल जल के स्रोत,चापाकल की स्थिति, किचन सेड,चाहरदिवारी, रंग रोगन की जानकारी दी गई.सभी विद्यालय में मरम्मत और रंग रोगन का कार्य जल्द पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया. शिक्षकों की छुट्टी लेने की प्रक्रिया में हुई बदलाव,बच्चों कि सरकारी योजनाओं के लाभ दिलाने, समन्वयक को सप्ताह में दो बार विद्यालय में जाकर पत्थर-पाठन का अनुश्रवण करने, प्रधानाध्यापक को रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट रखने. को कहा गया.बीडीओ सह बीईओ बसंत कुमार सिंह ने बताय कि कायाकल्पप योजना के तहत विद्यालय के चयन में केवल भवन की स्थिति नहीं बल्कि छात्र छात्राओं की संख्या और उपलब्ध कमरों की संख्या का अनुपात भी देखा जाएगा. कितने अतिरिक्त कमरों की जरूरत है. विद्यालय के पास कितनी जमीन उपलब्ध है. भविष्य में भवन विस्तार की संभावना क्या है. इसकी भी जांच की जाएगी. विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष, छात्राओं के लिए अलग शौचालय सहित अन्य जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता को भी आधार बनाया जाएगा.

बचनू मंडल लगातार चौथी बार बिहार जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए



वचनू मंडल।

मधुबनी। जिलांतर्गत बेनीपट्टी प्रखंड के पाली ग्राम निवासी जदयू के वरिष्ठ नेता बचनू मंडल लगातार चौथी बार बिहार जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के अनुमोदनोपरांत जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विधायक बबलू कुमार मंडल और जदयू के प्रदेश अध्यक्ष विधायक उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा कल दिनांक- 12 अक्टूबर को प्रदेश जदयू कार्यालय पटना में जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर इस आशय की सूचना दी गई। जारी सूची के अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर जदयू के वरिष्ठ नेता बचनू मंडल के पुनर्मनोनयन पर समस्त जदयू एवं एनडीए परिवार में अपार हर्ष है और इस हेतु शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए श्री मंडल को सहर्ष हार्दिक बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है। लगातार चौथी बार प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर जदयू नेता बचनू मंडल ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा,प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, प्रदेश अध्यक्ष अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ बबलू कुमार मंडल, झंझारपुर के माननीय सांसद रामप्रीत मंडल सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि पार्टी द्वारा लगातार चौथी बार मेरे सांगठनिक कार्यक्षमता पर जो भरोसा किया है उन अपेक्षाओं पर खड़ा उतरने का हर संभव प्रयत्न करूंगा तथा संगठन हित में अपनी पूर्ण कार्यक्षमता के साथ प्रदत्त दायित्व के अनुरूप कार्यनिर्वहन का भरसक प्रयास करूँगा। श्री मंडल के मनोनयन पर हरलाखी विधायक सह सत्तारूढ दल के सचेतक सुधांशु शेखर, विधायक मीना कामत, सतीश साह, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेश मिश्र, जिलाध्यक्ष डॉ.संजीव कुमार झा,महानारायण राय,शिवचंद्र झा,जदयू प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार झा बासु,उदयकांत चौधरी,प्रमोद गुप्ता,सुरेंद्र यादव, बिनोद मंडल, रामहित यादव, प्रेमशंकर राय,अशोक मंडल, अविनाश सिंह गौड,सन्नी सिंह, राजा चौधरी सहित दर्जनों नेताओ ने उन्हें हार्दिक शुभकामना देते हुए आशा प्रकट की है कि श्री मंडल के मनोनयन से पार्टी के सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के साथ ही अति पिछड़ा कल्याण कार्य को काफी बल मिलेगा।

मां के दरबार में श्रद्धालुओं की पूरी होती हैं मनोकामनाएं दूर-दराज से पहुंचते हैं भक्त



भगवती माता की फोटो।

बेनीपट्टी। प्रखंड के दामोदरपुर गांव स्थित आदि शक्ति दक्षिण कालिका के रूप में पूजित मां माणिकेश्वरी देवी पुत्रदा के रूप में विख्यात हैं। मान्यता है कि मां के दरबार में सच्चे मन से आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यही कारण है कि मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंचते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, करीब 350 वर्ष पूर्व मां माणिकेश्वरी देवी दामोदरपुर निवासी माणिक मिश्र को स्वप्न में दर्शन देकर मिट्टी के नीचे से निकालकर स्थापित करने का निर्देश दिया था। इसके बाद माणिक मिश्र ने देवी की प्रतिमा को स्वप्न में बताए गए स्थान से निकालकर दामोदरपुर में स्थापित किया। इसी कारण मां को माणिकेश्वरी दुर्गा के नाम से भी जाना जाता है। मंदिर के पुजारी पवन कुमार मिश्र सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि शुरूआत में एक छोटे से मिट्टी के घर में मां की पूजा-अर्चना की जाती थी। समय के साथ श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती गई और लोगों के सहयोग से आज यहां भव्य मंदिर स्थापित है। मां के प्रति लोगों की बढ़ती श्रद्धा के कारण मंदिर में दूर-दराज से भक्तों की भीड़ उमड़ती रहती है।

खजौली प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ एक आवश्यक बैठक



बैठक करते।

खजौली। मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य की सफलता को लेकर बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी चन्दन कुमार ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय खजौली के सभागार में 33-खजौली विधानसभा अंतर्गत खजौली प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ एक आवश्यक बैठक की। इस अवसर उन्होने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण की समाप्ति के बाद विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प के माध्यम से एब्सेंट, शिफ्टेड एवं मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाना है। इसको लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के स्तर से विशेष तिथि का निर्धारण किया गया है। निर्धारित तिथि 18 एवं 25 अक्टूबर 26 तथा एक व आठ नवम्बर 26 को सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ेंगे। बीएलओ अपने क्षेत्र का भ्रमण कर नए मतदाताओं की खोज कर उनका नाम जोड़ेंगे। वहीं 34-बाबूबरही विधानसभा अंतर्गत बाबूबरही विधानसभा के खजौली प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, खजौली सिमरन आजाद ने भी बैठक कर बीएलओ को कैम्प के सफल आयोजन को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिए।

अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर युवाओं ने सीखे जीवन रक्षा के गुर

मॉक ड्रिल व प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

मधुबनी (एनएसबी)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, मधुबनी द्वारा अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर मंगलवार को +2 वाट्सन उच्च विद्यालय, मधुबनी में ह्लआपदा प्रबंधन में युवाओं की भूमिकाह्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता सह आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सतीश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आपदा प्रबंधन में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में कृष्ण कुमार ने प्रथम, अभिनव कुमार ने द्वितीय एवं सत्यम कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफल प्रतिभागियों को मेडल, शील्ड एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में आपदा मित्र आदित्य के नेतृत्व में आपदा मित्रों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा के समय बचाव एवं राहत के उपायों की जानकारी दी। इस दौरान प्राथमिक उपचार, सीपीआर प्रशिक्षण, भूकंप के समय ह्यझुको, ढको और पकड़ोह्न के नियम, सड़क दुर्घटना में घायलों की सहायता, बाढ़ प्रबंधन तथा घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में बचाव के उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, नदियों की स्वच्छता और प्राकृतिक आपदाओं के बीच संबंधों पर भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आपदा मित्रों को मोमेंटो, मेडल एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला युवा अधिकारी अमरेंद्र कुमार अमर ने छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक रहने तथा संकट की स्थिति में सूझबूझ एवं साहस से काम लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण आज के समय की मांग है इसकी जानकारी सबों को होनी चाहिए। आपदा न्यूनीकरण के संबंध मे जिलाधिकारी ने कहा है कि आपदा के प्रभाव को कम करने में जागरूकता, समय पर सही निर्णय और सामूहिक सहभागिता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। युवाओं को आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वयं सुरक्षित रहने के साथ-साथ दूसरों की सहायता के लिए भी तैयार रहना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण एवं जलस्रोतों के संरक्षण को भी आपदा जोखिम न्यूनीकरण से जोड़ते हुए जनभागीदारी पर बल दिया।

कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि शिवशक्ति हीरो के एमडी डॉ. साकेत महासेठ ने युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। वहीं, सम्मानित अतिथि एवं समाजसेवी श्री सुबोध चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक श्रवण प्रधान ने किया। आयोजन को सफल बनाने में स्वयंसेवक सक्सेना कुमार सिंह, रंजीत कुमार राम, शाहिद कुमार, सचिन कुमार, कन्हैया कुमार सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



बच्चे हुए सम्मानित।

शराब पीकर घर में हंगामा करने के आरोप में पप्पू पंडित गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल



गिरफ्तार अभियुक्त।

बिस्फी। जिले के पतौना थाना क्षेत्र अंतर्गत नाहस गांव में शराब पीकर घर में हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नाहस गांव निवासी पप्पू पंडित, पिता राजेंद्र पंडित के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पप्पू पंडित पर शराब पीकर घर में हंगामा करने का आरोप है। मामले की जानकारी मिलने के बाद पतौना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उसे संबंधित कानूनी प्रक्रिया के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की जानकारी दी गई है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में शराब के सेवन और उससे जुड़ी घटनाओं को लेकर एक बार फिर चर्चा शुरू हो गई है। शराब के नशे में घर में हंगामा करने जैसी घटनाओं से पारिवारिक माहौल प्रभावित होने के साथ ही आसपास के लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे मामलों में पुलिस की कार्रवाई को कानून-व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जाता है। बिहार में शराबबंदी कानून लागू है। इसके तहत शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण और परिवहन से संबंधित मामलों में कानून के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई की जाती है। हालांकि, किसी भी मामले में आरोपी के विरुद्ध आरोपों की पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया के तहत ही होती है। पतौना थाना पुलिस की इस कार्रवाई से संबंधित जानकारी में आरोपी का नाम, पिता का नाम और गांव का पता सामने आया है। मामले में पुलिस की ओर से विस्तृत जानकारी या अन्य तथ्यों की पुष्टि उपलब्ध नहीं कराई गई है। फिलहाल, गिरफ्तार पप्पू पंडित को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की जानकारी है।

सकरी प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समिति के निबंधन की प्रक्रिया तेज, प्रथम बोर्ड के 10 सदस्यों का चयन संपन्न

■ डीएम-सह-पदेन अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई कार्रवाई, निबंधन प्रस्ताव अविलंब समर्पित करने का निर्देश



समिति के ग्रुप फोटो।

मधुबनी। सकरी प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समिति लिमिटेड के निबंधन की प्रक्रिया को गति देने तथा आवश्यक वैधानिक औपचारिकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला पदाधिकारी, मधुबनी-सह-पदेन अध्यक्ष, प्रस्तावित सकरी प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समिति लिमिटेड की अध्यक्षता में समिति के निबंधन हेतु प्रस्ताव समर्पित करने के उद्देश्य से प्रथम बोर्ड के लिए 10 प्रबंध समिति सदस्यों का चयन संपन्न हुआ।

इस प्रक्रिया का उद्देश्य प्रस्तावित सहकारी समिति के गठन एवं निबंधन से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाना तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप समिति को संस्थागत स्वरूप प्रदान करना है। प्रथम बोर्ड के सदस्यों के चयन से समिति के निबंधन की दिशा में आवश्यक कार्यवाही को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। प्रथम बोर्ड की सूची में जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा को अध्यक्ष के रूप में अंकित किया गया है। वहीं, प्रबंध समिति के 10 सदस्यों का चयन किया गया है। इस अवसर पर संगठनकर्ता समिति के सदस्यों को निबंधन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रस्तावों को तैयार कर अविलंब निबंधक, सहयोग समितियां, बिहार, पटना के समक्ष समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा निबंधन की प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया है, ताकि आवश्यकता औपचारिकताओं को पूरा करते हुए प्रस्तावित समिति के गठन की कार्रवाई नियमानुसार संपन्न की जा सके। सकरी प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समिति लिमिटेड के निबंधन की दिशा में की गई यह पहल सहकारी संस्था के गठन से संबंधित प्रशासनिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है। अब संगठनकर्ता समिति के सदस्यों को निर्देश के अनुरूप निबंधन प्रस्ताव समर्पित करना है, जिसके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

काशी विश्वनाथ मंदिर में वीआईपी दर्शन के लिए फर्जी विधायक बना भेजा पत्र, प्रथमिकी दर्ज

■ खजौली विधायक बनकर वाराणसी जिला प्रशासन को पत्र भेजने का आरोप, बासोपट्टी थाने में दर्ज हुई एफआईआर

मधुबनी। वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर में सुगम दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए कथित तौर पर फर्जी विधायक बनकर पत्र भेजने के मामले में बासोपट्टी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोप है कि सोनू कुमार झा ने खुद को मधुबनी जिले के खजौली विधानसभा क्षेत्र का वर्तमान विधायक बताते हुए वाराणसी के अपर जिला मजिस्ट्रेट को पत्र भेजा था। मामले की जानकारी बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री सह खजौली विधायक अरुण शंकर प्रसाद के आप्त सहायक अजय शंकर राय ने जगनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदानंद कुमार को लिखित आवेदन देकर दी। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने 25 सितंबर 2026 को खजौली विधानसभा क्षेत्र का वर्तमान विधायक होने का दावा करते हुए वाराणसी जिला प्रशासन को पत्र भेजा था। पत्र में 30 सितंबर 2026 को वाराणसी पहुंचने का उल्लेख करते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर में सुगम दर्शन और आरती में शामिल होने के लिए वीआईपी व्यवस्था उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। शिकायत मिलने के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की गई। जगनगर एसडीपीओ सदानंद कुमार के निर्देश पर बासोपट्टी थानाध्यक्ष कार्तिक भगत ने आरोपी सोनू कुमार झा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एसडीपीओ सदानंद कुमार ने बताया कि खुद को खजौली विधानसभा क्षेत्र का वर्तमान विधायक बताकर वीआईपी दर्शन के लिए पत्र भेजने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई और गिरफ्तारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

शारदीय नवरात्रि के तीसरे दिन, मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा

मधुबनी। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों और मंदिरों में धूमधाम और विधि-विधान के साथ की गई। : मां चंद्रघंटा को शक्ति, शौर्य और शांति की देवी माना जाता है। भक्तों ने विधि-विधान से मां की आराधना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चतुर्थ स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। मां कुष्मांडा को इस सृष्टि की आदिशक्ति और ब्रह्मांड की रचयिता माना जाता है, जिन्होंने अपनी मंद मुस्कान से संपूर्ण अंधकार को दूर कर ब्रह्मांड की रचना की थी। मां कुष्मांडा और विज्ञान का संबंध मुख्य रूप से ब्रह्मांड की उत्पत्ति और ऊर्जा के स्वरूप से जोड़ा जाता है। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब चारों ओर घना अंधकार था और ब्रह्मांड शून्य था, तब मां की मंद मुस्कान से एक 'ऊर्जा का गोला' या 'ब्रह्मांडीय अंडा' उत्पन्न हुआ जिससे पूरी सृष्टि बनी। आधुनिक विज्ञान भी यह मानता है कि संपूर्ण ब्रह्मांड की शुरूआत एक अत्यंत सघन ऊर्जा बिंदु से हुई थी। मां कुष्मांडा का वास सूर्यमंडल के भीतर बताया जाता है, जहां वे सूर्य के प्रचंड तेज और ऊर्जा को नियंत्रित करती हैं। विज्ञान भी सूर्य को इस सौरमंडल में ऊर्जा, प्रकाश और जीवन का मुख्य स्रोत मानता है। ज्योतिष शास्त्र में मां कुष्मांडा को सूर्य ग्रह का नियंत्रक और ऊर्जा देने वाली देवी माना गया है।

लदनियां प्रखंड क्षेत्र के दोनवारी गांव में तीन सौ वर्षों से पूजा



भव्य पंडाल निर्माण।

लदनियां। प्रखंड क्षेत्र के कुमरखत पूर्वी पंचायत अंतर्गत दोनवारी गांव करीब तीन सौ सालों से शारदीय नवरात्र में दुर्गा पूजा का आयोजन होता आ रहा है। यह पूजा मिथिला क्षेत्र में मिट्टी की मूर्ति बनाकर दूर्गा पूजा करने की परम्परा का सबसे प्राचीन और जीवंत उदाहरण है।आज जब बड़े बड़े शहरों में थीम पंडालों की चमक है,तब भी दोनवारी का दुर्गा घर हालात के अनुसार बदला है, फिर भी अपनी पारंपरिक पद्धति को जीवित रखे हुए है।

गांव के प्रसिद्ध बुढ़े पुराने लोगों ने मिथिला क्षेत्र में शोध करने के बाद बताया है कि उस काल में राज दरभंगा में मुख्य रूप से काली पूजा का प्रचलन था, जबकि दोनवारी गांव में उस समय भी टाट फूस के घर में मिट्टी से दुर्गा की प्रतिमा बनाकर विधिवत पूजा की जाती थी। बताया जा रहा है अंग्रेजों के शासन के समय नेपाल जेल में नजर बंद देशभक्तों के द्वारा माता दुर्गा के आराधना के बाद जेल से बेड़ी के मुक्त होने के बाद प्रथम बार दुर्गा पूजा का आयोजन टाटफूस घर में किया गया था।राज दरभंगा ने इस स्थान के महत्व को समझ कर स्वयं नवरात्रि में आकर माता को चांदी का खड्ग भेंट किया था। और नवरात्रि में आवश्यक आर्थिक सहयोग करते थे। लोगों के अनुसार यह सिर्फ 9 -10 दिन की पूजा नहीं है। दशहरा के सभी दिन पंडित एवं ग्रामीण मिलकर दुर्गा सप्तशती का पाठ,भजन कीर्तन करते हैं। और सालोंभर सुबह शाम माता की नित्य आरती की जाती है। यहां दुर्गा पूजा की तैयारी दो महीने पहले से ही शुरू हो जाती है।जिसको लेकर पूजा समिति और पूरे गांव में उत्साह का माहौल रहता है। कहा जाता है कि शरद नवरात्र में जो भी भक्त पूरे नौ दिन पूरे विधि-विधान के साथ मां दुर्गा के नव स्वरूपों की आराधना करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। कहीं कहीं तो चैत मास में भी चैती नवरात्र के नाम से मनाते हैं तो प्रायः हर दुर्गा मंदिर में दूसरा दीपावली से ठीक पहले जिस शरद नवरात्र कहते हैं। दोनों ही नवरात्रि का अलग अलग महत्व है और पूजा विधि भी अलग-अलग है। शास्त्रों के अनुसार सभी जीव-जंतुओं में चेतना के रूप में मां दुर्गा देवी तुम स्थित हो। ऐसे में नवरात्र के नौ दिन अलग-अलग स्वरूपों को निहारते हुए उनकी आराधना की जाती है। नवरात्र के नौ दिनों में पहले दिन पहला स्वरुप शैलपुत्री,दूसरा दिन ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन चंद्रघंटा, चौथे दिन कुष्मांडा, पांचवें दिन स्कंदमाता, छोटे दिन कात्यायनी, सातवां दिन कालरात्रि, आठवें दिन महागौरी, नौवें दिन सिद्धिदात्री का है।इन नौ स्वरूपों की पूजा में हृदय को शुद्ध और चित को विशुद्ध बनाने के लिए अनुष्ठान करना चाहिए। शरद नवरात्रि शक्ति उपासना का पर्व है। लोगों के अनुसार दोनवारी गांव के माता भगवती स्थान में सच्चे दिल से आने वाले लोगों का मनोकामना पूर्ण होता है,यही कारण है कि यहां मिट्टी की मूर्ति बनाने व पूजा पाठ के लिए लोगों का लंबी कतार है।दोनवारी गांव की पहचान सिर्फ स्वतंत्रता सेनानियों ही नहीं है बल्कि यहां की दुर्गा पूजा का इतिहास लगभग 300 वर्ष पुराना माना जाता है,जिसकी जननी दोनवारी की प्रसिद्ध बड़ी दुर्गा महारानी मानी जाती है।इसी महान, गौरवशाली और पवित्र परंपरा की सबसे तेजस्वी और जागृत धारा है दोनवारी की दूर्गा महारानी मंदिर जो लगभग 300 वर्षों से क्षेत्र के लोगों की आस्था, विश्वास और भक्ति का सबसे बड़ा केंद्र बनी हुई है। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो पूराने जिला दरभंगा का सबसे पहले अब मधुबनी जिला के लदनियां प्रखंड क्षेत्र के दोनवारी में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी।उस समय से चली आ रही भक्ति की अविरल धारा से प्रेरित होकर जिले के कोने कोने में माता रानी आराधना शुरू हुई। इस मंदिर में निशा पूजा दिन में होता है, सैकड़ों के संख्या में डंडप्रणामी आते हैं। यहां खोइंच भरने उमड़ती है सुहागिनों का जनसैलाब। इस मंदिर में बलि प्रदान नहीं होता है।

महवल मेगा लेदर फुटवेयर एंड एसेसरीज पार्क का 15 को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे उद्घाटन

रोजगार और निवेश को मिलेगी नई उड़ान

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीएम और एसएसपी ने औद्योगिक पार्क का किया निरीक्षण



महवल लेदर पार्क का निरीक्षण करने पहुँचे डीएम एवं एसएसपी।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार के औद्योगिक नक्शे पर मुजफ्फरपुर की नई पहचान बनाने की तैयारी तेज हो गई है। मोतीपुर प्रखंड के महवल स्थित नवनिर्मित मेगा लेदर फुटवियर एंड एसेसरीज पार्क का 15 अक्टूबर को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी सिलसिले में जिलाधिकारी कुमार गौरव और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र ने वरीय अधिकारियों के साथ बियाडा परिसर में विकसित हो रहे इस औद्योगिक पार्क का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्माण कार्य, बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

62 एकड़ में तैयार हुआ औद्योगिक विकास का नया ठिकाना : मोतीपुर के बियाडा परिसर में करीब 62 एकड़ जमीन पर विकसित किया जा रहा यह पार्क बिहार में लेदर, फुटवियर और एसेसरीज उद्योग को नई रफ्तार देने की क्षमता रखता है। पार्क को दो कैंपस में विकसित किया गया है। यहां आंतरिक सड़क, नाला, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग, वे-ब्रिज और पावर सब-स्टेशन जैसी सुविधाएं तैयार की गई हैं, ताकि उद्यमियों को कारोबार शुरू करने में सहूलियत मिले और औद्योगिक गतिविधियों का संचालन सुचारू ढंग से हो सके। पहले कैंपस में प्रशासनिक भवन, मानव संसाधन विकास भवन, सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर भवन और तीन प्लग एंड प्ले शेड बनाए गए हैं। इन सुविधाओं का मकसद निवेशकों को तैयार औद्योगिक ढांचा उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें इकाई स्थापित करने के लिए शुरूआती बुनियादी व्यवस्था पर कम मशक्कत करनी पड़े।

कई कंपनियों को मिली जगह, 44 प्लॉट अब भी खाली : बियाडा से मिली जानकारी के अनुसार प्लग एंड प्ले शेड में बी एम एम जे एंड संस प्रा लि को करीब 15,500 वर्गफीट, पटना लेदर को लगभग 46,500 वर्गफीट और देव हैंडी क्राफ्ट को 3,875 वर्गफीट जगह आवंटित की गई है। फिलहाल 13 ब्लॉक आवंटन के लिए उपलब्ध बताए गए हैं। पहले भवन के भूतल के चार ब्लॉक कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) के लिए आरक्षित हैं।इसके अलावा सॉल्वर्क फुटवेयर प्रा लि को 15,000 वर्गफीट और एबीसी लेदर को कुल 87,120 वर्गफीट जमीन आवंटित की गई है। पार्क में अभी 44 खाली भूखंड मौजूद हैं, जिनका कुल रकबा 23.34 एकड़ है। इन भूखंडों पर नए उद्योगों की स्थापना और निवेश की संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। निरिक्षण के दौरान जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि महवल का मेगा लेदर पार्क जिले के औद्योगिक विकास की दिशा में अहम पहल है। इससे लेदर और फुटवियर कारोबार को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होने की उम्मीद है। निवेश बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल सकती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की भी समीक्षा की गई है। यह परियोजना मुजफ्फरपुर को औद्योगिक निवेश के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम साबित हो सकती है। हालांकि, रोजगार और निवेश पर इसका वास्तविक असर आने वाले समय में उद्योगों की स्थापना और संचालन पर निर्भर करेगा।

गुरुद्वारे की मर्यादा से लेकर पत्रकारों की आवाज तक सवालों के घेरे में व्यवस्था

दोनों मामले की निष्पक्ष जांच कराए सरकार : वशीम अहमद



मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान गुरुद्वारा बंगला साहिब से जुड़ा विवाद और पत्रकारों को हिरासत में लिए जाने की घटनाओं ने धार्मिक मर्यादा, नागरिक अधिकारों तथा प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इन दोनों मामले की सरकार जांच कराए और दोनों मामले को लेकर उत्पन्न हुए सवालों का जबाब दे। दिल्ली प्रदर्शन के दौरान गुरुद्वारा परिसर में पुलिसकर्मियों के जूते पहनकर घुसने और प्रदर्शन का कवरेज कर रहे पत्रकारों को हिरासत में लिए जाने के मामले को लेकर राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव सह राष्ट्रीय प्रवक्ता वशीम अहमद मुन्ना ने केंद्र सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उपर्युक्त दोनों मामले को लेकर ऊठे सवाल का केंद्र सरकार से जबाब माँगा है।

साथ हीं इन दोनों मामले की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मंदिर मस्जिद या गुरुद्वारा में जूते चप्पल पहनकर जाना धर्म के खिलाफ है, यह सभी लोग मानते हैं। लेकिन प्रदर्शन के दौरान जूते पहनकर पुलिस का गुरुद्वारा बंगला साहिब में घुसकर धर्म की मर्यादा का उल्लंघन के मुद्दे पर व्यवस्था और सरकार चुप क्यों है। उन्होंने कहा कि गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने भी प्रदर्शनकारियों पर धार्मिक स्थल की मर्यादा भंग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। वशीम अहमद मुन्ना ने पत्रकारों को प्रदर्शन के दौरान हिरासत मे लिए जाने तथा पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने और धक्का मुक्की किए जाने पर भी सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की पवित्रता और पत्रकारों की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक समाज के महत्वपूर्ण आधार हैं। किसी भी धार्मिक स्थल की मयार्दा का उल्लंघन नहीं होना चाहिए और पत्रकारों को अपना काम करने से रोकने या उनके साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

मुजफ्फरपुर में फिर गरजा बुलडोजर, हत्या के आरोपी का घर पुलिस ने किया कुर्क

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले में उत्तर प्रदेश की तर्ज पर मुजफ्फरपुर पुलिस ने मंगलवार को हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों के खिलाफ अदालत के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई करते हुए दोनों के घर पर बुलडोजर चलवाया। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से इलाके के अपराधियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार शिवाईपट्टी थाना पुलिस ने जनवरी 2026 मे हुई हत्या के मामले में दर्ज कांड संख्या 10/26 के लंबे समय से फरार चल रहे दो नामजद आरोपी उमेश कुमार और दिलीप कुमार के अबतक गिरफ्तार नहीं होने या अदालत मे आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में अदालत द्वारा दिए गए निर्देश पर मंगलवार को कुर्की जब्ती की कार्रवाई की। भारी संख्या में पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में आरोपियों के घर पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के घर को बुलडोजर से ध्वस्त करते हुए कुर्की जब्ती की।



आरोपी के घर पर बुलडोजर चला पुलिस ने की कुर्की जब्ती की कार्रवाई।

एसयूसीआई नेता शिवचंद्र सिंह की स्मृति में हुई श्रद्धांजलि सभा, पार्टी के सदस्यों ने किया याद

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला कमिटी सदस्य रहे दिवंगत शिवचंद्र सिंह की स्मृति में मंगलवार को मोतीझील स्थित पार्टी के सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के बिहार राज्य सचिव एवं केन्द्रीय कमिटी सदस्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि शिवचंद्र सिंह छात्र जीवन में ही कामरेड शिवदास घोष के विचारों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए। वह 1974 का समय था जब पूरे देश में आंदोलन चल रहा था। शिवचंद्र सिंह भी कामरेड शिवदास घोष के विचार के आधार पर इस आंदोलन में शामिल हुए और कई बार जेल गए। उन्होंने मुजफ्फरपुर जिले में छात्र संगठन एआईडीएसओ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे पार्टी के नेतृत्व में आयोजित सभी जन आंदोलनों में बढ़-चढ कर हिस्सा लेते थे एवं उसे सफल बनाने का पुरा प्रयास करते थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुजफ्फरपुर जिला कमिटी (नगर) के सचिव अमन कुमार झा ने किया। इस मौके पर दिवंगत शिवचंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पश्चिम बंगाल राज्य सचिवमंडल के सदस्य सुब्रत गौरी, बिहार राज्य कमिटी सदस्य साधना मिश्रा, अर्जुन कुमार, लालबाबू महतो, नरेश राम, लालबाबू राय, शशिभूषण चौधरी, लालबाबू सहनी, रवि कुमार, काशीनाथ सहनी, नरेश राम, अरविंद कुमार, माधव भक्त, विपिन कुमार ठाकुर, कुमोद राम सहित बड़ी संख्या मे उपस्थित पार्टी के सदस्यों ने शिवचंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते वक्ता।

दुर्गा पूजा समितियों के साथ प्रशासन की बैठक

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। दुर्गा पूजा के अवसर पर शहर में शांति, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नगर-1 ने शहर की दुर्गा पूजा समितियों के साथ बैठक की। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और शांतिपूर्ण माहौल में पूजा संपन्न कराने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रशासन की ओर से पूजा समितियों से आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने और व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई।



एसटीएफ ने कुख्यात अपराधी मनीष साहनी को मोतीपुर से दबोचा, हत्या समेत तीन मामले दर्ज

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार पुलिस मुख्यालय की विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की टीम ने मुजफ्फरपुर जिले में कार्रवाई करते हुए हत्या और आर्म्स एक्ट के मामलों में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त मनीष साहनी को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर 12 अक्टूबर 2026 को मोतीपुर थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान साहेबगंज थाना क्षेत्र के रसूलपुर निवासी स्वर्गीय राघो साहनी के पुत्र मनीष साहनी के रूप में हुई है। वह मोतीपुर थाना कांड संख्या 281/26, दिनांक 24 जुलाई 2026 में नामजद और वांछित था। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 61(2), 3(5) और आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत मामला दर्ज है। एसटीएफ से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है। मुजफ्फरपुर जिले के विभिन्न थानों में उसके खिलाफ हत्या और अवैध हथियार रखने सहित तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। एसटीएफ की कार्रवाई के बाद गिरफ्तार अभियुक्त को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया है। बरामद मोबाइल फोन की तकनीकी जांच की जा रही है।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी यूपी के देवरिया से धराया

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। साइबर पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए उत्तर प्रदेश के देवरिया से टीपू कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गिरोह ने सीबीआई और पुलिस अधिकारी बनकर रागिनी देवी को फोन कर परिवार के किसी सदस्य की गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनसे 3.47 लाख रुपये ठग लिए। इस मामले में साइबर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के निवासी टीपू कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसके पास से ठगी में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन बरामद किया है। इस मामले की जानकारी साइबर डीएसपी हिमांशु कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि

पिछले कुछ दिनों से साइबर अपराधी पुलिस अधिकारी बनकर आम लोगों को लगातार फोन कर रहे हैं। इस दौरान शातिर अपराधी परिवार के किसी सदस्य की गिरफ्तारी की बात कहकर लोगों को डराते हैं और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करते हैं। इसी क्रम में रागिनी देवी नाम की महिला को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय व्हाट्सएप नंबरों से फोन किया गया। कॉल करने वालों ने खुद को सीबीआई अधिकारी और पुलिसकर्मी बताया। इसके बाद गिरफ्तारी का डर दिखाकर उनसे कुल 3,47, 999 रुपये की ठगी कर ली। मामले की जांच के दौरान पुलिस को कई अन्य म्यूल खातों की जानकारी मिली है। इन खातों से जुड़े मामलों में ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं। साइबर पुलिस की टीम ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और विभिन्न बैंकों में इस्तेमाल किए गए म्यूल खातों का विश्लेषण किया। इसके बाद ठगी में इस्तेमाल किए गए बैंक खाते के धारक की पहचान टीपू कुशवाहा के रूप में हुई। पुलिस ने उसे उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।



मामले की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

मुजफ्फरपुर से अपहृत चिटफंड कंपनी का संचालक व साथी यूपी से सकुशल बरामद

गाजीपुर में बंधक बनाकर रखे गए थे दोनों, स्थानीय पुलिस की मदद से छुड़ाया, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

संचालक पर 3500 से अधिक निवेशकों से करोड़ों की ठगी का आरोप



पुलिस गिरफ्त में अपहरणकर्ता।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के सदर थाना क्षेत्र के रामदयालु-भिखनपुरा इलाके से अपहृत उत्तर प्रदेश की चिटफंड कंपनी अंजली फाउंडेशन के संचालक संतोष कुमार यादव और उसके साथी रतन कुमार झा को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों को अपहरण के बाद उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले में ले जाकर बंधक बनाकर रखा गया था। मुजफ्फरपुर सदर थाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश की बरेसर थाना पुलिस के सहयोग से कार्रवाई कर दोनों को मुक्त कराया।

बरामदगी के दौरान बरेसर थाने पर 100 से अधिक लोगों की भीड़ जुट गई थी। भीड़ में शामिल लोग कंपनी संचालक पर करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए विरोध जता रहे थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सुरक्षित मुजफ्फरपुर पहुंचाया। इस मामले में पटना के कदमकुआं निवासी डॉली कुमारी के लिखित बयान पर सदर थाने में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के बरेसर थाना क्षेत्र के सिऊरी अहमक निवासी देवचंद्र सिंह यादव को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा अनुज कुमार मिश्रा, अजय यादव और रामदुलार यादव को भी नामजद किया गया है। पुलिस अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार देवचंद्र सिंह यादव ने आरोप लगाया कि संतोष कुमार यादव ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर, मुहम्मदाबाद और बरेसर में अंजली फाउंडेशन के कार्यालय खोल रखे थे। कंपनी के माध्यम से लोगों को हर महीने साढ़े 18 प्रतिशत ब्याज देने और जमा राशि दोगुनी करने का प्रलोभन दिया जाता था। आरोप है कि शुरूआत में कुछ महीनों तक निवेशकों को मुनाफे की रकम लौटाई गई, लेकिन बाद में भुगतान बंद कर दिया गया। इसके बाद कार्यालयों में ताला लगाकर संचालक फरार हो गया।

देवचंद्र के अनुसार, उसे अकेले एक करोड़ रुपये से अधिक की रकम की कथित ठगी का नुकसान हुआ है। आरोप है कि कंपनी संचालक पहचान छिपाकर मुजफ्फरपुर के एक होटल में रह रहा था। गाजीपुर के पीड़ित निवेशकों का आरोप है कि अंजली फाउंडेशन के जरिए 3500 से अधिक लोगों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई है। इस संबंध में गाजीपुर कोतवाली थाने में पहले से प्राथमिकी दर्ज है। आरोप है कि निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कंपनी की ओर से घड़ी और सोने की चेन सहित विभिन्न उपहार देने की योजनाएं भी चलाई जाती थीं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अपहरण में शामिल अन्य आरोपितों की भूमिका और निवेशकों से कथित रूप से ली गई रकम के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

वेतनमान और बकाया अनुदान नहीं मिलने से संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकों में आक्रोश

तिरहुत शिक्षक निर्वाचन में पड़ सकता है असर

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार के संबद्ध महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहे हैं। सरकार की ओर से वेतनमान की मांग पर ठोस निर्णय नहीं होने, बकाया अनुदान का भुगतान लंबित रहने तथा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों को पारिश्रमिक नहीं मिलने से शिक्षकों में गहरी निराशा और आक्रोश व्याप्त है। शिक्षकों की यह नाराजगी आगामी तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। राजनीतिक और शैक्षणिक हलकों में इस बात की चर्चा है कि यदि संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक अपनी नाराजगी के कारण चुनावी प्रक्रिया से दूरी बनाते हैं अथवा अपने मताधिकार का अलग ढंग से इस्तेमाल करते हैं, तो चुनावी समीकरण प्रभावित हो सकते हैं।

वेतनमान और सेवा सुरक्षा की मांग पर टिकी निगाहें : संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक लंबे समय से सम्मानजनक वेतनमान, नियमित आर्थिक सहायता, बकाया अनुदान के समयबद्ध भुगतान और सेवा संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग करते रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि उच्च शिक्षा के विस्तार में संबद्ध महाविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा देने के साथ-साथ विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा संचालन और मूल्यांकन कार्यों में भी योगदान देते हैं। इसके बावजूद उनकी आर्थिक स्थिति और सेवा संबंधी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाना चिंताजनक है। शिक्षकों के बीच यह सवाल लगातार उठ रहा है कि जब उनसे नियमित शैक्षणिक कार्यों और विश्वविद्यालय की विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कराया जाता है, तो उनके आर्थिक हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं। वेतनमान और बकाया अनुदान के मामले में लंबे समय से समाधान की प्रतीक्षा कर रहे शिक्षकों की उम्मीदें अब निराशा में बदलती दिखाई दे रही हैं।

बकाया अनुदान ने बढ़ाई आर्थिक परेशानी, दुर्गा पूजा पर भी संकट : बकाया अनुदान का भुगतान नहीं होने से संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों और उनके परिवारों के सामने आर्थिक चुनौतियां बढ़ गई हैं। त्योहारों के समय परिवार की जरूरतें, बच्चों की पढ़ाई, घरेलू खर्च और अन्य आवश्यक जिम्मेदारियां पूरी करना कठिन हो रहा है। दुर्गापूजा जैसे महत्वपूर्ण पर्व के अवसर पर भी आर्थिक तंगी के कारण कई शिक्षकों के उत्साह पर असर पड़ने की आशंका है।

एसकेएमसीएच : इमरजेंसी से गायब मिले चार चिकित्सक , अधीक्षक ने जारी किया नोटिस

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। एसकेएमसीएच के इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों की ड्यूटी से अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया है। अधीक्षक डॉ. महेश प्रसाद के औचक निरीक्षण में चार चिकित्सक अपने ड्यूटी स्थल पर नहीं मिले। इनमें दो सीनियर और दो जूनियर रेजिडेंट शामिल हैं। इस पर अधीक्षक ने नाराजगी जताते हुए चारों चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उनका वेतन काटने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार, इमरजेंसी वार्ड में रोस्टर के तहत कान, नाक एवं गला विभाग की सीनियर रेजिडेंट डॉ. दिव्या भारती, हड्डी रोग विभाग के डॉ. निशांत कुमार, जूनियर रेजिडेंट डॉ. इमरान अंसारी और सर्जरी विभाग के जूनियर रेजिडेंट डॉ. वेद भूषण की ड्यूटी निर्धारित थी। इसके बावजूद सुबह करीब साढ़े 11 बजे निरीक्षण के दौरान चारों चिकित्सक ड्यूटी स्थल पर मौजूद नहीं मिले। अधीक्षक ने संबंधित चिकित्सकों को फोन कर संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। अधीक्षक को कान, नाक एवं गला के साथ आंख विभाग के चिकित्सकों के भी इमरजेंसी ड्यूटी से लगातार अनुपस्थित रहने की शिकायत मिली थी। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों के नहीं मिलने पर उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। अधीक्षक ने कहा कि अनुपस्थित चिकित्सकों के संबंध में विभागाध्यक्षों से पूरी रिपोर्ट मांगी जा रही है। ड्यूटी स्थल से चिकित्सकों का अनुपस्थित रहना मरीजों के प्रति उनकी जिम्मेदारी में कमी को दर्शाता है। अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि विभागों की निगरानी में किसी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इमरजेंसी वार्ड में दूर-दराज से गंभीर हालत में पहुंचने वाले मरीजों को समय पर इलाज मिलना जरूरी है। चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

जमानत के बाद भी मुशहरी के निलंबित सीओ की बढ़ीं मुश्किलें

सदर और मुसहरी थाने में नए केस दर्ज



जमानत मिलने के बाद कोर्ट से निकलते निलंबित मुशहरी के निवर्तमान सीओ महेंद्र शुक्ला।

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बिहार के मुजफ्फरपुर में फर्जी दाखिल-खारिज और भू-माफियाओं से कथित साठगांठ के मामले में मुसहरी के अंचल अधिकारी महेंद्र शुक्ला को फिलहाल अदालत ने जमानत दे दी है। उन्हें वरी भी कर दिया गया है। लेकिन उनकी मुश्किलें और बढ़ती जा रही हैं। पूर्व के मामले में जमानत मिलने के बावजूद उन्हें राहत मिलती नहीं दिख रही है। कोर्ट के आदेश पर सदर और मुसहरी थाने में उनके खिलाफ नए मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों के सामने आने के बाद पुलिस की जांच का दायरा बढ़ने की संभावना है।

मुजफ्फरपुर में जमीन से जुड़े कथित फजीर्वाड़े और भू-माफियाओं के साथ सांठगांठ के आरोपों ने प्रशासनिक महकमे में हलचल पैदा कर दी है। इस मामले में सीओ और आरओ (राजस्व अधिकारी) को जमानत मिल चुकी है। हालांकि, जमानत मिलने के बाद भी संबंधित मामले में कानूनी कार्रवाई समाप्त नहीं हुई है। कोर्ट के आदेश पर सदर और मुसहरी थाने में निलंबित सीओ के खिलाफ नए मामले दर्ज किए गए हैं। ऐसे में अब इन मामलों की अलग-अलग परिस्थितियों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच की जाएगी। पुलिस की जांच में यह स्पष्ट करने की कोशिश होगी कि दर्ज मामलों में किन तथ्यों और आरोपों की पुष्टि होती है। सदर और मुसहरी थाने में नए केस दर्ज होने के बाद इस कार्रवाई से सीओ की कानूनी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दोनों थानों में दर्ज मामलों की जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों, जमीन के रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों की पड़ताल की जा सकती है।

हालांकि, उपलब्ध जानकारी में नए मामलों की धाराओं, प्राथमिकी संख्या और शिकायतकर्ताओं के नाम का विस्तृत ब्योरा सामने नहीं आया है। इसलिए इन मामलों में लगे विशिष्ट आरोपों और आगे की कार्रवाई के संबंध में अंतिम निष्कर्ष जांच के बाद ही निकाला जा सकेगा।

पूरा मामला जमीन के दाखिल-खारिज में कथित फजीर्वाड़े और भू-माफियाओं से साठगांठ के आरोपों से जुड़ा है। दाखिल-खारिज की प्रक्रिया में जमीन के स्वामित्व से संबंधित राजस्व रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने या बदलाव करने की कार्रवाई की जाती है। ऐसी प्रक्रिया में किसी तरह की कथित अनियमितता सामने आने पर जमीन के वास्तविक मालिकाना हक, राजस्व रिकॉर्ड और संबंधित प्रशासनिक प्रक्रिया की जांच महत्वपूर्ण हो जाती है। इस मामले में भी पुलिस को आरोपों से जुड़े तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करनी होगी। मामले को लेकर मुजफ्फरपुर के एसएसपी ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का यह बयान ऐसे समय आया है, जब कोर्ट के आदेश पर सदर और मुसहरी थाने में नए मामले दर्ज किए गए हैं।एसएसपी के बयान से संकेत मिलता है कि मामले की जांच को गंभीरता से लिया जा रहा है। हालांकि, जांच की वर्तमान स्थिति, आगे होने वाली कार्रवाई और आरोपियों के संबंध में विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने आने के बाद ही तस्वीर पूरी तरह स्पष्ट होगी। फिलहाल इस मामले में जमानत मिलने के बावजूद सीओ के खिलाफ नए केस दर्ज होने से कानूनी चुनौतियां बनी हुई हैं। पुलिस की जांच और संबंधित साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। अब सबकी नजर इस बात पर है कि सदर और मुसहरी थाने में दर्ज नए मामलों की जांच में क्या तथ्य सामने आते हैं और पुलिस आगे क्या कदम उठाती है।

पर्व-त्योहारों के मद्देनजर लाभुकों को समय पर उपलब्ध कराएं खाद्यान्न : जिलाधिकारी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राशन कार्ड निर्गमन, लाभुकों के ई-केवाईसी तथा जन वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी राशन कार्डधारियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस कार्य में तेजी लाने तथा पात्र लाभुकों को सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

राशन कार्ड निर्गमन में तेजी लाने का निदेर्श : बैठक में राशन कार्ड निर्माण एवं निर्गमन की प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में ऑनलाइन प्रविष्टियों के विरुद्ध अब तक 56 प्रतिशत राशन कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। अनुमंडलवार स्थिति के अनुसार, बेलसंड अनुमंडल में 67 प्रतिशत, पुपरी अनुमंडल में 53.80 प्रतिशत तथा सदर अनुमंडल में 55.45 प्रतिशत राशन कार्ड निर्गत किए गए हैं।


जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

राशन कार्ड निर्गमन एवं ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने का निर्देश, शत-प्रतिशत ई-केवाईसी करने पर जोर

जिलाधिकारी ने आगामी पर्व-त्योहारों के मद्देनजर शेष राशन कार्डों के निर्गमन एवं वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए इसका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर राशन कार्ड उपलब्ध हो सके और वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

पर्व-त्योहार पर समय से मिले खाद्यान्न : जिलाधिकारी ने भारतीय खाद्य निगम एवं राज्य खाद्य निगम से संबंधित आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिला प्रबंधक, एसएफसी को निर्देश दिया कि जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को निर्धारित समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए खाद्यान्न के उठाव एवं वितरण में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए, ताकि सभी लाभुकों को समय पर राशन मिल सके और वे हर्षोल्लास के साथ त्योहार मना सकें। उन्होंने आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री सुनील कुमार सिन्हा, एसएफसी प्रबंधक श्री अभिराम त्रिवेदी,जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रोजेक्ट इंजीनियर श्री अमित कुमार, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सभी गोदाम प्रबंधक उपस्थित थे।

जुलूस के लिए लाइसेंस अनिवार्य


शांति समिति की बैठक में एसडीओ, एसडीपीओ एवं शांति समिति के अन्य सदस्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। आगामी दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर परिहार प्रखंड के बराही पंचायत भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सदर अनुमंडल पदाधिकारी आनंद कुमार ने की। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के अलावा जनप्रतिनिधियों और स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

बैठक में एसडीओ एवं एसडीपीओ ने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। सभी पूजा समितियों एवं आयोजकों को निर्धारित नियमों का पालन करना होगा। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पूर्व जिला पार्षद प्रो. गौहर सिद्दीकी ने भरोसा जताया कि बराही पंचायत में इस वर्ष भी दुर्गापूजा आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाई जाएगी। उन्होंने सामाजिक सद्भाव की परंपरा कायम रखने की अपील की। बैठक में बीडीओ, थानाध्यक्ष पंकज कुमार यादव, सरपंच भूपेंद्र नायक, मुखिया पति वीरेंद्र गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य दीप नारायण मंडल व जीतेंद्र नायक, उपमुखिया इब्राहीम राइन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

कायाकल्प अभियान से बदल रही स्वास्थ्य संस्थानों की तस्वीर, मरीजों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सरकार के निर्देश के आलोक में जिले में कायाकल्प अभियान को धरातल पर उतारने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार विभिन्न विभागों के समन्वय से



जिले के स्वास्थ्य संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, सुदृढ़ीकरण, मरम्मती एवं रंग-रोगन का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य संस्थानों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित, आकर्षक एवं सुविधायुक्त बनाना है, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। इन प्रयासों से न केवल स्वास्थ्य संस्थानों की तस्वीर बदल रही है, बल्कि मरीजों एवं उनके परिजनों को भी अधिक सुविधाजनक और सकारात्मक वातावरण मिल सकेगा। कायाकल्प अभियान — बेहतर बुनियादी सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की ओर एक सार्थक पहल है।

भाजपा ने मणिपुर के कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम के विरोध में निकाला आक्रोश मार्च

सीतामढ़ी (एनएसबी)। मणिपुर के कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम पर छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के मामले में जेएनयू प्रकरण पर भाजपा, सीतामढ़ी ने आक्रोश मार्च निकाला। मार्च की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष



सुभाष केसरी ने की। इस दौरान जिला महामंत्री संदीप राय, जिला मंत्री ज्ञानेन्द्र कुमार एवं अवनीश कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव कुमार, महामंत्री वीरू कुमार, उपाध्यक्ष अंशु झा, आरके नारायण, निराला जी, मोनू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश जताया और सांसद को पार्टी से निलंबित करने की मांग की। भाजपा के मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता रमण कुमार श्रीवास्तव ने कांग्रेस पर महिला विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे गंभीर मामले में संबंधित सांसद के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सांसद को बर्खास्त करने की मांग की। आक्रोश मार्च में शामिल कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर लेकर "कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा उजागर" के नारे लगाए।

मुख्य न्यायाधीश का विपक्षी सांसदों से मिलने से इनकार न्यायिक मर्यादा के अनुरूप : विमल शुक्ला

सीतामढ़ी (एनएसबी)। विपक्षी दल के नेता द्वारा 200 सांसदों के साथ सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से मिलने के लिए समय मांगने और मुख्य न्यायाधीश


पूर्व लोक अभियोजक विमल शुक्ला।

द्वारा इससे इनकार किए जाने को पूर्व लोक अभियोजक विमल शुक्ला ने न्यायिक दृष्टिकोण से उचित ठहराया है। उन्होंने कहा कि समाचार माध्यमों से मिली जानकारी के अनुसार, विपक्षी दल के नेता ने जिन मुद्दों पर मुख्य न्यायाधीश से मिलने का समय मांगा था, वे मामले पहले से ही सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। ऐसे में न्यायिक प्रक्रिया के तहत विचाराधीन मामलों को लेकर मुख्य न्यायाधीश से अलग से मुलाकात करना उचित नहीं होता। इसलिए उनका मिलने से इनकार करना न्यायिक दृष्टिकोण से पूरी तरह सही है। विमल शुक्ला ने कहा कि भारतीय संविधान की भावना के अनुरूप न्यायपालिका की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक गतिविधियों के साथ-साथ न्यायिक संस्थाओं की मयार्दा का सम्मान भी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। न्यायालय की गरिमा और संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा बनाए रखना लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए आवश्यक है।

लोक शिकायत में नगर निगम का जवाब अधूरा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। दुर्गा पूजा से पहले शहर को जलजमाव से राहत दिलाने और नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था दुरुस्त करने से जुड़े परिवाद पर सोमवार को जिला लोक शिकायत निवारण कार्यालय में सुनवाई हुई। नगर निगम की ओर से उपस्थित अधिकारी साक्ष्य सहित बिंदुवार जवाब नहीं दे सके और समय मांगा। मामले की अगली सुनवाई 2 नवंबर 2026 को होगी। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार दर्ज परिवाद में नाला सफाई, सीवरेज, सड़क, स्ट्रीट लाइट, पार्क, पंपिंग हाउस की तैयारी, कार्यों के बंटवारे, अधिकारियों की जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। सुनवाई में परिवादी अधिवक्ता अरुण कुमार शुक्ला ने कानूनी नोटिस समेत संबंधित दस्तावेज और दिशा बैठक की कार्यवाही प्रस्तुत की। नगर आयुक्त की ओर से सूचना का अधिकार अनुभाग के अधिकारी मोहम्मद अली मुतुर्जा एवं कार्यालय सहायक आदित्य कुमार उपस्थित हुए।

दुर्गा पूजा को लेकर विद्युत विभाग अलर्ट, सभी प्रखंडों में पूजा पंडालों का किया जा रहा निरीक्षण

पूजा पंडालों में सुरक्षित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा (दशहरा)-2026 के अवसर पर जिले में सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सजग है। जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में स्थित दुर्गा पूजा पंडालों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान विद्युत सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच के साथ आवश्यक सुधारात्मक कार्य भी कराए जा रहे हैं।

विद्युत विभाग, सीतामढ़ी के कार्यपालक अभियंता समीर कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम पूजा पंडालों का भ्रमण कर विद्युत व्यवस्था का जायजा ले रही है। निरीक्षण के क्रम में ढीले एवं जर्जर विद्युत तारों को दुरुस्त करने, विद्युत कनेक्शन की स्थिति की जांच करने तथा पूजा पंडालों में सुरक्षित विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही पूजा समितियों के सदस्यों को विद्युत सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी जा रही है। उन्हें विद्युत तारों एवं उपकरणों के सुरक्षित उपयोग, अस्थायी विद्युत कनेक्शन में सतर्कता बरतने तथा किसी भी प्रकार की विद्युत संबंधी समस्या सामने आने पर तत्काल विभाग को सूचित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

विद्युत व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग : जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में विद्युत व्यवस्था की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। इसका उद्देश्य पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ बिजली आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखना है, ताकि पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य धार्मिक गतिविधियों के आयोजन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।


पूजा पंडालों का भ्रमण कर विद्युत व्यवस्था का जायजा लेते विद्युत विभाग के अधिकारी व अन्य।

जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को पर्व के दौरान पूरी तत्परता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। विद्युत विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर आवश्यक सुधारात्मक कार्यों को पूरा करने में जुटी है। जिला प्रशासन की अपीलः पूजा समितियां विद्युत सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें तथा किसी भी प्रकार की ढीली वायरिंग, जर्जर तार या अन्य विद्युत संबंधी समस्या की सूचना तत्काल विद्युत विभाग को दें। सुरक्षित विद्युत व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन के साथ सहयोग करें, ताकि दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हो सके।

दुर्गा पूजा को लेकर सोनबरसा में निकला फ्लैग मार्च


पूजा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसडीओ, एसडीपीओ व अन्य।

सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोनबरसा प्रखंड में प्रशासनिक सक्रियता तेज हो गई है। मंगलवार को एसडीएम आनंद कुमार और एडीशनल एसपी आशीष आनंद के संयुक्त नेतृत्व में पुलिस बल ने प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजारों, संवेदनशील चौक-चौराहों और भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान अधिकारियों ने पूजा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। फ्लैग मार्च में बीडीओ डॉ. मृत्युंजय कुमार, सीओ पंकज कुमार सहित स्थानीय थानों की पुलिस शामिल रही। फ्लैग मार्च के जरिए प्रशासन ने आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया औरअसामाजिक तत्वों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। अधिकारियों ने पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पंडालों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने और स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दुर्गा पूजा को लेकर एसपी ने देर शाम प्रमुख चौराहों व चेक पोस्ट का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने सोमवार को प्रमुख चौक-चौराहों एवं विभिन्न चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ वाहन जांच अभियान की भी समीक्षा की।

एसपी ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच सुनिश्चित करने, नियमित गश्ती करने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दुर्गा पूजा के दौरान सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी बनाए रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सीतामढ़ी पुलिस ने दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा श्रद्धालुओं और आमजनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।


सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक अमित रंजन।

अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर उच्च माध्यमिक विद्यालय, नंदवारा बैरगनिया में बालिका जागरूकता कार्यक्रम



बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक सप्ताह तक चलने वाले जागरूकता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सेंटर डायरेक्ट संस्था द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय, नंदवारा बैरगनिया में बालिका जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बाल विवाह की रोकथाम, लैंगिक समानता, बालिकाओं की शिक्षा, किशोरियों के सशक्तीकरण तथा बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बिहार सरकार द्वारा बालिकाओं के जन्म से लेकर मैट्रिक, इंटरमीडिएट एवं स्नातक तक की शिक्षा के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं आर्थिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर छात्राओं को शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में समान अवसर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बालक-बालिकाओं के बीच होने वाले भेदभाव को समाप्त करने तथा समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने लड़का-लड़की एक समान, सबको मिले शिक्षा का समान अधिकार का संदेश देते हुए बाल विवाह मुक्त एवं भेदभाव रहित समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की 25 छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय की ओर से प्रभारी प्रधानाध्यापक सुकेश कुमार उपस्थित रहे। वहीं सेंटर डायरेक्ट संस्था के शशक्ति परियोजना अंतर्गत केयर एंड सपोर्ट सेंटर, सीतामढ़ी के परियोजना समन्वयक स्वर्ण प्रभात तथा क्षेत्रीय कार्यकर्ता निर्मला कुमारी, विवेक कुमार एवं मनोज शर्मा ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा के महत्व एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना था।

सीतामढ़ी में धूमधाम से मनी अग्रसेन महाराज की 5189 वीं जयन्ती

सीतामढ़ी (एनएसबी)। स्थानीय भरतिया अतिथि भवन में बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी महिला समिति व मारवाड़ी युवा मंच, सीतामढ़ी के संयुक्त तत्वावधान में न्यायप्रिय, धर्मपरायण, प्रजापालक शासक श्री अग्रसेन महाराज की 5189 वीं जयन्ती समारोह धूमधाम से मनाई गई। जनार्दन प्रसाद भरतिया की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए जिसमें बच्चों ने फैंसी ड्रेस हो या नृत्य सभी में दर्शकों की वाहवाही बटोरी।

सम्मेलन के मन्त्री राजेश कुमार सुन्दरका ने बताया कि बच्चों को प्रस्तुति के अनुसार दिव्यांशी पोद्दार, सानवी लक्कड़, आशी सराफ, आराध्या अग्रवाल, अन्वित हिसारिया, शिवांश लक्कड़, सान्विका शर्राफ, अमाया सराफ को पुरस्कृत किया गया। वहीं अग्रसेन जयन्ती समारोह से पूर्व आयोजित खेल व म्यूजिकल प्रतियोगिता में माही उदयका, सपना परशुरामपुड़िया, मयंक हिसारिया, सार्थक लक्कड़, सौरव अग्रवाल, रोहित लेखमानी, नव्या लक्कड़, विष्णु गोयनका, अनन्त सरावगी, आयुष हिसारिया, पायल जालान, वेदान्त व्यास, आराध्या अग्रवाल, यश सुन्दरका, सृष्टि खेमका, आद्या अग्रवाल, शिवांश शर्मा, पार्थ सुन्दरका, प्रज्ञान तुलस्यान, आरती शर्मा, प्रिया शर्मा, सुयश जालान व उत्कर्ष गोयल को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। समारोह में स्टेज पर बच्चों की प्रस्तुति का मूल्यांकन सविता हिसारिया, चन्द्रा मिश्रा एवं निखिल गोयनका ने जज के रूप में किया।



जयंती पर महाराजा अग्रसेन जी की फूलों से सजी तस्वीर।

कार्यक्रम की तैयारी से लेकर संपन्न होने तक संयोजक द्वय रितेश सिकारिया उर्फ गणेश व अमित शर्राफ, सह संयोजक अशोक सोनी, कोषाध्यक्ष पंकज गोयनका, महिला अध्यक्ष ज्योति हिसारिया, दीपक मस्करा, विजय पोद्दार, लक्ष्मीकान्त शर्मा उर्फ मुन्ना, कन्हैया शर्राफ, आशीष चमड़िया, मोहित लेखमानी समेत कई कार्यकर्ता लगातार सक्रिय थे।

इसके पूर्व सुबह में प्रभात फेरी निकली, जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। प्रभात फेरी में रथ पर सजावट के साथ महाराजा अग्रसेन का मनोहर चित्र भी था। संध्या में महाराजा अग्रसेन की पूजा वैदिक मंत्रोचार के साथ अध्यक्ष जर्नादन भरतिया ने की, पूजा-अर्चना पंडित हरिओम शर्मा द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया वहीं समारोह के दौरान पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा, डॉ शंकर प्रसाद खेतान, डॉ विश्वनाथ बाजोरिया, कैलाश शर्राफ, राजीव जालान, इन्द्रचन्द्र शर्मा समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

सम्पादकीय

प्रश्न लोकतंत्र के भविष्य का

एक देश, एक चुनाव भारत की लोकतांत्रिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण मोड़ हो सकता है। यह न तो केवल आर्थिक बचत का विषय है और न केवल प्रशासनिक सुविधा का। यह भारतीय संविधान, संघवाद, जनादेश, लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व और शासन व्यवस्था के भविष्य से जुड़ा राष्ट्रीय विमर्श है।

यदि यह व्यवस्था व्यापक राजनीतिक सहमति, संवैधानिक मर्यादा, राज्यों के अधिकारों के सम्मान और लोकतांत्रिक संतुलन को सुरक्षित रखते हुए लागू होती है, तो यह भारतीय लोकतंत्र में ऐतिहासिक सुधार सिद्ध हो सकती है। लेकिन यदि इस प्रक्रिया में लोकतांत्रिक विविधता, संघीय संतुलन या जनादेश की स्वतंत्र अभिव्यक्ति प्रभावित होती है, तो इसकी समीक्षा भी उतनी ही आवश्यक होगी।

अंततः किसी भी चुनावी सुधार की सफलता इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उससे कितना धन बचा, बल्कि इस बात से तय होगी कि क्या भारत का लोकतंत्र और अधिक मजबूत हुआ, संविधान और अधिक सुरक्षित हुआ, राज्यों का विश्वास और अधिक गहरा हुआ तथा मतदाता की आवाज पहले से अधिक प्रभावशाली बनी।

यदि इन सभी कसौटियों पर यह व्यवस्था खरी उतरती है, तभी एक देश, एक चुनाव भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक युगांतकारी अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

एक देश, एक चुनाव कोई नई अवधारणा नहीं है। स्वतंत्र भारत के प्रथम आम चुनाव 1951-52 में लोकसभा और अधिकांश राज्य विधानसभाओं के चुनाव लगभग एक साथ कराए गए थे। इसके बाद 1957, 1962 और 1967 के आम चुनावों में भी यही व्यवस्था बड़े पैमाने पर बनी रही। उस समय लोकसभा और अधिकांश विधानसभाओं का कार्यकाल लगभग समान था, इसलिए पूरे देश में एक ही चुनावी चक्र चलता था। लेकिन 1967 के बाद भारतीय राजनीति में बड़ा परिवर्तन आया। कई राज्यों में गठबंधन सरकारें बनीं और गिरीं। विधानसभाएं समय से पहले भंग होने लगीं। इसके बाद 1970 में चौथी लोकसभा का समयपूर्व विघटन और 1971 में समयपूर्व लोकसभा चुनाव ने राष्ट्रीय और राज्य चुनावों के चक्र को अलग-अलग दिशाओं में विभाजित कर दिया। धीरे-धीरे विभिन्न राज्यों में अलग-अलग समय पर चुनाव होना सामान्य व्यवस्था बन गई, जो आज तक जारी है।

इसलिए वर्तमान प्रस्ताव किसी नई व्यवस्था का आविष्कार नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत के प्रारंभिक चुनावी मॉडल को आज की परिस्थितियों के अनुरूप पुनर्संगठित करने का प्रयास माना जा सकता है। किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि 1952 का भारत और 2029 का भारत राजनीतिक, सामाजिक और संघीय दृष्टि से एक जैसे नहीं हैं। आज क्षेत्रीय दलों की भूमिका कहीं अधिक मजबूत है, गठबंधन राजनीति सामान्य वास्तविकता बन चुकी है और राज्यों की राजनीतिक पहचान पहले की तुलना में अधिक प्रभावशाली है। समर्थकों का प्रमुख तर्क है कि भारत लगभग पूरे वर्ष चुनावी वातावरण में रहता है। किसी न किसी राज्य में चुनाव होने के कारण आदर्श आचार संहिता बार-बार लागू होती है। प्रशासनिक अधिकारी चुनावी कार्यों में लगते हैं, सुरक्षा बलों की व्यापक तैनाती करनी पड़ती है और सरकारी मशीनरी का एक बड़ा हिस्सा चुनावी प्रक्रिया में व्यस्त रहता है। उनका मानना है कि यदि चुनाव एक साथ हों, तो शासन अधिक निरंतर और विकास अधिक केंद्रित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टि से भी यह तर्क दिया जाता है कि चुनावों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार के बड़े संसाधनों का उपयोग होता है। यदि चुनावी चक्र एकीकृत हो जाए, तो इन संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग संभव हो सकता है। यहीं से बहस का सबसे गंभीर पक्ष सामने आता है। लोकतंत्र का उद्देश्य केवल खर्च कम करना नहीं, बल्कि जनता की विविध आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। भारत का संविधान संघीय लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आधारित है, जहां राज्यों की राजनीतिक पहचान और स्वायत्तता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी राष्ट्रीय एकता। मतदाता अक्सर लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अलग-अलग प्राथमिकताओं के आधार पर मतदान करते हैं। इसलिए यह आशंका व्यक्त की जाती है कि यदि सभी चुनाव एक साथ होंगे, तो राष्ट्रीय मुद्दों का प्रभाव क्षेत्रीय मुद्दों पर बढ़ सकता है और छोटे तथा क्षेत्रीय दल अपेक्षाकृत कमजोर पड़ सकते हैं। इसीलिए किसी भी सुधार का मूल्यांकन संघीय संतुलन की कसौटी पर भी होना चाहिए। एक देश, एक चुनाव की सबसे बड़ी चुनौती चुनाव कराना नहीं, बल्कि संविधान के अनुरूप पूरे चुनावी चक्र का पुनर्गठन करना है। विधानसभाओं के अलग-अलग कार्यकाल, मध्यावधि में सरकारों का गिरना, अविश्वास प्रस्ताव, राष्ट्रपति शासन और समयपूर्व चुनाव जैसी परिस्थितियों का समाधान केवल प्रशासनिक निर्णयों से संभव नहीं होगा।

लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कैसे बचेगा भरोसा



रत्नेश मिश्र।

लोकतंत्र का असली अर्थ सिर्फ चुनाव संपन्न कराना या बहुमत के आधार पर सरकार बनाना नहीं है। इसकी वास्तविक शक्ति उन संस्थाओं में निहित होती है जो सत्ता से सवाल पूछ सके, नागरिक अधिकारों की रक्षा करे और संवैधानिक मर्यादाओं को बनाए रखे।

संकट तब गहराता है जब इन्हीं संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठने लगे और उनके फैसले राजनीतिक बहसों का केंद्र बन जाएं। ऐसी स्थिति में संकट किसी एक संस्था का नहीं, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे का हो जाता है।

भारत का संस्थागत ढांचा बहुत सुदृढ़ दिखता है। चुनाव आयोग का काम चुनाव कराना है, न्यायपालिका का काम न्याय सुनिश्चित करना है और संसद का काम कानून बनाना है। लेकिन अधिकार होने और उन्हें ईमानदारी से निभाने में बहुत बड़ा अंतर है। अंततः किसी संस्था की साख उसकी शक्तियों से नहीं, बल्कि उसके आचरण से तय होती है। आज सबसे बड़ा सवाल यही है कि संस्थाओं पर उठने वाले सवालों का जवाब तथ्यों और पारदर्शी प्रक्रियाओं से दिया जा रहा है, या उन्हें राजनीतिक शोर-शराबे के बीच दबा दिया जा रहा है।

लोकतंत्र में मतदाता का भरोसा सबसे बुनियादी है। उसे यह विश्वास होना चाहिए कि उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, उसका वोट सुरक्षित है और चुनाव की प्रक्रिया सबके लिए समान है। इसीलिए, चुनाव आयोग पर उठने वाले सवालों को हल्के में लेना घातक हो सकता है। हालांकि, इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि हर राजनीतिक आरोप को बिना जांचे सच मान लिया जाए।

लोकतंत्र में मतदाता का भरोसा सबसे बुनियादी है। उसे यह विश्वास होना चाहिए कि उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, उसका वोट सुरक्षित है और चुनाव की प्रक्रिया सबके लिए समान है। इसीलिए, चुनाव आयोग पर उठने वाले सवालों को हल्के में लेना घातक हो सकता है। हालांकि, इसका अर्थ यह कदापि नहीं है कि हर राजनीतिक आरोप को बिना जांचे सच मान लिया जाए।

पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उपजा विवाद इसी कसौटी को सामने लाता है। लिस्ट से नाम काटे जाने के खिलाफ बड़ी संख्या में अपीलें आईं, जिनका मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। वोटर लिस्ट का त्रुटिहीन होना जरूरी है, इसमें कोई दो राय नहीं लेकिन इस प्रक्रिया में यदि एक भी पात्र नागरिक का नाम छूट जाता है, तो यह सीधे उसके मताधिकार पर चोट है। सवाल सिर्फ जांच की प्रक्रिया का नहीं है, सवाल यह भी है कि क्या प्रभावित नागरिकों को समय पर सूचित किया गया क्या उन्हें आपत्ति दर्ज करने का उचित अवसर मिला।

किसी का नाम हटना अपने आप में कोई बड़ी गड़बड़ी नहीं है, लेकिन जब शिकायतों की बाढ़ आ जाए, तो समाधान की प्रक्रिया अत्यंत पारदर्शी होनी चाहिए। आयोग का भरोसा केवल यह दावा करने से नहीं बढ़ेगा कि श्सब कुछ नियमों के तहत हुआ है, बल्कि उसे यह साबित करना होगा कि शिकायत मिलने पर किस आधार पर फैसला लिया गया।

संस्था की स्वायत्तता इस बात से भी तय होती है कि उसके प्रमुख का चयन कैसे होता है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा 2023 का कानून अभी भी सुप्रीम कोर्ट की चुनौती के दायरे में है। सितंबर 2026 में दो जजों की बेंच ने इसकी संवैधानिक वैधता पर सुनवाई की थी, लेकिन दोनों जज एकमत नहीं हो सके। अब यह मामला बड़ी बेंच के गठन के लिए मुख्य न्यायाधीश के पास है।

इस कानून के तहत चयन समिति में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय मंत्री शामिल होते हैं। इससे पहले 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब तक संसद कानून न बनाए, समिति में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और मुख्य न्यायाधीश शामिल रहेंगे। यहां मुद्दा किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि संस्थागत संतुलन का है। जब चुनाव कराने वाली संस्था के मुखिया की नियुक्ति पर ही बहस छिड़ जाए, तो प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाना जरूरी हो जाता है।

वहीं दूसरी ओर, संसद को जनता की आवाज और सरकार की जवाबदेही तय करने वाला मंच होना चाहिए । लेकिन जब वहां चर्चा की जगह हंगामा ले ले और बिल बिना सार्थक बहस के पास होने लगे, तो कानूनों की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है।

लेजिस्लेटिव रिसर्च के आंकड़े (20 जुलाई से 13 अगस्त 2026 तक का मानसून सत्र) इसी ओर इशारा करते हैं। इस दौरान लोकसभा ने अपनी तय कार्यवाही का मात्र 15 प्रतिशत और राज्यसभा ने 33 प्रतिशत समय ही काम के लिए दिया। लोकसभा में पारित 11 बिलों में से 9 पर तो किसी अन्य सांसद ने चर्चा तक नहीं की।

ये आंकड़े काफी कुछ बयान करते हैं। बहुमत के आधार पर कानून बनाना सरकार का अधिकार है, लेकिन बिना चर्चा के कानून पारित करना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है।

वैसे ही, विपक्ष का विरोध जरूरी है, लेकिन निरंतर हंगामे से जनता के मुद्दों पर चर्चा का समय ही खत्म हो जाता है। संसद की असली ताकत बिलों की संख्या में नहीं, बल्कि उन पर होने वाली गंभीर चर्चा में है।

न्यायपालिका आम आदमी की आखिरी उम्मीद है। इसकी स्वतंत्रता से कोई समझौता लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है लेकिन आम नागरिक के लिए न्याय का अर्थ केवल स्वतंत्रता नहीं, बल्कि सुलभता भी है। न्याय का समय पर मिलना, कानूनी खर्च का किफायती होना और जटिल प्रक्रियाओं का सरल होना उतना ही जरूरी है। मुकदमों का अंबार और तारीखों का सिलसिला केवल संस्थागत सुधारों से ही हल हो सकता है।

संस्थाओं पर भरोसा सिर्फ सम्मान की अपील से नहीं बढ़ेगा। इसके लिए नियुक्तियों में पारदर्शिता, शिकायतों का त्वरित निपटारा और हर फैसले के पीछे ठोस तर्क देना आवश्यक है। सरकारों को संस्थाओं की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए, विपक्ष को आरोपों के साथ सबूत देने चाहिए, संस्थाओं को आलोचना का जवाब तथ्यों से देना चाहिए।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि संस्थाओं की आलोचना को लोकतंत्र विरोधी न मान लिया जाए, और न ही हर राजनीतिक आरोप को सच मान लिया जाए। जवाबदेही का अर्थ है जांच, समीक्षा और गलती होने पर सुधार। लोकतंत्र में भरोसा आदेशों से नहीं, बल्कि निष्पक्ष व्यवहार से कमाया जाता है। जब नागरिक को यकीन होगा कि उसका वोट, उसकी अर्जी और उसकी आवाज सुरक्षित है, तभी संस्थाओं की साख मजबूत होगी। संस्थाओं को बचाने का रास्ता सवालों को दबाना नहीं, बल्कि उनका भरोसेमंद जवाब देना है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

समिट एसआईएफ ने लॉन्च किया समिट एक्टिव एसेट एलोकेटर लॉन्ग-शॉर्ट फंड, एनएफओ बंद होने की तारीख 26 अक्टूबर 2026

पटना (दैनिक नवसंदेश) । समिट एसआईएफ ने समिट एक्टिव एसेट एलोकेटर लॉन्ग-शॉर्ट फंड लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक इंटरवल इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी है, जो बाजार की स्थिति के हिसाब से इक्विटी, डेट, इक्विटी और डेट डेरिवेटिव्स, इनविट्स और कमोडिटी डेरिवेटिव्स में निवेश करती है। इसमें डेरिवेटिव्स के जरिए मंजूरी प्राप्त इंस्ट्रूमेंट्स में सीमित शॉर्ट पोजीशन लेने की गुंजाइश भी है।

परंपरागत रूप से आर्बिट्राज स्ट्रैटेजी ज्यादातर कैश और फ्यूचर्स मार्केट की कीमतों के बीच के अंतर (स्प्रेड) से बनने वाले मौकों पर टिकी रही हैं। लेकिन वित्तीय बाजारों के विकास के साथ अब ऐसे मौके कई तरह के इंस्ट्रूमेंट्स, एसेट क्लास और बाजार की अलग-अलग स्थितियों में भी बन सकते हैं।

मल्टी-आर्बिट्राज की सोच पर आधारित समिट एक्टिव एसेट एलोकेटर लॉन्ग-शॉर्ट फंड का उद्देश्य एक ही पोर्टफोलियो में आर्बिट्राज के कई मौकों को जोड़ना है। स्ट्रैटेजी की नींव कोर आर्बिट्राज पर टिकी है, और इसके साथ सिंथेटिक आर्बिट्राज, इंडेक्स आर्बिट्राज, कमोडिटी आर्बिट्राज और स्पेशल सिचुएशंस में मिलने वाले अतिरिक्त मौकों के जरिए निवेश के मौकों का दायरा और बढ़ाने की कोशिश की जाएगी।

इस स्ट्रैटेजी को इस तरह तैयार किया गया है कि बाजार की दिशा पर सीमित दांव रखते हुए उपलब्ध स्प्रेड का फायदा उठाया जा सके। बाजार के अनुमानों के बजाय आर्बिट्राज के मौकों पर ध्यान देकर यह निवेशकों को मध्यम अवधि में पूंजी लगाने का एक अलग तरीका देने का प्रयास करती है। इस स्ट्रैटेजी का प्रबंधन दीपक गुप्ता करेंगे और इसका बेंचमार्क 40 प्रतिशत निफ्टी 500 टीआरआई, 40 प्रतिशत क्रिसिल शर्ट टर्म बॉन्ड फंड इंडेक्स और 20 प्रतिशत आईकमडेक्स कंपोजिट इंडेक्स होगा।

इस लॉन्च के मौके पर फंड मैनेजर दीपक गुप्ता ने कहा, आर्बिट्राज को अक्सर मुख्य रूप से कैश और फ्यूचर्स के बीच के स्प्रेड के नजरिए से देखा जाता है। लेकिन कीमतों में अंतर से जुड़े मौके अलग-अलग बाजारों, इंस्ट्रूमेंट्स और स्थितियों में बन सकते हैं। एसआईएफ का ढांचा हमें पारंपरिक आर्बिट्राज के साथ-साथ सिंथेटिक फ्यूचर्स, इंडेक्स, कमोडिटी और स्पेशल सिचुएशंस के जरिए ऐसे मौकों को तलाशने का व्यापक दायरा देता है। समिट एक्टिव एसेट एलोकेटर लॉन्ग-शॉर्ट फंड के जरिए हमारा फोकस रिटर्न के संभावित स्रोत बढ़ाने पर है, लेकिन बाजार की दिशा पर दांव लगाने को हम स्ट्रैटेजी का आधार नहीं बनाएंगे। कोर आर्बिट्राज पोर्टफोलियो की धुरी होगा, और जहां हमें आकर्षक स्प्रेड दिखेंगे, वहां हम चुनिंदा तौर पर सहायक स्ट्रैटेजी अपनाएंगे।

युवाओं में मीडिया के प्रति भरोसा बहाल करने की जिम्मेवारी पत्रकारों पर है : प्रो चौधरी

दरभंगा / पटना (दैनिक नवसंदेश) । बिहार में सत्तारूढ़ गठबंधन दल के सचेतक प्रोफेसर बिनय कुमार चौधरी ने कहा कि आज के दौड़ में पत्रकारों को विश्वसनीयता का वह पैमाना स्थापित करना होगा जिससे युवाओं का मीडिया पर भरोसा बहाल हो सके।

मंगलवार को सागर फैमिली रेस्टोरेंट के सभागार में ख्यातिलब्ध पत्रकार स्वर्गीय राम गोविंद प्रसाद गुप्ता की 91वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भारत में जेन जी का भविष्य और पत्रकारों की भूमिका विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रोफेसर बिनय कुमार चौधरी ने कहा कि जेन-जी अखबारों और टेलीविजन की लंबी बहसों के बजाय रील्स, यूट्यूब शर्ट्स, इन्फोग्राफिक्स और पॉडकास्ट के माध्यम से खबरें देखना पसंद करती है। ऐसे में पत्रकारों को जटिल विषयों को कम समय में सरल, आकर्षक और दृश्य माध्यमों के जरिए प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में फर्जी खबरों और डीपफेक का खतरा बढ़ा है। पत्रकारों की जिम्मेदारी तथ्यों की जांच कर सही जानकारी उपलब्ध कराने और युवाओं का मीडिया पर विश्वास बनाए रखने की है।



मंगलवार को सागर फैमिली रेस्टोरेंट के सभागार में ख्यातिलब्ध पत्रकार स्वर्गीय राम गोविंद प्रसाद गुप्ता की 91वीं जयंती के अवसर पर आयोजित भारत में जेन जी का भविष्य और पत्रकारों की भूमिका विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए अतिथि।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार विष्णु कुमार झा ने कहा कि भारत में जेन-जी का भविष्य देश को आधुनिक, जागरूक और तकनीकी रूप से उन्नत राष्ट्र बनाने की दिशा तय करेगा। इस पीढ़ी को सही दिशा देने और लोकतंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए जिम्मेदार एवं विश्वसनीय पत्रकारिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जेन-जी के दौर में पत्रकारिता के पारंपरिक तरीके पर्याप्त नहीं रह गए हैं। पत्रकारों को बदलती तकनीक के अनुरूप स्वयं को ढालने के साथ ही सनसनीखेज खबरों से बचकर तथ्यों की प्रामाणिकता और पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी होगी।

उन्होंने कहां कि युवाओं से जुड़ने और सजग समाज के निर्माण के लिए पत्रकारों को अपनी भूमिका नए सिरे से परिभाषित करनी होगी। जिम्मेदार पत्रकारिता युवाओं को किसी विचारधारा का अनुयायी बनाने के बजाय तथ्यों के आधार पर सोचने, सवाल पूछने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षाविद् डा. हरिनारायण सिंह ने कहा कि भारत की युवा पीढ़ी देश के भविष्य की दिशा तय कर रही है। डिजिटल क्रांति के बीच पली-बढ़ी जेन-जी की सोच और सूचना प्राप्त करने के तरीके पिछली पीढ़ियों से अलग हैं। ऐसे में युवाओं तक सही जानकारी पहुंचाने और भविष्य निर्माण में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण होने के साथ चुनौतीपूर्ण भी है।

प्रो. सिंह ने कहा कि जेन-जी नई सोच के साथ ऊंची उड़ान भरने का सपना देखने वाली पीढ़ी है। यह तनाव और दबाव से मुक्त होकर अपनी शर्तों पर जीवन जीना चाहती है। इस पीढ़ी के सपने पारंपरिक रूप से डक्टर या इंजीनियर बनने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह डिजिटल क्षेत्र में नए अवसरों और संभावनाओं के साथ आगे बढ़ना चाहती है। यह कार्यस्थल पर सख्त आदेशों और लंबे समय तक काम करने की बाध्यता से मुक्त होकर जीवन और काम के बीच संतुलन बनाने के साथ अपनी कमाई के अनुरूप खर्च करने में विश्वास रखती है।

उन्होंने कहा कि समाज को जेन-जी की सोच और आकांक्षाओं को सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकार करते हुए उसे सहयोग देना चाहिए। नई पीढ़ी के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाने के बजाय उसे खुले आकाश में उड़ान भरने का अवसर देना चाहिए।

प्रख्यात चिकित्सक डा. ए. के. गुप्ता ने कहा कि जेन-जी तकनीक के साथ पली-बढ़ी पीढ़ी है, जिसके जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सोशल मीडिया और कोडिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। भविष्य में देश के तकनीकी उद्यमों और डिजिटल अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में इस पीढ़ी की अहम भागीदारी होगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर जेन-जी मुखर है। यह पीढ़ी पारंपरिक रोजगार के विकल्पों के साथ उद्यमिता, स्वतंत्र कार्य, सामग्री निर्माण और गिग अर्थव्यवस्था को भी प्राथमिकता दे रही है। नैतिक मूल्यों और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति उसका दृष्टिकोण बाजार और कंपनियों को भी प्रभावित कर रहा है।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. रामगोविंद प्रसाद गुप्ता के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। संगोष्ठी में डा. ओम प्रकाश, डा. मित्रनाथ झा और डा. कृष्ण कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। विषय प्रवेश डा. रामचंद्र चंद्रेश ने कराया। मंच संचालन डा. ए डी एन सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत पत्रकार प्रदीप गुप्ता ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद गुप्ता ने किया। मौके पर शहर के अनेक प्रबुद्ध नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित थे।

नाओमी एकी के साथ काम करने से पहले ही मैं उनका बहुत बड़ा फैन था : टॉम राइस हैरीज

डीसी स्टूडियोज की आगामी हॉरर थ्रिलर क्लेफेस में नाओमी एकी के साथ काम करने के अनुभव और फिल्म में उनके किरदारों के खास रिश्ते पर बोले टॉम राइस हैरीज

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । डीसी स्टूडियोज की बहुप्रतीक्षित हॉरर थ्रिलर फिल्म क्लेफेस जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। निर्देशक जेम्स वॉटकिंस की इस फिल्म में टॉम राइस हैरीज मुख्य भूमिका में नजर आएँगे। फिल्म में उनके साथ नाओमी एकी भी अहम् किरदार निभा रही हैं। हाल ही में हैरीज ने नाओमी के साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किए और बताया कि वे उनके साथ काम करने से पहले ही उनकी अदाकारी के बड़े प्रशंसक थे।

फिल्म की कहानी मैट हेगन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो गोथम की सड़कों से निकलकर हॉलीवुड का उभरता हुआ सितारा बन जाता है। लेकिन, उसकी जिंदगी उस वक्त पूरी तरह बदल जाती है, जब एक स्थानीय अपराध सरगना की वजह से उसका चेहरा बुरी तरह बिगड़ जाता है। अपने करीबियों का साथ छूटने और करियर बिखरने के बाद मैट एक अत्याधुनिक इलाज का सहारा लेता है, जो चमत्कारिक रूप से उसका पुराना चेहरा तो लौटा देता है, लेकिन इसके साथ शुरू होता है खतरनाक शारीरिक और मानसिक बदलावों का सिलसिला। यही बदलाव उसे बदले की ऐसी राह पर ले जाते हैं, जहाँ से लौटना आसान नहीं होता।

फिल्म में नाओमी एकी डॉ. केटलिन कर की भूमिका निभा रही हैं, जिनका किरदार मैट हेगन की जिंदगी में एक बड़ा मोड़ लेकर आता है। नाओमी के साथ काम करने के अनुभव पर टॉम राइस हैरीज ने कहा, नाओमी के इस फिल्म से जुड़ने से पहले ही मैं उनका बहुत बड़ा फैन था। एक कलाकार के तौर पर



उनमें एक गजब की सहजता है। वे बेहद स्वाभाविक और खुलकर अभिनय करती हैं, जिसकी वजह से उनके साथ सीन करना बहुत अच्छा अनुभव रहा।

अपने किरदारों के बीच के रिश्ते पर बात करते हुए, हैरीज ने आगे कहा, मैट और केटलिन एक ही तरह के माहौल से आते हैं। तमाम मुश्किलों और चुनौतियों के बावजूद दोनों ने अपनी-अपनी जिंदगी में एक मुकाम हासिल किया है। यही साझा अनुभव उन्हें एक-दूसरे से जोड़ता है। मैं खुद वेल्श भाषा बोलते हुए बड़ा हुआ हूँ। जब भी मुझे कोई वेल्श बोलने वाला मिलता है, तो एक अनकहा जुड़ाव तुरंत महसूस होता है, क्योंकि हमारे अनुभवों में कुछ समानता होती है। मैट और केटलिन के बीच भी कुछ ऐसा ही रिश्ता है। दोनों गोथम के एक ही इलाके से आते हैं और अपनी मेहनत से अपने-अपने क्षेत्र में आगे बढ़े हैं।ष

उन्होंने आगे बताया, मेरे लिए मैट और केटलिन का रिश्ता पूरी फिल्म का सबसे अहम् भावनात्मक जुड़ाव है। जब मैट अपने बिगड़े हुए चेहरे और नैनोटेक नोलॉजी के शरीर पर पड़ रहे असर से जूझ रहा होता है, तब दोनों के बीच के हल्के-फुल्के और खुशी भरे पल बेहद मायने रखते हैं। उनके रिश्ते में एक मासूमियत और बचपन जैसी खुशी है, खासकर इसलिए क्योंकि दोनों मिलकर एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे होते हैं। फिल्म की शुरुआत में यह रिश्ता और भी दिलचस्प लगता है।

क्लेफेस की पटकथा माइक फ्लैनगन और हुसैन अमीनी ने लिखी है, जबकि कहानी माइक फ्लैनगन की है। डीसी के किरदारों पर आधारित इस फिल्म का निर्माण मैट रीव्स, लिन हैरिस, जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने किया है। फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर्स में माइकल ई. उस्लान, शैंटल नन्ग वो, लार्स पी. विंथर, पल रिची, राफी क्रोन और ट्रेवर मेसी शामिल हैं।

फिल्म में टॉम राइस हैरीज और नाओमी एकी के अलावा डेविड डेंसिक, मैक्स मिंगेला, एडी मार्सन, नैन्सी कैरोल और जोशुआ जेम्स भी अहम् भूमिकाओं में नजर आएँगे।

वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स द्वारा वितरित क्लेफेस 23 अक्टूबर, 2026 को भारत के सिनेमाघरों में अंग्रेजी और हिंदी में रिलीज होगी।

पटना में 15 अक्टूबर को सजेगी डांडिया की भव्य शाम 'डांडिया फेस्ट 2026' में शामिल होंगे चर्चित कलाकार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजधानी पटना में संगीत, नृत्य और भारतीय पारंपरिक संस्कृति का रंगारंग संगम प्रस्तुत करने के उद्देश्य से 'डांडिया फेस्ट 2026' का भव्य आयोजन 15 अक्टूबर 2026 को किया जा रहा है। अनुराग मुविज के तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम स्वर्ण महल, दीघा घाट, पटना में शाम 6 बजे से शुरू होगा।

कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में सुधीर कमल, जय सिंह राठौर, विमल पांडेय और पल्लवी गिरी शामिल होंगे। आयोजन में डांडिया-गरबा, संगीत, नृत्य और मनोरंजन के साथ दर्शकों को उत्सव का खास अनुभव देने की तैयारी की गई है

प्रायोजक बबली चंद्रा और रंजीत महापात्रा ने कहा, डांडिया केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और आपसी प्रेम का प्रतीक है। 'डांडिया फेस्ट 2026' के माध्यम से हम पटना के



लोगों को एक ऐसा मंच देना चाहते हैं, जहां परिवार और मित्र एक साथ मिलकर उत्सव का आनंद लें। मैं पटना के सभी लोगों से अपील है कि इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इस शाम को यादगार बनाएं।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

25,200 लोगों की होगी नाइट ब्लड सर्वे से जांच

मोतिहारी(एनएसबी)। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जिले में नाइट ब्लड सर्वे कराया जाएगा। इसके तहत रात 10 बजे से 12 बजे तक जिले के 27 प्रखंडों एवं सदर पीएचसी में कुल 25,200 लोगों के रक्त की जांच की जाएगी। अभियान को लेकर जिले के लैब टेक्नीशियनों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का प्रशिक्षण मंगलवार को शुरू हुआस प्रशिक्षण सिविल सर्जन ड़ दिलीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ड़ शरत चन्द्र शर्मा, डीभीडीसीओ ड़ निकेश कुमार सिंह, एलटी मास्टर ट्रेनर कमरे आलम एवं पिरामल के जिला प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने प्रशिक्षण दियास डीभीडीसीओ ड़ निकेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक जांच स्थल पर 300 लोगों के रक्त की जांच होगी। प्रत्येक प्रखंड में एक सेंटीनल और दो रैंडम साइट निर्धारित की गई हैं। जांच में फाइलेरिया संक्रमित पाए जाने वाले लोगों को नियमानुसार दवा दी जाएगी। आगामी 10 फरवरी 2027 से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम भी शुरू किया जाएगा।सिविल सर्जन ने बताया कि फाइलेरिया परजीवी जनित रोग है, जो संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। शुरुआती दौर में इसके लक्षण स्पष्ट नहीं होते। समय पर जांच और उपचार से बीमारी के गंभीर प्रभावों से बचाव संभव है।

पिता के साथ बाइक से बीए की परीक्षा देने जा रही छात्रा को कंटेनर ने रौंदा,मौके पर हुई मौत

चकिया(एनएसबी)। राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर इमादपट्टी गांव के निकट मंगलवार को बाइक से बीए की परीक्षा देने जा रही छात्रा को कंटेनर ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चला रहे छात्रा के पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद कंटेनर चालक कंटेनर घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। छात्रा की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर वाहनों का परिचालन ठप कर दिया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष और स्थानीय गणमान्य लोगों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद सड़क पर वाहनों का परिचालन शुरू हुआ। करीब डेढ़ घंटे तक जाम रहने से सड़क के दोनों तरफ छोटी-बड़ी गाड़ियों की लंबी कतार लग गई थी। इस दौरान निजी वाहनों और बसों से सफर करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी हुई। मृतिका की पहचान राजेपुर थाना क्षेत्र के रानीपट्टी गांव के वार्ड 14 निवासी राम एकबाल भगत के 23 वर्षीय पुत्री सुरजी



सुरजी की फाइल फोटो।

कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एकबाल भगत घर से बाइक से अपनी पुत्री को लेकर,बीए के सेमेस्टर-4 की परीक्षा दिलाने के लिए मोतिहारी स्थित पंडित उगम पांडेय कलेज जा रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थान पर पीछे से आ रही कंटेनर ने उनकी बाइक में जोड़दार टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई, जबकि उसके पिता घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एनएचएआई की एंबुलेंस से घायल राम एकबाल को इलाज के लिए स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल मोतिहारी रेफर कर दिया। सुरजी पढ़ाई में अच्छी थी। वह 9 से 12 बजे तक होनेवाली साइकोलजी विषय की परीक्षा देने अपने पिता के साथ जा रही थी। वह पांच बहनों में सबसे छोटी थी। उससे छोटा दो भाई है। बहनों की शादी हो चुकी है। उसके दोनों भाई पढ़ते है। माँ शिक्षिका है व पिता किसान है। अचानक सुरजी की सड़क हादसे में मौत की खबर मिलते ही रानीपट्टी गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।

मतदाता सूची से छूटे नामों की होगी घर-घर जांच

मोतिहारी(एनएसबी)। विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत पूर्ववर्ती और वर्तमान निर्वाचक सूची का मिलान कर सूची से छूटे मतदाताओं की पहचान की जाएगी। इसके बाद बीएलओ मिशन मोड में घर-घर जाकर उनका सत्यापन करेंगे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए हैं। सत्यापन के दौरान मृत, अनुपस्थित, स्थानांतरित अथवा दोहरी प्रविष्टि के कारण सूची से बाहर हुए ऐसे मतदाताओं की भी जांच होगी, जो अब पात्र पाए जाते हैं। पात्र लोगों से प्रपत्र-6 प्राप्त कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्रवाई की जाएगीस इसके अलावा पहली बार पात्र हुए मतदाताओं का भी पंजीकरण कराया जाएगा। प्रत्येक बीएलओ को हर सप्ताह 20 से 25 मतदाताओं का सत्यापन करते हुए एक माह में अभियान पूरा करने का निर्देश दिया गया हैस सभी मतदान केंद्रों पर 18 एवं 25 अक्टूबर तथा 1 एवं 8 नवंबर को विशेष कैंप लगाए जाएंगे। कैंप का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। बीएलओ सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को कैंप की जानकारी देंगे और दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक मतदान केंद्र पर मौजूद रहेंगे।

संक्षिप्त खबरें

पेपरलेस निबंधन से लोगों को मिलेगी बड़ी राहत : योगेश

अब दस्तावेज के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे कार्यालय के चक्कर, ऑनलाइन पूरी होगी निबंधन प्रक्रिया

मोतिहारी(एनएसबी)। बिहार सरकार की पेपरलेस निबंधन व्यवस्था से जमीन की खरीद-बिक्री करने वाले लोगों को बड़ी राहत मिलने लगी है। जिला अवर निबंधक योगेश त्रिपाठी ने बताया कि नई व्यवस्था से निबंधन प्रक्रिया पहले की अपेक्षा सरल, पारदर्शी, सुरक्षित और सुविधाजनक हो गई है। लोगों को दस्तावेज तैयार कराने और निबंधन के लिए बार-बार कार्यालय का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगीस उन्होंने बताया कि ई-निबंधन पोर्टल के माध्यम से घर बैठे निबंधन की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। इसके लिए आवेदक को पोर्टल पर अपना उपयोगकर्ता खाता बनाकर निबंधन के लिए आवेदन करना होगा। क्रेता-विक्रेता की जानकारी, फोटो, संपत्ति का विवरण, शुल्क भुगतान, दस्तावेज तैयार करने से लेकर ई-हस्ताक्षर और समय लेने तक की प्रक्रिया अनलाइन पूरी की जा सकती है। निबंधन पूरा होने के बाद दस्तावेज की प्रति संदेश, व्हाट्सएप और ई-मेल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।जिला अवर निबंधक ने बताया कि पेपरलेस निबंधन से समय और श्रम की बचत, पारदर्शिता, दस्तावेजों की सुरक्षा तथा कागज की बचत होगी। इससे जमीन के लेन-देन की प्रक्रिया भी अधिक सुविधाजनक बनेगी।

विवाह निबंधन की सुविधा भी ऑनलाइन

उन्होंने बताया कि विवाह निबंधन के लिए भी अनलाइन सुविधा उपलब्ध है। आवेदक पति-पत्नी की जानकारी, जन्म प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आमंत्रण पत्र और फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज अनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन के बाद निर्धारित अवधि में कार्यालय पहुंचकर तीन गवाहों की मौजूं में पहचान सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करने के बाद विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता हैस उन्होंने आम लोगों से दलालों से बचने और स्वयं सरकारी पोर्टल के माध्यम से निबंधन कराने की अपील की। निबंधन कार्यालय में लोगों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क और जागरूकता बोर्ड भी लगाए गए हैं।

तीन सेंटीमीटर के पीपल पत्ते पर मां दुर्गा, नारी शक्ति का संदेश

मोतिहारी(एनएसबी)। शारदीय नवरात्र के अवसर पर बिहार के चर्चित रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने महज तीन सेंटीमीटर के पीपल के पत्ते पर मां दुर्गा की सूक्ष्म तस्वीर उकेरकर नारी सम्मान और सुरक्षा का संदेश दिया है। करीब तीन घंटे की मेहनत से तैयार इस कलाति में मां दुर्गा के साथ 'लड़कियों से छेड़छाड़ बंद करें' और 'सभी महिलाओं का सम्मान करें' का संदेश लिखा गया है।कलाति में सिंह पर सवार मां दुर्गा के स्वरूप को बेहद बारीकी से उकेरा गया है। उनके हाथों में त्रिशूल, तलवार, धनुष-बाण सहित विभिन्न अस्त्र-शस्त्रों को दर्शाया गया है। इसके अलावा महिला चिकित्सक, वकील, पुलिस अधिकारी, शिक्षिका, अगिशामक, रसोइया और अंतरिक्ष यात्री सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका को भी प्रतीकों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है।मधुरेंद्र कुमार ने कहा कि मां दुर्गा शक्ति, साहस और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की प्रतीक हैं। नवरात्र में देवी की पूजा करने के साथ हर बेटी और महिला के सम्मान व सुरक्षा का संकल्प लेना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि लड़कियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ के खिलाफ समाज को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए।मधुरेंद्र रेत के अलावा पत्तों, फलों, सब्जियों और अन्य प्रातिक माध्यमों पर भी सूक्ष्म कलातियां बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी रचनाओं में सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय गौरव, धार्मिक आस्था और समसामयिक विषय प्रमुख रहे हैं। तीन सेंटीमीटर के पत्ते पर बनाई गई यह कलाति आकार में छोटी जरूर है, लेकिन इसका संदेश व्यापक है। मधुरेंद्र ने नवरात्र की धार्मिक आस्था को नारी सम्मान और सुरक्षा के सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए संदेश दिया है कि देवी की पूजा के साथ महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को भी जीवन का हिस्सा बनाया जाए।

भू माफिया राकेश शर्मा के घर छापेमारी

भारी मात्रा में हथियार, कारतूस, ब्रांडेड शराब,27 लाख रुपये नगद व जमीन से जुड़े अन्य दस्तावेज बरामद

मोतिहारी(एनएसबी)। छतौनी थाना क्षेत्र के बड़ा बरियारपुर निवासी भू माफिया सह कुख्यात अपराधी राकेश शर्मा के घर बीती रात्रि तीन डीएसपी के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस की मौजूं में छापेमारी की गयी।इस दौरान दो पिस्टल,दो रायफल, करीब 100 से अधिक कारतूस,छह विदेशी ब्रांडेड शराब, 27 लाख रुपये नगदी सहित करीब 60 डीड रजिस्ट्री के कागजात बरामद किया गया है।इस दौरान भू माफिया राकेश शर्मा का छोटा पुत्र शाहिल शर्मा गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त जानकारी सदर -1 के डीएसपी दिलीप कुमार ने छतौनी थाना में प्रेसवार्ता कर पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि वरिये पदाधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी की गयी, जहां उक्त बरामी हुई। उन्होंने बताया कि बरामद हथियार व कारतूस एवं रुपये की जांच करायी जा रही है। जांचोपरांत अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी।

पीएम आवास योजना की लंबित फाइलें कैंप मोड में निपटेंगी

मोतिहारी(एनएसबी)। डा राधाष्णन सभागार में उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में योजना से जुड़े लंबित कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं कर्मियों को पेंडेंसी दूर करने का निर्देश दिया गयास समीक्षा के दौरान आर्डरशीट पेंडेंसी, मेकर लगिंग में एफटीओ पेंडेंसी तथा ड्राफ्ट पीडब्ल्यूएल सूची के ग्राम सभा रेजोल्यूशन के अपलोड की स्थिति की जानकारी ली गई। इस दौरान पाया गया कि लेखापाल के मेकर लगिंग में एफटीओ तथा कार्यपालक सहायकों के लगिंग में आर्डरशीट काफी संख्या में लंबित हैं।डीडीसी के निर्देश पर कैंप मोड में कार्रवाई शुरू की गई। लेखापालों द्वारा मेकर लगिंग में लंबित एफटीओ तथा कार्यपालक सहायकों द्वारा लंबित आर्डरशीट को क्लियर किया गया। इससे लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी आई।बैठक में ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक, लेखापाल एवं कार्यपालक सहायक मौजूद रहे। निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, डीआरडीए जयराम चौरसिया भी बैठक में उपस्थित थे।

राजकीय मध्य विद्यालय में साइबर जागरूकता अभियान ऑनलाइन ठगी से बचाव के बताए गए उपाय

पहाड़पुर(एनएसबी)। राजकीय मध्य विद्यालय, दुबे टोला गोदावां में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को अनलाइन ठगी, अनजान लिंक पर क्लिक करने से होने वाले नुकसान, ओटीपी एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा करने के खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और साइबर बुलिंग से बचने के उपाय भी बताए गए।इस दौरान बच्चों को समझाया गया कि किसी अनजान व्यक्ति के बहकावे में न आएं और अपनी निजी जानकारी एवं तस्वीरें किसी अपरिचित व्यक्ति के साथ साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों एवं पुलिस को दें।पहाड़पुर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध एक गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। इससे बचाव के लिए जागरूकता और सतर्कता बेहद जरूरी है। खासकर बच्चों को अनलाइन गतिविधियों के दौरान सावधानी बरतनी चाहिए। किसी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए और न ही किसी के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी या अन्य गोपनीय विवरण साझा करना चाहिए। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत अपने अभिभावकों एवं पुलिस को सूचित करना चाहिए।उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए बच्चों को जागरूक करना आवश्यक है, ताकि वे डिजिटल दुनिया का सुरक्षित तरीके से उपयोग कर सकें।

आपदा से बचाव के लिए शिक्षक हुए तैयार मॉक ड्रिल में सीखे जीवन रक्षा के गुर

अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर 23 विद्यालयों के फोकल शिक्षकों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण

मोतिहारी(एनएसबी)। अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर मंगलवार को बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संकुल संसाधन केंद्र, उत्तरी ढेकहा में चार संकुलों के फोकल शिक्षकों के लिए क्षमता वर्धन एवं जीवन सुरक्षा कौशल प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें 23 विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लियास प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में आपदा जोखिमों की पहचान, पूर्व तैयारी और त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता विकसित करना था। उद्घाटन सत्र में सीआरसी कोऑर्डिनेटर जुनेद आलम एवं संकुल संचालक मनोज पाठक ने विद्यालयों में सुरक्षा की संस्ति विकसित करने पर जोर दियास प्रशिक्षण के दौरान अगिशमन विभाग के प्रधान अगिक शकील अहमद के नेतृत्व में विजय मंडल, अमन राज, विश्वजीत कुमार एवं राजेंद्र चौधरी ने अगि सुरक्षा एवं गैस सिलेंडर में लगी आग बुझाने का व्यावहारिक प्रदर्शन किया। आपदा मित्र प्रशिक्षक रजनीश कुमार ने प्राथमिक उपचार, फ्रै र में सहायता, अस्थायी स्ट्रेचर निर्माण तथा खोज-बचाव की तकनीकों का अभ्यास कराया।बाल रक्षा भारत के राज्य सहायक प्रबंधक असीम कुमार मंडल ने पूर्व तैयारी को आपदा प्रबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। वहीं, स्कूल रिस्क एवं हैजार्ड एक्सरसाइज के माध्यम से शिक्षकों ने विद्यालय परिसर के संभावित जोखिमों की पहचान और उनके न्यूनीकरण के उपायों पर अभ्यास कियास कार्यक्रम का संचालन बाल रक्षा भारत के हामिद रजा एवं सत्य प्रकाश ने किया।

अग्नि सुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, नियम तोड़ने वाली समितियों पर होगी कार्रवाई : अंबिका

मोतिहारी(एनएसबी)। दुर्गा पूजा को लेकर जिले में अगि सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए अगिशमन विभाग ने निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। जिला अगिशमन पदाधिकारी मो आरिफुज्जमन के निर्देश पर अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी सुश्री अंबिका कुमारी के नेतृत्व में टीम ने अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पूजा समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।टीम ने रघुनाथपुर, चांदमारी, बेलही देवी मेन रोड, कुंवारी देवी एवं जानपुल सहित विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रवेश एवं निकास द्वार, विद्युत वायरिंग, अगिशामक यंत्र, बालू से भरी बाल्टी, पानी की उपलब्धता तथा भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान पूजा समिति के सदस्यों



पूजा पंडाल में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेतीं अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अंबिका कुमारी व अन्य।

और पंडाल प्रबंधकों को अगि सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। टीम ने मौके पर मकड्रिल कर आग लगने की स्थिति में तत्काल बचाव एवं अगिशमन यंत्र के सुरक्षित उपयोग की जानकारी भी दी। अनुमंडल अगिशमन पदाधिकारी सुश्री अंबिका ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडालों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में छोटी सी लापरवाही भी गंभीर घटना का कारण बन सकती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगि सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाली पूजा समितियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों से पंडालों में धूम्रपान और आतिशबाजी पर पूरी तरह रोक लगाने, ज्वलनशील सामग्री नहीं रखने तथा सुरक्षा के लिए पर्याप्त निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की।

संक्षिप्त खबरें

माँ दुर्गा की आराधना प्रति की रक्षा का आधार : डॉ. अमित

मोतिहारी(एनएसबी)। प्रखण्ड के राधा स्वामी मध्य विद्यालय में वन विभाग के सहयोग से पर्यावरण की पाठशाला सह पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पाठशाला में बच्चों को सम्बोधित करते हुए महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो ड अमित रंजन ने कहा कि अप्टोजेनेटिक्स, दुर्गा पूजा और पर्यावरण संरक्षणरू विज्ञान, शक्ति और प्रति का अद्भुत संबंध है। उन्होंने कहा कि दुर्गा की आराधना तभी सार्थक होगा , जब प्रति की रक्षा होगी । दुर्गा मां के पावन आगमन एवं दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर प्रति संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुँचाने की आवश्यकता है। माँ दुर्गा शक्ति, सृजन और सकारात्मक ऊर्जा की प्रतीक हैं। ऐसे पावन अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि जिस प्रति की गोद में हमारा जीवन पलता है, उसकी रक्षा करना भी हमारा नैतिक कर्तव्य है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने कहा कि आज तेजी से घटती हरियाली, पेड़ों की कटाई, बढ़ते प्रदूषण और बिगड़ते पर्यावरण संतुलन के बीच पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भविष्य को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी बन गया है। जब कि पर्यावरण प्रेमी नवनीत कुमार गिरि ने प्रति और विज्ञान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ दुर्गा के आगमन पर हम अपने घरों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों और आसपास के खाली स्थानों की साफ सफाई के साथ पेड़ लगा कर प्रति संरक्षण के एक सकारात्मक संदेश से जोड़ सकते हैं।उन्होंने कहा कि प्रति की रक्षा केवल पौधे लगाने से नहीं, उन्हें पेड़ बनने तक सँभालने को कहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अवनींद्र कुमार व संचालन संजय कुमार सिंह ने की।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों के साथ विद्यालत परिसर में पौधरोपण किया ।मौके पर आदर्श कुमार ओझा, सुबोध कुमार उर्फ हिमांशु,अंकुश कुमार, स्वेता रानी, कुमारी रूपम, सोनम कुमारी के साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात् अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का भाव है झिंझिया

मोतिहारी(एनएसबी)। भारतीय सांस्तिक उत्सव एवं परम्पराओं का वही महत्व है जो भारतीय संस्ति का आधारभूत,वेद,पुराण,धर्मशास्त्र,रामायण,महाभारत आदि का है। सम्पूर्ण हिन्दू परंपरायें इन्हीं ग्रन्थों के आधार पर बनी है। इसलिए शास्त्रों में कहा गया है कि,ग्रामवचनं कुर्यात्स अर्थात् गाँव की परंपराओं का अनुपालन करें। इसका कारण यह है कि सभी धार्मिक ग्रंथ दो तरह की शिक्षायें देतीं हैं- एक विचारात्मक और दूसरी व्यवहारात्मक। गाँव की माता-बहनें जो झिंझिया के रूप में परम्पराओं का पालन करतीं हैं,उसका संबंध शास्त्र से प्रत्यक्ष दिखाई नहीं पड़ता परन्तु यह परंपरायें किसी न किसी रूप में किसी न किसी शास्त्र के साथ संबद्ध अवश्य हैंसउक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी।उन्होंने बताया कि जहाँ तक झिंझिया का संबंध है इस परंपरा की भी स्थिति लगभग ऐसी ही है। कालिक भेद के कारण उत्सवों का स्वरूप बदल जाया करता है। वैदिक मंत्रों में दीप एवं प्रकाश को अंधकार,माया एवं राक्षसी वृत्तियों को खत्म करने का साधन माना गया है जिसके प्रभाव से पौराणिक काल में नवदुर्गा के प्रसंग में नवरात्र के समय पूजा की परंपरा से संबंधित अनेक प्रकार की देश,काल,परिस्थिति के अनुसार परंपरा देखने में आती है। दुर्गा सप्तशती के अध्ययन के आधार पर प्राचीन काल में गाँव की महिलायें नव की संख्या में नवदुर्गा के रूप में वस्त्राभूषण पहनकर हाथ में दुर्गा के खप्पर अथवा ज्योति पात्र को लेकर गाँव की सीमा का चक्कर लगातीं थीं। वही झिलमिल-झिलमिल शब्द कालांतर में झिंझिया के रूप में प्रचलित हो गया। झिंझिया की परंपरा तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात् अंधकार से प्रकाश की ओर जाने की प्रेरणा देती हैस प्राचार्य पाण्डेय ने बताया कि चूंकि वैदिक संस्त और वैदिक साहित्य का प्रभाव सम्पूर्ण भारतवर्ष के क्षेत्रों के साथ बिहार पर भी पड़ा। अतः झिंझिया की परंपरा आज भी बिहार एवं कुछ अन्य क्षेत्रों में देखने को मिलती है। इसका तात्पर्य यह है कि छिद्र युक्त घड़े में रखे हुए दीपक के ज्योति पुंज के माध्यम से महिलायें दुर्गा का रूप धारण कर राक्षसियों को मानो खोज-खोज कर गाँव की सीमा से बाहर कर देतीं हैं। इधर पुरुष वर्ग नवरात्र में शक्ति की उपासना से परिवार,समाज,गाँव एवं राष्ट्र के लिए अहित करने वाली दुष्ट शक्तियों को नष्ट करता है। यही है तमसो मा ज्योतिर्गमय का भाव,जो झिंझिया के रूप में आज भी समाज में प्रचलित हैस

सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में सैयद नजमुल होदा का जनसंपर्क अभियान तेज

मेहसी(एनएसबी)। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर उम्मीदवारों का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया है। निर्दलीय प्रत्याशी सैयद नजमुल होदा ने मंगलवार को पूर्वी चंपारण के विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर शिक्षकों से संवाद किया और अपने पक्ष में समर्थन की अपील कीस जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने बापू हाई स्कूल, बारा चकिया, सर्वोदय हाई स्कूल जाहिंगरा, हाई स्कूल बाकरपुर तथा एक सरकारी मदरसा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं पर चर्चा की। होदा ने कहा कि शिक्षकों के हितों की रक्षा, सातवें वेतन आयोग की मांग तथा शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखना उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है।सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया के बाद अब 18 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रारंभिक तौर पर 19 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे, जिनकी स्क्रूटनी के बाद सभी वैध पाए गए। बाद में एक प्रत्याशी जयराम राय ने अपना नाम वापस ले लियास यह निर्वाचन क्षेत्र सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण सहित पांच जिलों में फैला है। यहां 98 मतदान केंद्रों पर करीब 10,743 शिक्षक मतदाताओं के मतदान करने की जानकारी है।होदा के समर्थकों के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में उन्होंने सीवान और गोपालगंज के विभिन्न क्षेत्रों में भी शिक्षकों से संपर्क किया है। अभियान के दौरान पुरानी पेंशन योजना, स्थानांतरण-पदस्थापन में पारदर्शिता और प्राथमिक शिक्षकों के सम्मान जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। चुनाव में अंतिम फैसला शिक्षक मतदाताओं के मतदान से होगा।

11 आवेदकों से मिले डीएम, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

मोतिहारी(एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने मंगलवार को पताही प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय पहुंचे लोगों से उनकी समस्याएं सुनीं और आवेदन प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति ने ट्राई साइकिल की मांग की। डीएम ने आवेदन देने को कहा तथा बीडीओ को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। कुल 11 लोगों ने डीएम को आवेदन सौंपे, जिनके निष्पादन के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने को कहा।डीएम ने फसल सहायता योजना के तहत पांच प्रतिशत जांच सुनिश्चित करने तथा आवास योजना से संबंधित पात्र लाभुकों का सत्यापन कर नाम जोड़ने का निर्देश दिया। नजारत के कैशबुक एवं अन्य संचिकाओं का भी निरीक्षण किया गयास अंचल अधिकारी को अभियान बसेरा के तहत भूमिहीन लोगों के प्राप्त आवेदनों की जांच कर जल्द भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। परिमार्जन, म्यूटेशन सहित



जायजा लेते डीएम।

अन्य लंबित कार्यो को समय सीमा में पूरा करने को कहा गयास इसके अलावा सभी वार्डो में सोलर स्ट्रीट लाइट की जांच, भूमिहीन आंगनबाड़ी केंद्रों को नजदीकी विद्यालय भवन में शिफ्ट करने, स्कूलों का समय पर संचालन एवं एमडीएम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा कार्यो में शिकायत नहीं मिलने और योजनाओं को गुणवत्ता के साथ पूरा करने पर भी जोर दिया गया। लाभुकों को सही वजन के साथ समय पर राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ पकड़ीदयाल मंगला कुमारी मौजूद थीं।

संक्षिप्त खबरें

काशनगर के अन्नू हॉस्पिटल पर सीएस ने दिया जांच का आदेश

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के काशनगर बाजार स्थित अवैध रूप से संचालित अन्नू हॉस्पिटल में नवजात के मौत के बाद बड़ा हंगामा हुआ था। मालूम हो कि बीते 9 अक्टूबर को क्षेत्र काशनगर बाजार स्थित अवैध रूप से संचालित अन्नू हॉस्पिटल में हंगामा की खबर प्रकाशित होने के बाद मंगलवार को सहरसा के सीएस ने संज्ञान लेते हुए जांच टीम का गठन किया है। सहरसा के सिविल सर्जन डॉ राजनारायण कुमार द्वारा 3 सदस्यीय जांच टीम में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डां विवेकानंद, सीएचसी प्रभारी चिकित्सक डां लक्ष्मण तथा डां हरी शेखर को रखते हुए एक हफ्ते के अंदर जांच करते हुआ जांच प्रतिवेदन जमा करने का आदेश जारी किया हैं। अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटल के संचालक डॉ भी कुमार उर्फ मुकेश इस तरह के विवादों से घिरे रहते हैं। खगडिया जिले के संसारपुर गांव निवासी अखिलेश पासवान की पत्नी काजल कुमारी बैलदौर थाना क्षेत्र पिलनगडा स्थित अपने मायके में 1 सितंबर को एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया था। इस बीच 5 सितंबर को शिशु की अचानक तबियत खराब हो गया।जिसके बाद काजल अपने बच्चे को लेकर काशनगर बाजार स्थित अन्नू हॉस्पिटल इलाज के लिए पहुंची। जहां संचालक चिकित्सक डां भी कुमार उर्फ मुकेश कुमार द्वारा बच्चे को एडमिट कर लिया तथा इलाज के लिए 30 हजार रुपए नगद जमा करवाया गया। लेकिन इलाज के दौरान 9 अक्टूबर की शाम शिशु की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने चिकित्सक भी कुमार पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए घंटों हंगामा किया था। उक्त बाबत पीएचसी प्रभारी डां लक्ष्मण ने कहा की सीएस सर द्वारा पूरे प्रकरण व हॉस्पिटल के कागजातों के जांच का आदेश दिया है, मामले में जांच होने पर ही कुछ कहना संभव हो सकेगा।

कोशी स्नातक द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर द्वितीय पीठासीन पदाधिकारी एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारी व अन्य।

सहरसा शहर (एनएसबी)। समाहरणालय स्थित नया सभागार में 6 कोशी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन के निमित्त द्वितीय प्रशिक्षण में पीठासीन पदाधिकारी पीवन, पी टू.पी श्री एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिनियुक्त कर्मी एवं पदाधिकारीयों को मतदान प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी एवं मतपेटिका का उपयोग और अपने-अपने बूथ पर कर्तव्यों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण तीन पालियों में पोलिंग पार्टी वाइज दिया गया। प्रथम पाली सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक आठ पार्टी का, द्वितीय पाली दोपहर 01.00 बजे से 03.00 बजे तक आठ पार्टी का एवं तृतीय पाली 03.30 बजे से 05.30 बजे तक माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर उप निर्वाचन पदाधिकारी, एलेन अरविंद डीन एवं मतपेटिका एवं प्रशिक्षण कोषांग नोडल पदाधिकारी-सह-जिला योजना पदाधिकारी विशाल राधव के मार्गदर्शन एवं प्रर्यवेक्षण में हुआ।

सदर अस्पताल में सुरक्षा गार्ड से मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई की मांग



पीड़ित सुरक्षा गार्ड।

सहरसा शहर (एनएसबी)। मार्डन सदर अस्पताल में ड्यूटी के दौरान एक सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट और यूनिफॉर्म फाड़ने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में सुरक्षा गार्ड बिट्टू कुमार ने सदर अस्पताल स्थित पुलिस चैकी में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में बिट्टू कुमार ने कहा कि वे ओपीडी नंबर-13 में ड्यूटी पर तैनात थे। दोपहर करीब 1 बजे एक युवक ओपीडी के कमरे में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। सुरक्षा गार्ड द्वारा पूछताछ किए जाने पर कथित तौर पर युवक ने उनके साथ मारपीट की और यूनिफॉर्म फाड़ दिया। गार्ड के अनुसार, पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम सौरभ कुमार बताया। वही घटना के बाद अन्य सुरक्षा गार्डों ने मिलकर सौरभ कुमार को अस्पताल स्थित पुलिस चैकी में तैनात पुलिसकर्मी के हवाले कर दिया।सुरक्षा गार्ड ने अस्पताल में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं का भी उल्लेख किया है। उन्होंने मोबाइल, पर्स और मोटरसाइकिल चोरी जैसी घटनाओं पर चिंता जताते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की है। बिट्टू कुमार ने पुलिस से सौरभ कुमार के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

लूटे गए आभूषण को जप्त कर स्वर्णकार सहित 4 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

छपरा सदर (एनएसबी)। मांझी थाना को लूट के संबंध में एक आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें वादी द्वारा बताया गया कि 17 सितंबर को रात्रि में 4 अज्ञात व्यक्ति द्वारा दीवार फांदकर घर में घुसकर सोने एवं चांदी का आभूषण तथा नगद राशि ले लिया तथा मेरे परिवार द्वारा विरोध करने पर उनको हथियार का भय दिखाकर सभी भाग गये। इस संबंध में मांझी थाना कांड संख्या-452/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 के नेतृत्व में एस आई टी टीम का गठन किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में 11 अक्टूबर को गठित एस आई टी टीम द्वारा तकनीकी एवं मानवीय आसूचना संकलन के आधार पर इस कांड में संलिप्त 3 अभियुक्तों को सोने एवं चांदी के आभूषण के साथ गिरफ्तार किया गया । साथ ही गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना में संलिप्त स्वर्णकार को भी सोने एवं चांदी के आभूषण के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में कोपा थाना क्षेत्र के बलडीहा निवाड़ी मुंद्रिका नट का पुत्र कक्कू नट, धोबवलिया निवाड़ी पांडा नट का पुत्र पिंटू नट तथा भागीरथी नट एवं दाउदपुर थाना के दाउदपुर निवासी स्व ठाकुर प्रसाद का पुत्र उत्तम कुमार,ल शामिल है।

शरदीय नवरात्र में गुलजार हुआ अम्बिका भवानी का दरबार

डोरीगंज (एनएसबी)। आश्विन शुक्लपक्ष प्रतिपदा से सिद्धपीठ अम्बिका भवानी के दरबार मे आम से खास लोगों का आना-जाना देखने को मिल रहा है।मॉ की पहली आरती नवरात्र में प्रातः चार बजे के आसपास हो जाती है तब से लेकर देर शाम तक भक्तो के जयकारे और घंटा के तान से पूरा परिसर गुंजयमान रहता है।देर रात्रि मॉ की विशेष श्रृंगार और आरती होती है उसे देखने के लिए रात्रि मे भीं भक्तो से मंदिर भरा रहता है। पाठ करने वालों की भीड प्रातःकाल से ही लगी रहती है।स्थानीय लोगों के सांथ दूर-दराज के श्रद्धालु भी श्रद्धापूर्वक मॉ सिद्धिदात्री अम्बिका भवानी के दरबार मे पाठ करते देखे जा सकते हैं।आमी मंदिर के पूजेडी राजेश उर्फ विट्ठल तिवारी ने बताया कि जो लोगो के मन्नत पूरे होते है वे मॉ अम्बिका का विशेष प्रकार के खुशबूदार फूलो और आभूषण से अंग वस्त्र के सांथ श्रृंगार कराते है।वहीं दूसरे पूजेडी गणेश उर्फ चुन-चुन तिवारी ने कहा की नवरात्रि मे हर स्वस्थ्य और तंदरुस्त लोगो को नवरात्र व्रत और देवी का पाठ करके अपनी भक्ति और शक्ति के अनुरुप मॉ की उपासना अपनी वर्तमान कुशलता और उत्तरोत्तर जीवन मे आने वाली बाधा और समस्याओ से छुटकारा के लिए भक्ति रस मे डुब कर मॉ की आराधना करनी चाहिए।

देशी शराब के साथ धंधेबाज एवं कारोबारी गिरफ्तार

पानापुर (सारण)(एनएसबी)। गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय थाने की पुलिस नें चिमनपुरा गांव में छापेमारी कर लगभग तीन लीटर देशी शराब के साथ धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया।वही उसकी निशानदेही पर बिजौली गांव में छापेमारी कर कारोबारी को भी गिरफ्तार कर लिया।बताया जाता हैं कि शराब धंधेबाजों एवं कारोबारियों के खिलाफ थानाध्यक्ष संजीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस मुरलीमठ गांव पहुंची थी।इसी बीच सूचना मिली कि चिमनपुरा गांव निवासी नरेश राय शराब की बिक्री कर रहा हैं। सूचना मिलते ही पुलिस नें दबिश दी।पुलिस की गाड़ी देख धंधेबाज हाथ में लिए झोले को फेंक कर भागने लगा जिसे पुलिसबलों नें खदेड़कर पकड़ लिया। फेंके गये झोले की तलाशी लेने पर प्लास्टिक के 250 एमएल के बंधे 13 पैकेट मिले जिसे पुलिस नें जब्त कर लिया।पूछताछ में उसके बिजौली गांव निवासी रणविजय साह से शराब खरीदने की बात कही जिसके बाद पुलिस नें बिजौली गांव में छापेमारी कर कारोबारी रणविजय साह को भी गिरफ्तार कर लिया।

प्रियनगर में स्वास्थ्य सेवा बहाल करने की मांग पर दूसरी बार सड़क जाम

अधिकारियों ने 40 दिनों में पहल का दिया आश्वासन, ग्रामीणों ने समाप्त किया प्रदर्शन

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रियनगर गांव स्थित उपस्वास्थ्य केंद्र में प्रसव सेवा बंद होने से नाराज ग्रामीणों और महिलाओं ने मंगलवार को दूसरी बार सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी उपस्वास्थ्य केंद्र में पूर्व की तरह प्रसव सेवा बहाल करने की मांग कर रहे थे। सड़क जाम के कारण कुछ समय तक आवागमन बाधित रहा।

जाम की सूचना पर बीडीओ गुलशन कुमार झा, राजस्व अधिकारी शशिभूषण कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक राजकुमार सिंह, थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी, एसआई रितेश कुमार और कांग्रेस नेता रामकुमार पासवान मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रही महिलाओं और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों का कहना था कि उपस्वास्थ्य केंद्र में प्रसव सेवा बंद होने से स्थानीय महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। पहले गांव में ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होने से गर्भवती महिलाओं को सहूलियत मिलती थी। सेवा बंद होने के बाद उन्हें इलाज और प्रसव के लिए दूसरी जगह जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने पूर्व की व्यवस्था बहाल करने की मांग की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाते हुए स्वास्थ्य सेवा बहाल करने की दिशा में पहल करने के लिए 40 दिनों का समय मांगा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और सड़क जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि निर्धारित समय के भीतर उपस्वास्थ्य केंद्र में प्रसव सेवा बहाल करने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। इससे गांव की गर्भवती महिलाओं और अन्य मरीजों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रदर्शन में शामिल महिलाएं नीला देवी, रेणु देवी, अनिता देवी, किरण देवी, फुलिया देवी, नीलम देवी, सोनी देवी, मंजु देवी, शोभा देवी, रूबी देवी, काला देवी, किरानी देवी, ललिता देवी, सरिता देवी, उषा देवी और मुन्नी देवी सहित अन्य महिलाएं शामिल थीं।



प्रदर्शन करते ग्रामीण।

श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव महिषी के तैयारी को लेकर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

सहरसा शहर (एनएसबी)। नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा की अध्यक्षता मे नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को जिला अंतर्गत प्रस्तावित विभिन्न महोत्सव की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव, महिषी- 2026श के आयोजन हेतु विचार-विमर्श किया गया।बैठक के दौरान विभिन्न कमिटी के समीक्षा के साथ ग्रामीण बुद्धिजीवी को इस महोत्सव से जोड़ने, पुस्तक मेला आयोजन, स्मारिका के गुणवत्ता मौलिकता के साथ सेमिनार एवं वाद-विवाद समिति संयोजक बनाने के प्रस्ताव पर विचार विमर्श किया गया।साथ ही महोत्सव आयोजन की तिथि निर्धारण मे जिलाधिकारी द्वारा बाढ सहित अन्य कारणों से छठ पूजा उपरांत

■ तीन दिवसीय कार्यक्रम 19, 20 व 21 नवम्बर को होगा

19,20 व 21 नवम्बर को तीन दिवसीय महोत्सव आयोजन की तिथि निर्धारित की गई है।ज्ञात हो कि श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव में पहली बार विशेष रूप से फूड कार्ट का आयोजन किया जा रहा है।जिसमें मिथिला भोजन व्यंजन के साथ साथ प्रसिद्ध व्यंजन व खाद्य पदार्थ का भी इंतजाम किया जा रहा है।नगर आयुक्त प्रभात कुमार झा ने बताया कि श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव एक महत्वपूर्ण आयोजन है।इस आयोजन को विश्वस्तरीय उत्सव मनाये जाने को लेकर ख्यातिप्राप्त प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया जा रहा है।

एसपी विक्रम सिहाग ने प्रशिक्षु सिपाहियों के परेड का किया निरीक्षण

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने मंगलवार को पुलिस केन्द्र, सहरसा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सिपाहियों के परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड की अनुशासन, वेश-भूषा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया।

एसपी विक्रम सिहाग ने प्रशिक्षु सिपाहियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी की सफलता उसकी तैयारी, अनुशासन और जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार से तय होती है। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता में लगातार सुधार लाने तथा प्रशिक्षुओं को शारीरिक, मानसिक और व्यावसायिक रूप से सक्षम बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए अनुशासन और अनुभव ही भविष्य में बेहतर पुलिसिंग की नींव रखेंगे। इस दौरान पुलिस पदाधिकारी एवं प्रशिक्षु सिपाही उपस्थित थे।



निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक।

सोनवर्षा में फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की हुई बैठक, छठ पर्व में 10 नवम्बर तक उठाव करने की मांग

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड आपूर्ति कार्यालय के सभागार में मंगलवार को फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार ने की, जबकि संचालन सचिव संतोष कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से नवंबर माह के खाद्यान्न उठाव और छठ पर्व को देखते हुए समय पर अनाज उपलब्ध कराने के मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में संघ के सदस्यों ने मांग की कि नवंबर 2026 के खाद्यान्न का उठाव छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए 10 नवंबर तक शत-प्रतिशत पूरा कराया जाए। इससे जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं को समय पर अनाज उपलब्ध हो सकेगा और लाभुकों को राशन प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। संघ के पदाधिकारियों ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों से संबंधित सक्षम अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा गोदाम संचालक से खाद्यान्न उठाव के बाद मजदूरों के माध्यम से अनाज की लोडिंग और अनलोडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई, ताकि विक्रेताओं को खाद्यान्न उठाव के दौरान अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।बैठक में संघ के उपाध्यक्ष राज कुमार गुप्ता, लड्डू भगत, संगठन मंत्री सुरेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी नीरज त्यागी, गुरुवचन पासवान, अमीन यादव, मो. जावेद, भोला प्रसाद सिंह, नरेश यादव, मोहन कुमार, गुंजन पासवान, गजेंद्र कुमार और प्रवीण हेंब्रम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



बैठक में फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन।

सहरसा में मधनिषेध, छिनतई और चोरी के मामलों में चार गिरफ्तार, एक नाबालिग के विरुद्ध कार्रवाई



सहरसा शहर (एनएसबी)। सहरसा जिले के सदर थाना पुलिस ने मद्यनिषेध, छिनतई एवं चोरी से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा एक विधि-विरुद्ध बालक के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई है। सहरसा पुलिस की ओर से 13 अक्टूबर 2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसकी जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में अजय कुमार यादव, रघुवीर राय और छोटू कुमार उर्फ कृष्णा कुमार शामिल हैं। अजय कुमार यादव दरहार थाना क्षेत्र के गढ़िया लोहार गांव के निवासी बताए गए हैं। रघुवीर राय सहरसा जिले के महिषी थाना क्षेत्र अंतर्गत भागवतपुर के निवासी हैं। वहीं, छोटू कुमार उर्फ कृष्णा कुमार सहरसा के फोर्स कॉलोनी, वार्ड संख्या 17 का निवासी बताया गया है। विज्ञप्ति में एक महिला का भी उल्लेख है। सदर थाना पुलिस ने मद्यनिषेध, छिनतई और चोरी से संबंधित मामलों में यह कार्रवाई की है। हालांकि, जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रत्येक आरोपित के विरुद्ध दर्ज मामले और उनकी भूमिका का विस्तृत ब्योरा नहीं दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जारी प्रयासों का पता चलता है। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बसनही पुलिस ने देशी शराब और प्रतिबंधित कोरेक्स के साथ तीन को किया गिरफ्तार

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। बसनही थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाईयों में देसी चुलाई शराब और प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शराब बरामदगी के मामले में एक बाइक भी जब्त की है। गिरफ्तार तीनों आरोपितों को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में सहरसा भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, बड़गांव-बलिया नहर के पास वाहन जांच के दौरान बाइक सवार दो युवकों को पकड़ा गया। उनकी पहचान पतरघट थाना क्षेत्र के ओमप्रकाश मेहता (20) और संजय कुमार मेहता (37) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से एक-एक लीटर की 26 पॉलीथिन में कुल 26 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की गई। इसके बाद पुलिस ने बाइक भी जब्त कर ली। वहीं, दूसरी कार्रवाई में गुप्त सूचना के आधार पर अतलखा वार्ड संख्या तीन निवासी पिंकेश कुमार (21) को उसके घर के पीछे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से 100 एमएल की 65 बोतलों में कुल 6.50 लीटर प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद किया। इस संबंध में बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि दोनों मामलों में कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद मंगलवार को उन्हें न्यायिक हिरासत में सहरसा भेज दिया गया।



गिरफ्तार आरोपी को जेल लेकर जाती पुलिस।

परीक्षा नियंत्रक बने आलोक कुमार झा, नव निर्वाचित समिति सदस्य का हुआ भव्य स्वागत

सहरसा शहर (एनएसबी)। शहर के सुपर मार्केट स्थित प्रमंडलीय पुस्तकालय में मंगलवार को चिल्ड्रन स्कूल एसोसिएशन की आम सभा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान पूर्व में बने नए कमेटी सदस्यों का भव्य स्वागत किया गया। वहीं परीक्षा नियंत्रक के रूप में सर्वसम्मति से आलोक कुमार झा का चयन किया गया।

इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष सह कार्यकारी अध्यक्ष इंजीनियर नरेंद्र कुमार ने बताया कि चिल्ड्रन स्कूल एसोसिएशन के द्वारा निजी विद्यालय के 12 से 13 हजार बच्चों के बीच मेधा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। जिसमें संगठन के सभी सदस्य स्कूल की छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित होते हैं। जिनमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर प्रस्तुत किया जाता है। साथ ही प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है ।उन्होंने कहा कि संगठन के द्वारा सर्वसम्मति से चुने गए नई कमेटी सदस्यों का भव्य स्वागत किया गया।सचिव रमेश कुमार ने बताया कि योग्य एवं अनुभवी परीक्षा संयोजक के चयन से स्वच्छ पारदर्शी एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।वे एक अच्छे प्रशासक है। इस अवसर पर संयुक्त सचिव विष्णु देव कुमार, कोषाध्यक्ष बबलू कुमार, परीक्षा नियंत्रक आलोक कुमार झा, पूर्व प्रमंडलीय अध्यक्ष रामसुंदर साहा, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज मनोहर, पूर्व परीक्षा नियंत्रक अनिल कुमार सहित सभी स्कूलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



बैठक में चिल्ड्रन स्कूल एसोसिएशन सदस्य।

संक्षिप्त खबरें

बिजली की करंट लगने से बेहोश

बेलदौर। बिजली की करंट लगने से एक साठ वर्षीय वृद्ध अचेत हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उन्हें तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। यह घटना मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे बेलदौर-पचौत रोड की बताई जा रही है। पीड़ित वृद्ध की पहचान नगर पंचायत के वार्ड नंबर 12 निवासी स्वर्गीय पारो शर्मा के साठ वर्षीय पुत्र धनिकलाल शर्मा उर्फ बौकू पहलवान के रूप में की गई है। परिजनों के मुताबिक घटना के समय पीड़ित अपने मवेशी बथान पर पशुपालन से जुड़े कार्य कर रहे थे। इसी दौरान वे एक बांस को उठाकर दूसरी जगह रखने की कोशिश कर रहे थे, तभी ऊपर से गुजर रहे 11 हजार केवी के नंगे तार के संपर्क में आ गए, जिससे वे अचेत हो गए।

शराब बेचने के आरोप में गिरफ्तार

बेलदौर। शराब बेचने के आरोप में बेलदौर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया। जानकारी के मुताबिक बेलदौर थाना क्षेत्र के चौढली पंचायत के बकेन टोला निवासी विलास शर्मा के पुत्र रविंद्र कुमार शर्मा को इतमादी पिकेट प्रभारी नगीना प्रसाद ने गुप्त सूचना के आधार पर से गिरफ्तार किया। इस संबंध में बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि उक्त व्यक्ति को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया।

विशेष अभियान चलाकर मेला परिसर को किया साफ सफाई

महेशखूंट। गोगरी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मां दुर्गा पूजा को लेकर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। और ब्लिचिंग पाउडर व चुना का छिड़काव भी किया गया। वही पकरैल पंचायत के मां दुर्गा मंदिर परिसर के आस पास के क्षेत्रों में स्वच्छता पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता कर्मीओं से साफ सफाई कराया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षक रविशंकर कुमार ने बताया कि मेला परिसर स्वच्छ और सुन्दर दिखे इसको लेकर मेला समापन तक कुछ स्वच्छता कर्मीयों को साफ सफाई के लिए तैनात किया गया है। स्वच्छता पर्यवेक्षक ने बताया की पूजा व मेला में श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता,सुविधा तथा सुरक्षा की उत्तम व्यवस्था रहेगी। वहीं सार्वजनिक नव दुर्गा मंदिर रेलवे स्टेशन परिसर, महेशखूंट झिटकियां के रामचन्द्रपुर बन्नी के चौधा व बाबुबगीचा रोहरी,गोछारी में भी स्वच्छता पर्यवेक्षक के नेतृत्व में मंदिर परिसर की साफ सफाई कराकर ब्लिचिंग पाउडर की छिड़काव कराया गया। पकरैल में स्वच्छता कर्मी किरण देवी,प्रमीला देवी,देवकांत कुमार,रेखा देवी,ओमप्रकाश यादव,बटोरते तांती, रामबिलास साह आदि मौजूद थे।

दो बाइक टक्कर से चालक गंभीर रूप से घायल

पसराहा। थाना क्षेत्र में एनएच 31 एक बार फिर सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य केंद्र बनता जा रहा है, जहां पिछले तीन दिनों में छह लोग घायल हो चुके हैं। सोमवार की देर शाम पसराहा से ननकार जा रही एक मोटरसाइकिल की टक्कर पथबंधु पेट्रोल पंप के समीप सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से हो गई। इस भीषण टक्कर में मोटरसाइकिल चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बिहपुर ननकार निवासी ओपी दास के पुत्र अनंत कुमार रविदास के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। गनीमत यह रही कि दुर्घटना के समय मोटरसाइकिल पर सवार महिला और उसके दोनों छोटे बच्चों को, जिनकी उम्र क्रमशः एक माह और डेढ़ वर्ष थी, कोई चोट नहीं आई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों को अवगत कराया गया। मौके पर पहुँचे पसराहा डायल 112 के एसआई नवीन कुमार और चालक चंदन कुमार ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सकुशल घर भेज दिया गया है।

शेष खबरें पेज नं. 12 पर

खगड़िया के कॉलेजों को मुंगेर विश्वविद्यालय में रखने की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन



प्रदर्शन करते छात्र।

गोगरी (एनएसबी)। खगड़िया जिले के सभी कलेजों को मुंगेर विश्वविद्यालय के अधीन बनाए रखने की मांग को लेकर मंगलवार को केडीएस कलेज गोगरी में छात्र-छात्राओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन शुरू किया। यह प्रदर्शन उगन कुमार और रितिक कुमार के नेतृत्व मे किया गया। दो दिवसीय आंदोलन के पहले दिन विद्यार्थियों ने सरकार से मांग की कि खगड़िया जिले के कलेजों को प्रस्तावित रामधारी सिंह दिनकर विश्वविद्यालय, बेगूसराय में स्थानांतरित करने के बजाय मुंगेर विश्वविद्यालय के अधीन ही रखा जाए। यह आंदोलन बुधवार, 14 अक्टूबर को भी जारी रहेगा। प्रदर्शन कर रहे छात्र उगन कुमार का कहना है कि खगड़िया जिले के विद्यार्थियों के लिए मुंगेर विश्वविद्यालय भौगोलिक रूप से अधिक नजदीक और सुविधाजनक है। यदि जिले के कलेजों को बेगूसराय विश्वविद्यालय के अधीन किया जाता है, तो कई प्रखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को लगभग 80 से 100 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ सकती है। इससे विद्यार्थियों पर अतिरिक्त यात्रा खर्च का बोझ बढ़ेगा और समय की भी बर्बादी होगी। इसका सबसे अधिक असर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के विद्यार्थियों पर पड़ने की आशंका है।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय से जुड़ी शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को आवागमन में परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसलिए सरकार को विद्यार्थियों की सुविधा, आर्थिक स्थिति और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिए। आंदोलन को समर्थन देने के लिए केडीएस कलेज के पूर्व छात्र एवं एसएसएआई छात्र अध्यक्ष अभिषेक आनंद भी 14 अक्टूबर को प्रदर्शन में शामिल होंगे। वे आंदोलनरत छात्र-छात्राओं के साथ एकजुटता जाहिर करते हुए खगड़िया जिले के सभी कलेजों को मुंगेर विश्वविद्यालय के अधीन बनाए रखने की मांग का समर्थन करेंगे। अभिषेक आनंद इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को लगातार पत्र लिखकर ध्यान आष्ट कराते रहे हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं रहे मौजूद रहे।

राज कुमार ने गतका चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक, भव्य स्वागत

पसराहा (एनएसबी)। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में आयोजित 10वीं सीनियर नेशनल गटका चौंपियनशिप 2026 में बिहार की टीम ने उत्ष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खगड़िया जिले के छह होनहार खिलाड़ियों ने बिहार का प्रतिनिधित्व किया था। इनमें बन्नी वार्ड नंबर 11 के निवासी लड्डू लाल सिंह के पुत्र राज कुमार ने तलवारबाजी में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया। गतका खगड़िया एसोसिएशन के खिलाड़ी ने शानदार खेल के दम पर कांस्य पदक जीतकर शेर-ए-बिहार का खिताब अपने नाम कर लिया। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से जिले के खेल प्रेमियों, ग्रामीणों और युवाओं में काफी उत्साह और गर्व का माहौल है। राष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहराकर वापस लौटने पर मंगलवार को बन्नी रोहड़ी स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बेलदौर विधानसभा के विधायक पन्नालाल पटेल, जदयू जिला उपाध्यक्ष आदित्य पटेल, गोगरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद, गोगरी प्रमुख अशोक कुमार पंत, बन्नी के पंचायत समिति सदस्य मनीष कुमार, पूर्व उप प्रमुख दिनेश सिंह तथा अरुण कुमार सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने गटका चौंपियन राज कुमार को बुके, अंगवस्त्र और शल प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद ने कहा कि राज कुमार की यह सफलता न केवल बन्नी गांव बल्कि पूरे खगड़िया जिले और बिहार राज्य के लिए बेहद गर्व का विषय है। सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से राष्ट्रीय पटल पर पदक जीतना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज कुमार की इस बड़ी उपलब्धि से प्रेरणा लेकर क्षेत्र के अन्य युवा भी खेल जगत में आगे आएंगे और भविष्य में देश-विदेश में नई ऊंचाइयों को छुएंगे।



-विधायक पन्नालाल पटेल व अन्य।

चौथम राज दुर्गा मंदिर में इस बार दिखेंगे मां के विभिन्न दिव्य स्वरूप, मेले की रौनक भी होगी खास

चौथम (एनएसबी)। शारदीय नवरात्र को लेकर चौथम राज स्थित ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर में भक्ति, आस्था और उत्साह का माहौल है। नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान मां के खड्ग की विशेष पूजा की गई, जो यहां की पूजा परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस वर्ष मंदिर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विभिन्न आकर्षक स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनने वाले हैं। वहीं, मेले में भी पहले की अपेक्षा अलग तरह की रौनक देखने को मिलेगी। भक्ति और परंपरा के साथ मनोरंजन का संगम इस बार चौथम राज दुर्गा पूजा को और खास बनाने वाला है।

1942 से निरंतर चली आ रही पूजा की परंपरा : चौथम राज दुर्गा मंदिर की स्थापना वर्ष 1942 में हुई थी। स्थापना काल से ही यहां दुर्गा पूजा की परंपरा निरंतर जारी है। चौथम ड्योढ़ी परिवार द्वारा समय-समय पर पूजा को भव्य स्वरूप देने का प्रयास किया जाता रहा है। वर्तमान में ड्योढ़ी के मालिकाना अधिकार रखने वाले युवराज शंभू मां दुर्गा की पूजा के प्रति समर्पित भाव से तन, मन और धन से योगदान दे रहे हैं। पूजा की विधि-व्यवस्था से लेकर आय-व्यय तक की जिम्मेदारियों का निर्वहन उनके द्वारा किया जाता है। इस मंदिर की पूजा की सबसे खास बात यह है कि निजी स्तर पर खर्च वहन किए जाने के बावजूद पूजा का संकल्प केवल किसी एक परिवार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि नाना गोत्र एवं संपूर्ण चौथम राज समाज के मंगल और कल्याण की कामना के साथ किया जाता है। यही सामूहिक आस्था इस आयोजन को विशिष्ट पहचान प्रदान करती है।

विद्वान आचार्यों के नेतृत्व में होता है विधि-विधान : चौथम राज दुर्गा मंदिर में प्रत्येक वर्ष वैदिक परंपराओं और निर्धारित विधि-विधानों के अनुसार मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके लिए जगद्गुरु शंकराचार्य के शिष्य ओमप्रकाश जी महाराज, राम बिहारी तथा बनारस से आने वाले प्रकांड पंडितों के मार्गदर्शन में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाते हैं। वहीं, ठाकुरबाड़ी और दुर्गा पूजा से जुड़ी व्यवस्थाओं तथा संयोजन की जिम्मेदारी प्रतिवर्ष ड्योढ़ी परिवार की ओर से मितेंद्रनाथ मिश्र निभाते हैं। इस भव्य आयोजन में धार्मिक परंपराओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के साथ व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। पूजा के दौरान होने वाले विशिष्ट अनुष्ठानों और पारंपरिक विधि-विधानों को देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं।

संध्या आरती में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़ : मंदिर परिसर में प्रत्येक संध्या भव्य आरती का आयोजन किया जाता है। आरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठता है। मां की आरती में शामिल होने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु पहुंचते हैं। दीपों की रोशनी, घंटियों की गूंज और मां के जयकारों से मंदिर परिसर का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर जाता है। चौथम राज दुर्गा मंदिर की प्रसिद्धि का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहां प्रत्येक वर्ष विभिन्न क्षेत्रों से अधिकारी, राज्य स्तरीय न्यायिक अधिकारी, आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी अपने परिवार के साथ मां के दर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचते हैं। इस प्रकार मंदिर धार्मिक आस्था के साथ-साथ क्षेत्र की सांस्तिक पहचान का भी महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है।

इस बार अलग-अलग स्वरूपों में होंगे मां के दर्शन : इस वर्ष दुर्गा पूजा में प्रतिमाओं का स्वरूप श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहने वाला है। बताया जाता है कि पिछले कई दशकों से मां की प्रतिमाओं को आकर्षक स्वरूप देने वाले कलाकार के निधन के बाद इस बार अलग-अलग कलाकारों द्वारा प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। कलाकारों ने अपनी कला और कल्पनाशीलता के माध्यम से मां के विभिन्न रूपों को साकार करने का प्रयास किया है।

प्रतिमाओं के स्वरूप में इस बदलाव के कारण इस बार श्रद्धालुओं को मां के अलग-अलग और मनमोहक रूपों के दर्शन करने का अवसर मिलेगा। मंदिर पहुंचने वाले भक्तों के लिए यह अनुभव विशेष रहने वाला है। मां की प्रतिमाओं की सजावट, उनके स्वरूप और धार्मिक महत्ता को लेकर श्रद्धालुओं में उत्सुकता बनी हुई है।



पूजा में शामिल पंडित व अन्य।

झूला, ब्रेक डांस और नाव झूला बढ़ाएंगे मेले की रौनक : चौथम राज दुर्गा पूजा की पहचान केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां लगने वाला मेला भी लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहता है। इस बार मेले को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। मेले में लक्ष्मण झूला, ब्रेक डांस झूला, नाव झूला समेत विभिन्न प्रकार के मनोरंजक झूलों की व्यवस्था की जा रही है। झूलों की अलग-अलग किस्में बच्चों, युवाओं और परिवार के साथ आने वाले लोगों के लिए खास आकर्षण बनेंगी।मेले में खरीदारी, खान-पान और मनोरंजन के बीच श्रद्धालुओं को उत्सव का अलग अनुभव मिलेगा। नवरात्र के दौरान आसपास के गांवों और दूर-दराज के इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। ऐसे में इस बार मेले का बदला हुआ स्वरूप और मनोरंजन की बढ़ती सुविधाएं इसकी रौनक को और बढ़ाने वाली हैं।

महिषासुर वध की परंपरा,नवमी-दशमी को उमड़ता है जनसैलाब : चौथम राज दुर्गा मंदिर की अपनी विशिष्ट धार्मिक परंपरा और ऐतिहासिक पहचान है। यहां महिषासुर वध की परंपरा विशेष महत्व रखती है। इसी कारण नवरात्र के दौरान मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। खासकर नवमी और दशमी के अवसर पर चौथम थाना मुख्यालय स्थित बाजारों और आसपास की सड़कों पर लोगों की आवाजाही काफी बढ़ जाती है। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौथम पुलिस भी सतर्क रहती है। मेले के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचने और श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार वाहनों के प्रवेश और परिचालन पर प्रतिबंध लगाया जाता है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात नियंत्रित रखने के प्रयास किए जाते हैं, ताकि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के मां के दर्शन कर सकें और मेले का आनंद उठा सकें।

संक्षिप्त खबरें

जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की प्रदेश व जिला कमेटी घोषित

नीतीश कुमार के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का मिला टास्क

खगड़िया (एनएसबी)। जनता दल (यूनाइटेड) के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल के नेतृत्व में संगठन को मजबूत और व्यापक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने अनुमोदनोपरांत अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की बिहार प्रदेश कमेटी के पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी 42 जिलों के जिलाध्यक्षों की सूची सार्वजनिक कर दी। नई टीम के गठन के साथ ही पार्टी ने अतिपिछड़ा समाज के बीच संगठन की पहुंच बढ़ाने और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी तेज कर दी है। घोषित प्रदेश कमेटी में 47 प्रदेश उपाध्यक्ष, 99 प्रदेश महासचिव और 69 प्रदेश सचिव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त बिहार के 42 जिलों के लिए जिलाध्यक्षों की घोषणा भी की गई है। इस प्रकार प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपकर अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ को सक्रिय बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने नवगठित टीम के सभी पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों को संगठन के प्रति पूरी निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का टास्क दिया है। उन्होंने बिहार के सर्वमान्य नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों, सामाजिक न्याय और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को आम लोगों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही, अतिपिछड़ा समाज के लोगों के बीच संवाद स्थापित कर उन्हें संगठन से जोड़ने तथा पार्टी की विचारधारा को मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर काम करें। बबलू कुमार मंडल ने टीम के सदस्यों को स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के नेतृत्व में जनता दल (यूनाइटेड) को आगे बढ़ाने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ काम में जुट जाने का स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने संगठनात्मक एकजुटता, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और जनसंपर्क को पार्टी की मजबूती का महत्वपूर्ण आधार बताया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पदाधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल संगठनात्मक पद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनता के बीच जाकर काम करने और पार्टी के प्रति विश्वास को मजबूत करने का अवसर भी है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ संगठन के विस्तार में योगदान देने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने बताया कि अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की नई टीम में बिहार के सभी जिलों से कार्यकर्ताओं को जगह देने का प्रयास किया गया है। उनका उद्देश्य संगठन को व्यापक आधार देना और प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना उनकी प्राथमिकता है। पार्टी की नीतियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। बबलू कुमार मंडल ने भरोसा जताया कि नई प्रदेश एवं जिला कमेटी के गठन से अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ की गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि वे पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए बिना रुके काम करते रहेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रखेंगे।

थैलेसीमिया के मरीजों को बचाने हेतु हम सब का सामाजिक दायित्व है : डॉ. विवेकानंद

खगड़िया (एनएसबी)। जिला में थैलेसीमिया के मरीजों की जीवन को बचाने के लिए अपने सामाजिक दायित्व को पूरा करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कलेज आवास बोर्ड के द्वारा एक दिवसीय रक्तदान षिविर के साथ-साथ सेमिनार और जि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कलेज के छात्र एवं छात्रा तथा शिक्षक गण एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डक्टर प्रदीप कुमार के नेतृत्व में श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज सह शहीद प्रभु नारायण मल्टी स्पेशलिटी हस्पिटल के ब्लड बैंक में दर्जनों छात्रों के साथ रक्तदान किया। इस अवसर पर ट्रामा एंड आर्ट के शिक्षक हरीकिशोर ठाकुर, ड प्रदीप कुमार, प्रोफेसर शशि भूषण कुमार,संबल फातिमा, नेहा कुमारी, भव्या कुमारी, ष्टि राज, पूजा कुमारी, प्रीति कुमारी,लूसी कुमारी, बाल विजय, राहुल कुमार, धीरज कुमार, प्रशांत कुमार, आयुष कुमार ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज सह शहीद प्रभु नारायण मल्टी स्पेशलिटी हस्पिटल के डायरेक्टर डक्टर विवेकानंद एवं राजमाता माधुरी देवी टीचर ट्रेनिंग कलेज के अध्यक्ष डक्टर रीना कुमारी रुबी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। ड विवेकानंद ने कहा खगड़िया जिला के थैलेसीमिया के मरीजों को बचाने हेतु हम सब का सामाजिक दायित्व है कि रक्तदान करें और उनके जीवन को बचाएं। ज्ञात हो थैलेसीमिया के मरीजों से कोई भी हस्पिटल ना कोई पैसा ले सकता है ना उसके मरीज के परिजनों से ब्लड डोनेट के लिए कह सकता है।ड रीना कुमारी रुबी ने कहा हमारे संस्थान के सभी लोग हमेशा सामाजिक दायित्व को पूरा करने के लिए तत्पर रहते हैं।

कोसी ातक निर्वाचन-2026 की तैयारियों को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद के कोसी ातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन, 2026 की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित जिला निर्वाचन शाखा में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची, मतदान केंद्रों तथा निर्वाचन की तैयारियों से संबंधित जानकारी साझा की गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, खगड़िया जिले में 23 अक्टूबर 2026 को मतदान तथा 27 अक्टूबर 2026 को मतगणना निर्धारित है। निर्वाचन कार्यक्रम के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू है। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 11 मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा, जिनमें 8 मूल एवं 3 सहायक मतदान केंद्र शामिल हैं। 6 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 9,470 मतदाता पंजीत हैं। इनमें 7,332 पुरुष एवं 2,138 महिला मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन के लिए पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त दिनेश कुमार निर्वाची पदाधिकारी हैं। वहीं, जिलाधिकारी विक्रम विरकर, भाप्रसे, जिले के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारी के रूप में अधिसूचित हैं। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित मतदान केंद्रों की सूची तथा 6 अक्टूबर 2026 को प्रकाशित फोटोयुक्त मतदाता सूची, अनुपूरक-1 एवं अनुपूरक-2 सहित, उपलब्ध कराई गई। निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इस निर्वाचन में मतपत्र के माध्यम से मतपेटिका द्वारा मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद सीलबंद मतपेटिकाओं को जिला स्कूल, पूर्णिया परिसर स्थित वज्रगृह में जमा कराया जाएगा। मतगणना पूर्णिया स्थित निर्धारित मतगणना केंद्र पर संपन्न होगी। बैठक के अंत में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने में जिला प्रशासन को सहयोग देने की अपील की गई।

गोगरी विविज्ञ संघ के अध्यक्षत बने प्रियवर्त सिंह

गोगरी(एनएसबी)। विविज्ञ संघ गोगरी का आम चुनाव संपन्न हो गया। इस चुनाव में अध्यक्ष पद पर ड प्रियवर्त सिंह ने 60 मतों के अंतर से नलिनेश कुमार सिन्हा को हराया। ज्ञात हो कि श्री सिंह निवर्तमान में महासचिव थे। जीत पर विविज्ञ संघ गोगरी के अधिवक्ता एवं उनके समर्थक काफी उत्साह के साथ फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया। बताते चलें कि प्रियवर्त सिंह पूर्व में भी अनंत प्रसाद को हराकर अध्यक्ष पद को सुशोभित किए हैं और 9 वीं वार महासचिव के पद पर काबिज हुए थे। जन विकास मंच के अध्यक्ष मोहम्मद अबू उर्फ गुदर सेठ,संयुक्त सचिव नरेश कुमार यादव एवं संघ के मीडिया प्रभारी रविश अन्ना ने बधाई देते हुए कहा कि श्री सिंह के जीतने से विविज्ञ संघ गोगरी एवं अनुमंडल का विकास काफी गति के साथ होगा। वहीं मुख्य निर्वाची पदाधिकारी मोहम्मद हंसनैन एवं वरीय अधिवक्ता विवेकानंद सिंह ने संयुक्त रूप से बधाई देते हुए कहा कि महासचिव के पद पर श्री विजय सिंह निर्वाचित हुए हैं। कोषाध्यक्ष के पद पर विनय पासवान निर्वाचित हुए। सभी जीते हुए प्रत्याशी को 14 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह में जीत का सर्टिफिकेट देने की बात कही गई है। वही पूर्व अध्यक्ष शिव शंकर चौधरी, अधिवक्ता अरुण कुमार झा, अरुण कुमार शर्मा,कैलाश चंद्र शर्मा,नंदकिशोर मंडल,शिव शंकर मिश्र,पा शंकर मिश्र,नूनू बाबू ,समाज सेवी सिकंदर सिंह,मनोहर शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि एम कुमार सिंह, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि तपेंद्र सिंह, जानकीनाथ साहनी, रंजीत सिंह, रवीश कुमार, अभिषेक कुमार आनंद, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य समाजसेवी ने बधाई दिये हैं।

संक्षिप्त खबरें

दनियावां में बाल श्रम के खिलाफ छापेमारी, दो बाल श्रमिक मुक्त कराए गए

दनियावां। श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार की धावा दल की टीम ने सोमवार को दनियावां बाजार में बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई दुकानों में छापेमारी की। इस दौरान दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। धावा दल की ओर से बताया गया कि बाल श्रम के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। दुकानदारों को बाल श्रम नहीं कराने की हिदायत दी गई। छापेमारी दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रोहित कुमार, विकास कुमार, भवानी झा, पुलिस सब-इंस्पेक्टर सुनीता कुमारी, अजीत कुमार सिंह, राजू राज और बिरजू कुमारी सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

हड़ताल के कारण फतुहा अंचल में प्रमाणपत्र बनाने का काम ठप

फतुहा। अंचल में कार्यरत राजस्व कर्मियों की अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जाने से प्रखंड में जाति, आवासीय, ओबीसी, एनसीएल व इडब्ल्यूएस का प्रमाण पत्र बनाने का काम पिछले कई दिनों से ठप है। प्रमाणपत्र को लेकर प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में छात्र एवं आमजन प्रखंड में पहुंचत हैं लेकिन उन्हें बैरन घर लौट जाना पड़ता है। विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में फार्म भरने के लिए इन प्रमाणपत्रों की आवश्यकता होती है जिसके निष्पादन न होने से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है। इस सम्बन्ध में फतुहा सीओ मुकेश कुमार ने बताया कि इस स्थिति में कर्मचारी की जगह अमीन को जिम्मेवारी दी गई है ताकि किसी का काम न रुके। ज्ञात हो कि गत छह अक्तूबर से विभिन्न मांगों को लेकर सभी कर्मचारी हड़ताल पर चले गये हैं जिसके बाद से प्रमाणपत्र बनाने के अलावा कई व्यवस्थाएं चरमरा गईं हैं।

गांजा के साथ एक गिरफ्तार

फतुहा। नदी थाने की पुलिस ने मंगलवार को गांजा तस्करी मामले में एक युवक सबलपुर निवासी टीपू यादव को गिरफ्तार किया है। उसके पास से करीब दो किलो गांजा बरामद किया गया है। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित अपनी गुमटीनुमा दुकान से गांजा का धंधा कर रहा है। इसके बाद छापेमारी कर उसकी गुमटी से 1191 किलो गांजा बरामद करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सोनपुर मंडल का मेगा टिकट जांच अभियान लगातार जारी

सोनपुर (एन एसबी) सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान में टिकट जांच कर्मियों, रेलवे सुरक्षा बल तथा वाणिज्य विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से सघन जांच की। इस अभियान के दौरान बिना टिकट, अनियमित टिकट एवं बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा करने वाले '2020' यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिससे ₹ '17,31,625' ₹- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। वहीं, विदित हो कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक मंडल द्वारा कुल '3,93,609' मामलों में कार्रवाई करते हुए ₹ '31,14,82,230' ₹- का रेल राजस्व प्राप्त किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें तथा यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें। बिना टिकट अथवा अनियमित टिकट के यात्रा करने पर रेलवे अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाती है। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ रेलवे राजस्व की सुरक्षा हेतु भविष्य में भी ऐसे विशेष टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रखेगा।



टीटीई द्वारा टिकट जांच।

स्वच्छता एक सामाजिक जिम्मेदारी मिलकर करें : सीडब्ल्यूएम

नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश, रेल इंजन कारखाना में दो टीमों को मिला सम्मान



कारखाना में नुक्कड़ नाटक करते अप्रेंटिस कमी।



संबोधित करते सीडब्ल्यूएम।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को रेल इंजन कारखाना, जमालपुर में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल के पोर्टिको में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से रेलकर्मियों और आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कचरे के उचित निस्तारण और स्वच्छ वातावरण के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।नुक्कड़ नाटक में 'कचरा सही, सेहत नई' और 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' जैसे संदेशों के माध्यम से गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने, कचरे को निर्धारित डस्टबिन में डालने तथा कार्यस्थल और आसपास के परिसर को साफ-सुथरा रखने के प्रति जागरूक किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के जरिए बताया कि छोटी-छोटी स्वच्छता संबंधी आदतें न केवल बीमारियों से बचाव में सहायक हैं, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।नाटक के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि स्वच्छता की जिम्मेदारी केवल सफाईकर्मियों तक सीमित नहीं है। प्रत्येक रेलकर्मी और नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यस्थल पर साफ-सफाई बनाए रखने और कचरे का सही तरीके से निस्तारण करने से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण का निर्माण संभव है।कार्यक्रम में मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद बर्नवाल, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता उत्पादन ड् अभ्युदय, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता निर्माण सौरभ कुमार, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता क्रेन अभिनय कुमार, उप यांत्रिक अभियंता वैगन प्रीतम कुमार, डिप्टी सीएमएम अभिषेक कुमार, कार्य प्रबंधक डीजल रवि राजपूत, उप मुख्य विद्युत अभियंता बीपीके मिंज, सहायक सामग्री प्रबंधक संजीव कुमार तथा सहायक कल्याण अधिकारी संजय कुमार सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

जमीन विवाद में घर का ताला तोड़कर मारपीट, दो भाई घायल

राजकुमार समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र के बड़ी दरियापुर में जमीन विवाद को लेकर घर में जबरन घुसकर मारपीट करने और ताला तोड़ने का मामला सामने आया है। इस घटना में दो भाइयों के घायल होने की बात कही गई है। मामले में पीड़िता रतन देवी ने राजकुमार समेत अन्य लोगों के खिलाफ जमालपुरथाना में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के आवेदन बताया है कि 12 अक्टूबर को राजकुमार, राजा कुमार सहित करीब 10 अज्ञात लोग लाठी-डंडे, लोहे की रड और अन्य हथियार लेकर



घटना की जानकारी देते घायल।

उनके घर में घुस आए। आरोप है कि इस दौरान गाली-गलौज करते हुए घर का ताला तोड़ दिया गया और मारपीट की गई। हमले में राजभूषण कुमार के सिर पर लोहे की रड से वार कर सिर फोड़ने तथा उनके भाई रवि कुमार की कनपटी पर हमला कर घायल करने का आरोप लगाया गया है।आवेदन में बताया गया है कि जमीन विवाद को लेकर 10 अक्टूबर को जमालपुर अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में दोनों पक्षों को बुलाया गया था। आरोप है कि दूसरे पक्ष के उपस्थित नहीं होने पर दोबारा नोटिस भेजने का आदेश दिया गया था। इसी विवाद के बाद मारपीट की घटना होने की बात कही गई है। इधर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

नोटिस चिपकते ही रामपुर रेल कॉलोनी में मची खलबली

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से दुकान और मकान बनाकर रहने वालों के खिलाफ रेल प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। मंगलवार को प्रशासन की ओर से रामपुर रेल कलोनी में दो दर्जन से अधिक दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर नोटिस चिपकाए गए। नोटिस के माध्यम से रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा जमाकर रह रहे लोगों को जल्द से जल्द रेल परिसर खाली करने की चेतावनी दी गई है। रेल प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद संबंधित दुकानदारों और अवैध कब्जाधारियों के बीच हड़कंप मच गया है। वहीं, रामपुर रेल कलोनी में नोटिस चिपकाए जाने के बाद खलबली का माहौल है। माना जा रहा है कि रेलवे की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने के उद्देश्य से आगे भी कार्रवाई की जा सकती है।

स्टेशन से मानव तस्करी की आशंका में दो नाबालिग बहनें बरामद, युवक गिरफ्तार

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल की सीआईबी टीम ने सतर्कता दिखाते हुए दो नाबालिग बहनों को एक युवक के चंगुल से सुरक्षित बरामद किया। दोनों बच्चियां भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं और 11 अक्टूबर से लापता थीं। मामले में पुलिस ने बांका जिले के अमरपुर निवासी सुरेंद्र दास को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर दोनों बच्चियों को बहला-फुसलाकर और धमकी देकर दिल्ली ले जाने की कोशिश करने का आरोप है। बरामद बच्चियों को सुरक्षित बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सुपुर्द करने तथा आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है।सीआईबी जमालपुर के इंस्पेक्टर सुधांशु कुमार सुधा को गुप्त सूचना मिली कि जमालपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफर्म संख्यघटना की जानकारी देते घायल।।। दो पर एक संदिग्ध युवक दो नाबालिग बच्चियों के साथ ट्रेन पकड़ने की फिराक में है। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम में एएसआई यतींद्र पाठक, आरक्षी रवि और आरक्षी गौतम कुमार शामिल थे।प्लेटफर्म संख्या दो के मध्य स्थित फुट ओवरब्रिज के पास एक युवक को दोनों बच्चियों के साथ ट्रेन का इंतजार करते देख टीम को संदेह हुआ। पूछताछ में युवक ने पहले अलग-



गिरफ्तार युवक की जानकारी देते आरपीएफ।

अलग बातें बताईं और बच्चियों को अपनी बहन बताते हुए दिल्ली जाने की बात कही। इस दौरान दोनों बच्चियां डरी-सहमी नजर आईं। संदेह गहराने पर महिला आरक्षी पूजा रणवा को बुलाकर बच्चियों से अलग पूछताछ कराई गई। आरपीएफ को दोनों बच्चियों ने बताया कि आरोपी उनका कोई रिश्तेदार नहीं है। दोनों बहनें नाथनगर बाजार गई थीं, जहां से युवक उन्हें बहला-फुसलाकर और धमकी देकर अपने साथ जमालपुर स्टेशन ले आया। उसने दोनों को दिल्ली ले जाने की बात कही थी। बच्चियों के पास अपने घर का मोबाइल नंबर भी नहीं था।इसके बाद टीम ने बच्चियों द्वारा बताए गए पते के आधार पर जानकारी जुटाई और नाथनगर थाने से संपर्क किया। जांच में पता चला कि दोनों बहनें 11 अक्टूबर से लापता थीं और उनके परिजनों ने नाथनगर थाने में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सूचना मिलने पर बच्चियों के पिता मोहम्मद परवेज अंसारी भी जमालपुर पहुंचे।

रामपुर कॉलोनी में युवक ने फंदे से लटककर दी जान

माता-पिता के निधन के बाद झुग्गी में रहकर गुजर-बसर कर रहे थे भाई-बहन, घटना से इलाके में पसरा मातम



स्वजनों को सांत्वना देते जमालपुर पुलिस।



परिजन।

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र के रामपुर कलोनी में मंगलवार की सुबह एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में मातम छा गया। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले महादलित परिवार के 29 वर्षीय सन्नी रावत ने डिश के तार से फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं आसपास के लोग भी स्तब्ध रह गए।
मृतक सन्नी रावत टेंट हाउस में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने में सहयोग करता था। उसके भाई संजय रावत और कुंदन रावत ने बताया कि माता-पिता के निधन के बाद सभी भाई-बहन रामपुर कलोनी में झुग्गी-झोपड़ी बनाकर किसी तरह जीवन गुजार रहे थे। परिवार की परिस्थितियों के बीच सभी एक साथ रह रहे थे। मंगलवार की सुबह जब उनकी नींद खुली तो सन्नी को डिश के तार से फंदे पर लटका पाया। यह श्य देखते ही परिवार के लोगों के बीच चीख-पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर जमालपुर थाना एसआई सुजीत कुमार,कंचन कुमारी सहित टाइगर मोबाइल की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। इधर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया की जा रही है।इधर सन्नी की अचानक मौत से उसके परिवार और समाज के लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। माता-पिता को पहले ही खो चुके परिवार के लिए इस घटना ने दुखों का पहाड़ खड़ा कर दिया है। रामपुर कलोनी की झुग्गी बस्ती में शोक और मातमी सन्नाटा पसरा रहा।

संक्षिप्त खबरें

सोनपुर मंडल में बल्क वेस्ट जनरेटर के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

सोनपुर (एनएसबी) सेवा, स्वच्छता पखवाड़ा2026 एवं एससीडीपीएम 60 के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल के सोनपुर मंडल में 13 अक्टूबर को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम (एसडब्लूएम नियम 2026) के प्रभावी अनुपालन को लेकर बल्क वेस्ट जनरेटर की पहचान एवं पंजीकरण हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों, रेलवे वर्कशप, अस्पतालों एवं बड़ी रेलवे कलोनियों सहित अन्य संबंधित इकाइयों की पहचान पर विशेष ध्यान दिया गया, जो निर्धारित मानकों के अनुसार बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आती हैं। ऐसी इकाइयों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के पोर्टल पर पंजीकरण कराने तथा आवश्यक दस्तावेज एवं अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही, संबंधित इकाइयों द्वारा अधित वेस्ट प्रोसेसर एवं रीसाइक्लर के साथ वैध समझौते तथा आवश्यक प्रमाणपत्रों की उपलब्धता और वैधता की जांच पर भी जोर दिया गया। इसका उद्देश्य अपशिष्ट के उचित संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं वैज्ञानिक निस्तारण को सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी को बढ़ावा देना है। सोनपुर मंडल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा2026 एवं एससीडीपीएम 60 के तहत स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं पर्यावरण अनुकूल रेलवे परिसर विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अभियान के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी नियमों के अनुपालन को सुढ़ करने तथा रेलवे परिसरों में स्वच्छता की संसति को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

कमेटी का गठन छठ पूजा के बाद होगा : एसडीओ

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा फुलेश्वरनाथ शिव मंदिर के विवादित स्थल की जांच करने के लिए गोगरी एसडीओ संजय कुमार मंदिर परिसर पहुँचे। एसडीओ ने बताया कि विवादित जमीन और मंदिर कमेटी का गठन छठ पूजा के बाद धार्मिक न्यास बोर्ड के निर्देशानुसार किया जाएगा। बताया जाता है कि सिकंदरपुर के ग्रामीणों द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया था कि मंदिर परिसर में बने विवाह भवन पर साधु-महात्माओं द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। इसके कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से विवाह के लिए मंदिर परिसर में आने वाले कन्या पक्ष और बारातियों को कपड़े बदलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस पर गोगरी एसडीओ ने कहा कि विवाह भवन खाली कराने से पहले मंदिर परिसर में रह रहे साधु-महात्माओं और मंदिर की लाखों रुपये मूल्य की सामग्री के सुरक्षित रखने के लिए अलग से एक कक्ष का निर्माण कराया जाएगा, उसके बाद ही विवाह भवन को खाली करने का निर्देश दिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने पांडव कालीन वटवृक्ष को संरक्षित करने और मंदिर की बाउंड्री का निर्माण कराने की बात भी कही। उन्होंने आगे बताया कि विवादित और अतिक्रमण की गई जमीन की पैमाइश कराकर उसे 14 दिनों के भीतर खाली करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, एसडीओ का काफिला मंदिर परिसर से जाने के बाद, वहाँ रह रहे साधु-महात्मा को इस विवाद से जुड़े लोगों द्वारा धमकी दिए जाने का मामला भी सामने आया है। इस संबंध में बाबा भूतनाथ उर्फ दीपक कुमार ने बताया कि इस मामले को लेकर बेलदौर थाने और गोगरी एसडीओ को एक लिखित आवेदन दिया जाएगा।



निरीक्षण करते एसडीओ।

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

बेलदौर (एनएसबी)। आदर्श थाना बेलदौर में मंगलवार को दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बेलदौर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार यादव ने की, जिसमें दुर्गा पूजा मेला कमेटी के सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि बेलदौर प्रखंड क्षेत्र में कुल सात स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इनमें बेलदौर मुख्यालय, बलैठा, महीनाथ नगर, पिरनगरा, केहर मंडल टोला, कंजरी और तेलीहार शामिल हैं। इन सभी जगहों पर दुर्गा पूजा के अवसर पर मेले और सांस्तिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। बैठक के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम कुमार यादव ने मेला कमेटी के सदस्यों को मेला स्थल पर समुचित रोशनी और महिलाओं के लिए अस्थायी शौचालय की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने सुरक्षा की ष्टि से मेला कमेटी के सदस्यों को मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई शराबी या उपद्रवी मेला परिसर या सांस्तिक कार्यक्रम के दौरान हुड़दंग मचाता है, तो इसकी तुरंत सूचना मेला कमेटी पुलिस को दे।इसके अलावा, अंचल अधिकारी रविराज ने दुर्गा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के निर्धारित स्थलों और वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के तहत गोताखोरों की व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। बैठक में समाजसेवी अशोक हितैषी ने सुझाव दिया कि प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड पोखर के समीप बैठने वाले मछली विक्रेताओं की दुकानों को वहां से हटाया जाए, ताकि छठ पर्व के दौरान वती महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर बेलदौर अंचल के राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा, बलैठा के मुखिया वीरेंद्र सहनी, कंजरी के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजीव कुमार, माली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि कौशल सिंह, उप प्रमुख प्रतिनिधि अजय यादव, पिरनगरा पंचायत के पूर्व मुखिया संजीत सम्राट, बेलदौर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि संजय कुमार, पचोत पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक मंडल, बेलदौर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रंजन राज, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सूरज कुमार और डीलर संघ के मंत्री उत्तम कुमार साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।



जानकारी देते बीडीओ।

संक्षिप्त खबरें

विशेष अभियान के तहत 15 और 16 अक्टूबर को मतदान केंद्रों पर मौजूद रहेंगे बीएलओ

समस्तीपुर कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। दलसिंहसराय अनुमंडल कार्यालय में मंगलवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद पात्र मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में विशेष अभियान के सफल संचालन और मतदाता सूची में पात्र लोगों के नाम शामिल कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के सतत अद्यतनीकरण की अवधि के दौरान कुल 8,337 मतदाताओं के नाम पंजीकृत किए गए हैं। अधिकारियों ने एएसडी सूची में शामिल मतदाताओं का सत्यापन करने तथा जांच के बाद पात्र पाए जाने वाले मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज कराने पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने बताया कि 15 और 16 अक्टूबर 2026 को मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर विशेष अभियान के तहत मतदाता पंजीकरण से संबंधित कार्य करेंगे। इस दौरान पात्र मतदाताओं की पहचान, आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने और नाम जोड़ने से जुड़े मामलों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे अपने स्तर से अभियान का प्रचार-प्रसार करें और पात्र मतदाताओं को पंजीकरण के लिए प्रेरित करें। साथ ही, एएसडी सूची की प्रति राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने तथा मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रशासन का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके लिए राजनीतिक दलों और निर्वाचन कर्मियों के बीच समन्वय स्थापित कर विशेष अभियान को प्रभावी बनाने पर बल दिया गया।

एसडीएम ने किया स्थल निरीक्षण, सर्विस रोड की मरम्मत कर जल्द आवागमन बहाल करने का निर्देश

समस्तीपुर कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। दलसिंहसराय शहर में 32 नंबर रेलवे गुमटी पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण लंबे समय से जारी यातायात संकट से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। पिछले दो वर्षों से ओवरब्रिज निर्माण का काम चल रहा है, जबकि कई महीनों से निर्माण कार्य ठप पड़ा है। दूसरी ओर, महावीर चौक से 32 नंबर रेलवे गुमटी तक मुख्य सड़क बंद रहने और वैकल्पिक सर्विस रोड की बदहाली के कारण शहरवासियों को प्रतिदिन जाम और आवागमन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गापूजा, दीपावली और छठ जैसे प्रमुख त्योहारों से पहले इस गंभीर समस्या को देखते हुए प्रशासन सक्रिय हुआ है। अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार ने स्थल का निरीक्षण कर पुल निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर को सर्विस रोड की अविलंब मरम्मत कराने और उसे जल्द चालू करने का निर्देश दिया।

निर्माण ठप, परेशानी झेल रहे लोग

स्थानीय लोगों के अनुसार, रेलवे गुमटी पर ओवरब्रिज निर्माण के चलते मुख्य सड़क से आवागमन बंद है। उम्मीद थी कि पुल का निर्माण पूरा होने के बाद यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, लेकिन पिछले कई महीनों से काम रुके रहने के कारण लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि न तो ओवरब्रिज का निर्माण आगे बढ़ रहा है और न ही बंद सड़क के कारण पैदा हुई समस्या का स्थायी समाधान हो पा रहा है। वैकल्पिक मार्ग की जर्जर स्थिति के कारण वाहनों का परिचालन प्रभावित होता है। सड़क पर वाहनों का दबाव बढ़ने से अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इससे स्थानीय दुकानदारों, बाजार आने वाले ग्राहकों, राहगीरों और दूसरे क्षेत्रों से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

त्योहारों में बढ़ सकती है समस्या

आगामी त्योहारों के दौरान बाजारों में खरीदारों की भीड़ और वाहनों की संख्या बढ़ने की संभावना है। ऐसे में यदि सर्विस रोड की मरम्मत कर आवागमन बहाल नहीं किया गया, तो यातायात व्यवस्था और बिगड़ सकती है। जर्जर सड़क और जाम के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। इस समस्या को लेकर जदयू के राज्य परिषद सदस्य सुनील कुमार बमबम ने जनहित में एसडीएम से मांग की थी कि जब तक ओवरब्रिज का निर्माण दोबारा शुरू नहीं होता, तब तक सर्विस रोड की मरम्मत कराकर आवागमन बहाल किया जाए। उनकी मांग के बाद एसडीएम ने स्थल निरीक्षण किया और संबंधित निर्माण कंपनी को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया। मौके पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिसार कुमार, अनिल सोनी सहित दर्जनों स्थानीय लोग मौजूद थे। अब लोगों की निगाहें प्रशासन के निर्देश के बाद होने वाली कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि सर्विस रोड की मरम्मत समय पर पूरी हो जाती है, तो त्योहारों के दौरान शहरवासियों को यातायात संबंधी परेशानी से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

दस में पांच लाइट एक दिन भी नहीं जलीं, बाकी पांच भी पड़ी हैं खराब

समस्तीपुर कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। विद्यापतिनगर प्रखंड की सिमरी पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइटों की खराब स्थिति को लेकर पंचायत की मुखिया देवंती देवी ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने पंचायत में लगाई गई सोलर स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता की जांच कराने, खराब लाइटों की मरम्मत करवाने और उन्हें जल्द चालू कराने का अनुरोध किया है। मुखिया की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पंचायत स्तर से ग्रामीण क्षेत्रों में रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुल दस सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई गई थीं। इनमें से पांच लाइटें स्थापना के बाद एक दिन भी नहीं जलीं, जबकि शेष पांच लाइटें भी अब खराब पड़ी हैं। इसके कारण पंचायत के लोगों को रात के समय पर्याप्त रोशनी नहीं मिल पा रही है। पत्र के अनुसार, इस समस्या की जानकारी प्रखंड स्तर के अधिकारियों को कई बार मौखिक रूप से दी गई, लेकिन अब तक खराब लाइटों को ठीक कराकर चालू नहीं कराया गया है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है और जनप्रतिनिधि होने के कारण मुखिया को भी लोगों की शिकायतों का सामना करना पड़ रहा है। मुखिया देवंती देवी ने संबंधित अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेते हुए सोलर स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि जांच के बाद आवश्यक मरम्मत कराकर सभी लाइटों को जनहित में जल्द चालू कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को अंधेरे की समस्या से राहत मिल सके। इस पत्र की प्रतिलिपि उप विकास आयुक्त, जिलाधिकारी और पंचायती राज मंत्री को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस मामले में कब तक कार्रवाई करता है और पंचायतवासियों को खराब पड़ी लाइटों से राहत मिल पाती है।

सप्तमी, अष्टमी और नवमी को माता को चढ़ाया जाता है छप्पन भोग, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए विशेष इंतजाम

समस्तीपुर कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। विद्यापतिनगर प्रखंड के गढ़सिसई पंचवटी चौक स्थित मां दुर्गा के दरबार में शारदीय नवरात्र के दौरान श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिलता है। यहां हर वर्ष मां दुर्गा को 56 प्रकार के प्रसाद का भोग लगाया जाता है। इस परंपरा के कारण पूजा स्थल पर दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और माता के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। पूजा समिति से जुड़े गीता चौधरी, अविनाश भारद्वाज, नरेश महतो सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि पंचवटी चौक स्थित मां दुर्गा के दरबार में सप्तमी, अष्टमी और नवमी के अवसर पर छप्पन भोग अर्पित करने की परंपरा रही है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के प्रसाद तैयार कर माता को समर्पित किए जाते हैं। इसके बाद श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं और माता के दरबार में माथा टेककर सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं के बीच मान्यता है कि सच्चे मन से मां दुर्गा की आराधना करने और उनके दरबार में प्रसाद ग्रहण करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसी आस्था के कारण प्रत्येक वर्ष पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। छप्पन भोग अर्पित करने के लिए भी भक्तों में विशेष उत्साह रहता है। नवरात्र के इन विशेष दिनों में पूजा स्थल पर भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए पूजा समिति और स्थानीय लोग व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने में जुटे रहते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए रोशनी और पेयजल की व्यवस्था की गई है। पूजा स्थल पर बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा बनाए रखने के लिए पूजा समिति स्थानीय लोगों के साथ मिलकर व्यवस्था संभालती है।

284 बीएलओ के साथ एसडीओ ने की समीक्षा बैठक

कल्याणपुर (दैनिक नवसंदेश)। मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवक-युवतियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के साथ ही मृत मतदाताओं के नाम हटाने और मतदाताओं के नाम, पता सहित अन्य विवरणों में त्रुटियों को सुधारने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए मंगलवार को बुनियादी विद्यालय, जनार्दनपुर परिसर में 284 बूथ स्तरीय पदाधिकारियों (बीएलओ) के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवक-युवतियों का होगा पंजीकरण, मृत मतदाताओं के नाम हटाने और विवरणों में त्रुटि सुधारने के लिए लगेंगे विशेष कैंप

नए मतदाताओं का नाम जोड़ने पर दिया जोर



बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने की। उन्होंने सभी बीएलओ को मतदाता सूची से संबंधित कार्यों में तेजी लाने तथा पात्र युवक-युवतियों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष पहल करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना आवश्यक है। इसके लिए बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें और नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित कराने की दिशा में सक्रियता से काम करें।

एसडीओ ने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने और व्यक्तिगत विवरणों में संशोधन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाए। इसके लिए संबंधित प्रपत्र भरवाने के साथ आवश्यक दस्तावेजों की भी जांच की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाम, पता अथवा अन्य विवरणों में सुधार के लिए प्रपत्र-8 भरने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वहीं, पात्र नए मतदाताओं के पंजीकरण और मृत मतदाताओं के नाम हटाने से संबंधित कार्य भी नियमानुसार किए जाएंगे।

उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि विशेष कैंप के दौरान मतदाताओं को पंजीकरण, संशोधन और नाम हटाने की प्रक्रिया के बारे में आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही, यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए। मतदाता सूची में अनावश्यक दोहराव और विवरण संबंधी त्रुटियों को दूर करने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी कुमुद रंजन, प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र कुमार धीरज, बीएलओ कैसर राजा, सौरभ कोणार्क, फरीदा खातून, धीरेन्द्र मिश्रा, अनुपम कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला महाविद्यालय में जन्म-मृत्यु पंजीकरण पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

छात्राओं को जन्म-मृत्यु पंजीकरण की प्रक्रिया, महत्व और प्रमाण-पत्र की उपयोगिता की दी गई जानकारी



समस्तीपुर कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। सेवा संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को जिला सांख्यिकी कार्यालय एवं जिला प्रशासन, समस्तीपुर के संयुक्त तत्वावधान में महिला महाविद्यालय, समस्तीपुर में जन्म-मृत्यु पंजीकरण पर जागरूकता कार्यक्रम और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को जन्म एवं मृत्यु के अनिवार्य पंजीकरण की प्रक्रिया, इसके महत्व तथा विभिन्न सरकारी एवं प्रशासनिक कार्यों में प्रमाण-पत्र की उपयोगिता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. राजेश कुमार रंजन, अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार गुप्ता, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी पवन कुमार सिंह, सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रवीण झा तथा डीपीओ, नमामि गंगे नीरजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

जन्म-मृत्यु पंजीकरण की जानकारी प्रत्येक नागरिक के लिए जरूरी

मुख्य अतिथि जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है। प्रत्येक नागरिक को इसकी सही जानकारी होनी चाहिए। जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं का समय पर और सही पंजीकरण होने से आधिकारिक अभिलेखों की शुद्धता बनी रहती है। साथ ही, जनसंख्या संबंधी विश्वसनीय आंकड़ों के संकलन और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य आम लोगों तक आवश्यक सरकारी प्रक्रियाओं की जानकारी पहुंचाना है। छात्राएं समाज में जागरूकता फैलाने की प्रभावी वाहक बन सकती हैं। इसलिए उन्हें स्वयं जानकारी प्राप्त करने के साथ अपने परिवार, आसपास के लोगों और समुदाय को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।

जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना शिक्षा का उद्देश्य : प्रधानाचार्य

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. राजेश कुमार रंजन ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें जागरूक, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाना भी है। जन्म-मृत्यु पंजीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित कार्यक्रम छात्राओं को प्रशासनिक प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी देने की दिशा में उपयोगी पहल है।

दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान शुरू

पूजा पंडालों, मंदिरों और मुख्य मार्गों की होगी नियमित सफाई, कचरा प्रबंधन पर विशेष जोर

समस्तीपुर (दैनिक नवसंदेश)। आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर समस्तीपुर जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान (एलएसबीए) के तहत विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। जिला प्रशासन की पहल पर जिले की सभी पंचायतों में पूजा पंडालों, मंदिर परिसरों, मेला स्थलों और प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। अभियान का उद्देश्य त्योहार के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने के साथ श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों को सक्रिय कर दिया गया है। उन्हें पूजा स्थलों और सार्वजनिक स्थानों पर नियमित सफाई करने तथा कचरे का समय पर उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। दुर्गा पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों, मंदिरों और मेला स्थलों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नियमित रूप से झाड़ू लगाने, जमा कचरे को हटाने और आवागमन वाले प्रमुख मार्गों को स्वच्छ रखने पर जोर दिया गया है। पूजा समितियों के सहयोग से



सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने की पहल की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। स्वच्छता अभियान के दौरान कचरे के उचित प्रबंधन को भी प्राथमिकता दी जा रही है। पूजा पंडालों और सार्वजनिक स्थानों पर गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्र करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही पूजा समितियों के सहयोग से पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान लगाने तथा नियमित रूप से कचरे का उठाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है।

दुर्गा पूजा और विजयादशमी को लेकर प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था की हुई विस्तृत समीक्षा

समस्तीपुर कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। आगामी दुर्गा पूजा, विजयादशमी, मूर्ति विसर्जन एवं रावण दहन कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसको लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधि-व्यवस्था संधारण, पूजा पंडालों की सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था, विसर्जन जुलूस के मार्ग एवं समय निर्धारण, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन और संवेदनशील स्थलों पर निगरानी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

बैठक में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य पर्व के दौरान आम नागरिकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ जिले में शांति, सद्भाव एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

पूजा पंडालों के लाइसेंस और सुरक्षा मानकों पर जोर

बैठक में पूजा पंडालों की स्थापना के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत लाइसेंस प्राप्त करने और प्रशासन द्वारा तय शर्तों का पालन सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के पूजा पंडालों का निरीक्षण कर प्रवेश एवं निकास द्वार, श्रद्धालुओं की आवाजाही, संभावित भीड़ और आसपास की यातायात व्यवस्था का जायजा लेने को कहा गया। सुरक्षा से संबंधित कमियों को समय रहते दूर कराने की आवश्यकता भी बताई गई।

पंडालों में अस्थायी विद्युत कनेक्शन, बिजली के तारों, जनरेटर और प्रकाश व्यवस्था की जांच करने तथा ज्वलनशील सामग्री के इस्तेमाल में सावधानी बरतने पर बल दिया गया।



अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन वाहनों के पहुंचने के लिए पर्याप्त जगह और आग लगने जैसी स्थिति में श्रद्धालुओं को सुरक्षित बाहर निकालने की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई।

संवेदनशील स्थलों पर रहेगी विशेष निगरानी

विधि-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिले के संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया। पूजा स्थलों, प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, जुलूस मार्गों और विसर्जन स्थलों पर आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती एवं गश्ती व्यवस्था की योजना बनाने पर चर्चा की गई। पुलिस पदाधिकारियों को अपने क्षेत्रों की स्थिति पर लगातार नजर रखने और किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को गंभीरता से लेने की आवश्यकता बताई गई। साथ ही अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं के प्रसार पर निगरानी रखने तथा किसी सूचना की सत्यता की जांच के बाद ही आवश्यक कार्रवाई करने पर बल दिया गया।

विसर्जन जुलूस के मार्ग और समय का होगा निर्धारण

मूर्ति विसर्जन के दौरान भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विसर्जन जुलूस के निर्धारित मार्गों एवं समय-सारणी के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर जुलूस के सुचारु संचालन की व्यवस्था करने को कहा गया।

संकरी सड़कों, प्रमुख चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान देने तथा आवश्यकता के अनुसार वैकल्पिक यातायात व्यवस्था तैयार करने पर चर्चा की गई। जुलूस के दौरान विभिन्न पूजा समितियों के बीच समन्वय बनाए रखने और एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहनों सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही बाधित नहीं होने देने पर भी जोर दिया गया।

विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा और बचाव की तैयारी

बैठक में मूर्ति विसर्जन स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की गई। विसर्जन स्थलों तक पहुंच मार्ग, प्रकाश व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग और पुलिस बल की तैनाती जैसे बिंदुओं पर चर्चा हुई। नदियों एवं जलाशयों में विसर्जन के दौरान संभावित जोखिमों को देखते हुए आवश्यक सुरक्षा उपाय करने पर बल दिया गया। जरूरत के अनुसार गोताखोरों, बचाव दल, नाव और अन्य आपातकालीन संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। श्रद्धालुओं को निर्धारित एवं सुरक्षित विसर्जन स्थलों का उपयोग करने के लिए जागरूक करने और खतरनाक स्थानों पर अनावश्यक भीड़ जमा होने से रोकने की आवश्यकता बताई गई।

यातायात व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की होगी समीक्षा

जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा और एसपी अरविंद प्रताप सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में बैठक, पूजा पंडालों से लेकर मूर्ति विसर्जन और रावण दहन तक सुरक्षा पर जोर

दुर्गा पूजा, विजयादशमी और विसर्जन के दौरान संभावित भीड़ को देखते हुए प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और पूजा स्थलों के आसपास यातायात प्रबंधन की योजना तैयार करने पर चर्चा हुई। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर वाहनों के अनियंत्रित प्रवेश को रोकने, पैदल श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही और जरूरत के अनुसार वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था पर जोर दिया गया।

इसके अलावा पूजा स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई, कचरा निस्तारण, पर्याप्त प्रकाश और पेयजल जैसी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई गई। संबंधित निकायों एवं विभागों को आपसी समन्वय के साथ नागरिक सुविधाओं का ध्यान रखने पर बल दिया गया, ताकि पर्व के दौरान आम लोगों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो।

रावण दहन कार्यक्रम में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पर जोर

विजयादशमी के अवसर पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रमों को लेकर भी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। संबंधित पदाधिकारियों को कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर संभावित भीड़, दर्शकों की आवाजाही, प्रवेश एवं निकास मार्गों और सुरक्षित दर्शक क्षेत्र का आकलन करने पर जोर दिया गया। रावण दहन स्थल पर निर्धारित सुरक्षा दूरी बनाए रखने, आवश्यक बैरिकेडिंग करने तथा भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की योजना बनाने पर चर्चा हुई। आतिशबाजी या ज्वलनशील सामग्री के उपयोग की स्थिति में निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के साथ अग्निशमन व्यवस्था और आपातकालीन चिकित्सा सहायता उपलब्ध रखने की आवश्यकता भी बताई गई।

स्वास्थ्य सेवाओं और आपातकालीन सहायता पर भी चर्चा

पर्व के दौरान किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक चिकित्सा, एम्बुलेंस सेवा और निकटवर्ती स्वास्थ्य संस्थानों के साथ समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। संबंधित पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संभावित जोखिमों का आकलन कर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि जरूरत पड़ने पर लोगों को त्वरित सहायता मिल सके। बैठक में पूजा समितियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों के बीच प्रभावी समन्वय बनाए रखने की आवश्यकता भी बताई गई। अनुमंडल, प्रखंड एवं थाना स्तर पर तैयारियों की नियमित समीक्षा करने, पूजा पंडालों एवं विसर्जन स्थलों का निरीक्षण करने तथा किसी भी गंभीर स्थिति की सूचना तत्काल वरीय अधिकारियों को देने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने पर्व के सभी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए संबंधित विभागों को सजगता एवं आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने पर बल दिया।

बैठक में उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, नगर आयुक्त गौतम कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर सदर राकेश कुमार सहित संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं, क्षेत्रीय पदाधिकारी अपने-अपने अनुमंडल, प्रखंड एवं संबंधित अंचलों से बैठक में जुड़े हुए थे।

संक्षिप्त खबरें

मसौधा मोड़ के समीप से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ पिता पुत्र को बहेरा थाने की पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल

डोभी (एनएसबी)। डोभी थाना क्षेत्र से अवैध बालू खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बीते सोमवार की रात मसौदा मोड़ के पास से अवैध बालू लदे ट्रैक्टर के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बहेरा थाना क्षेत्र के खरांटी गांव निवासी सूरज कुमार, पिता बालेश्वर यादव और बलेसर यादव के रूप में हुई है। दोनों आपस में पिता-पुत्र बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने बताया सूरज कुमार ट्रैक्टर चालक था, जबकि बलेसर यादव लाइनर के रूप में काम कर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू खनन के विरुद्ध छापेमारी के दौरान पुलिस ने बालू लदे ट्रैक्टर और एक मोटरसाइकिल को जब्त किया। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को मंगलवार को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। जब्त ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल को सुरक्षा के दृष्टिकोण से थाना परिसर में रखा गया है। इस संबंध में डोभी थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार ने मंगलवार की शाम छह बजे जानकारी दी।

मासिक अपराध गोष्ठी में एसएसपी ने दिए कई निर्देश

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। दिनांक 13.10.2026 को वरीय पुलिस अधीक्षक, गया की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय, गया में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में नगर पुलिस अधीक्षक, गया, पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण), गया, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी अंचल निरीक्षक, सभी थानाध्यक्ष तथा जिले के समस्त शाखा प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी थानों की बीते माह की उपलब्धियों एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में गिरफ्तारी की प्रगति, लंबित कांडों के निष्पादन, कुर्की/धारंट, इश्तिहार के तामिला सहित अन्य महत्वपूर्ण पुलिस कार्यों का भी गहन मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी माह के लिए आवश्यक लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपराध नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित रखने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

शतरंज प्रतियोगिता में गया कॉलेज का परचम, प्राचार्य ने चैंपियन खिलाड़ियों को किया सम्मानित

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के तत्वावधान में केएलएस कॉलेज नवादा में आयोजित अंतर महाविद्यालय शतरंज प्रतियोगिता में गया कॉलेज, गया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के 10 महाविद्यालयों की पुरुष एवं महिला टीमों ने हिस्सा लिया। अपनी प्रतिभा, रणनीतिक कौशल और उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन का परिचय देते हुए गया कॉलेज की पुरुष एवं महिला टीम ने संयुक्त रूप से कुल 21 अंक अर्जित कर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। वहीं, महिला वर्ग में 9 अंक प्राप्त कर गया कॉलेज की टीम संयुक्त उपविजेता रही। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और मजबूत टीम भावना का प्रतिफल है। इस शानदार सफलता के उपलक्ष्य में गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने सभी खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि गया कॉलेज के खिलाड़ी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। पुरुष वर्गः अभिजीत कुमार (कप्तान), अनिकेत कुमार, प्रकाश भारद्वाज एवं मो० मोअज्जम। महिला वर्गः अंकिता कुमारी, वन्दना सिन्हा, समृद्धि प्रिया एवं अक्षिता आनंद। इस अवसर पर एथलेटिक्स सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार एवं पीटीआई श्री अंजनी कुमार ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। गया कॉलेज की इस दोहरी सफलता से महाविद्यालय परिवार में हर्ष एवं गौरव का माहौल है। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और समर्पण से यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर प्रयास और उचित मार्गदर्शन से सफलता के नए आयाम स्थापित किए जा सकते हैं।



दुर्गा पूजा में सूखा नशा करने वालों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

मेहंदिया (एनएसबी)। दशहरा पर्व की शुरूआत के साथ ही दुर्गा पूजा को लेकर विभिन्न गांवों और बाजारों में उत्साह का माहौल है। जगह-जगह पूजा पंडाल सजाए जा रहे हैं और श्रद्धालु मां दुर्गा की आराधना की तैयारी में जुटे हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में नवयुवकों के बीच सूखा नशा करने की प्रवृत्ति को लेकर चिंता भी बढ़ रही है। पर्व-त्योहार के दौरान नशे का सेवन न केवल युवाओं के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है, बल्कि इससे सामाजिक शांति और सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। नशे के प्रभाव में व्यक्ति के व्यवहार और निर्णय लेने की क्षमता पर असर पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में छोटी-छोटी बातों पर विवाद, गाली-गलौज, मारपीट और आपसी झड़प की नौबत आ सकती है। दुर्गा पूजा के दौरान पूजा पंडालों, मेलों और बाजारों में महिलाओं, बच्चों तथा बुजुर्गों समेत बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में नशे की हालत में हुड़दंग करने वाले लोगों से श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती है। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर धक्का-मुक्की, अफरा-तफरी और दुर्घटना की आशंका भी बढ़ जाती है। इसके अलावा, नशे के कारण युवाओं की पढ़ाई, पारिवारिक संबंधों और सामाजिक प्रतिष्ठा पर भी बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस संबंध में मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी पूजा समितियों से वार्ता की जा चुकी है। समितियों को निर्देश दिया गया है कि पर्व-त्योहार के दौरान यदि कोई व्यक्ति अशांति फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने बताया कि सभी पूजा स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती रहेगी। इसके अलावा सूखा नशा करने वाले संदिग्ध लोगों पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। नशे की हालत में हुड़दंग करने, विवाद उत्पन्न करने या शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दुर्गा पूजा आस्था, श्रद्धा और सामाजिक सौहार्द का पर्व है। ऐसे में अभिभावकों, युवाओं और समाज के जिम्मेदार लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की जा रही है। लोगों का मानना है कि पुलिस की निगरानी के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता और अभिभावकों की सक्रियता भी जरूरी है, ताकि नशे के कारण किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

एकदिवसीय उन्मुखी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अरवल (एनएसबी)। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2.0 के अंतर्गत "स्वच्छ सेवा आकलन-2026" कराया जाना है। स्वच्छ सेवा आकलन ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में सवच्छता सेवाओं की स्थिति का आकलन करने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर एक वार्षिक ऑनलाईन स्व-मूल्यांकन व्यवस्था है। इसका उद्देश्य ग्राम पंचायत में उपलब्ध स्वच्छता सेवाओं एवं परिसंपत्तियों, उनके संचालन एवं रख-रखाव, सामुदायिक सहभागिता तथा स्वच्छता सेवाओं की गुणवत्ता का वास्तविक स्थिति एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर मूल्यांकन एवं सत्यापन किया जाना है। जिला में स्वच्छता सेवा आकलन-2026 से संबंधित एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम दिनांक 13.10.2026 को जिला समाहरणालय सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। इसमें आकलन हेतु मुख्यतः 05 बिन्दुओं पर यथा शौचालय आच्छादन, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मलयुक्त किचड़ प्रबंधन एवं प्रचार-प्रसार से संबंधित वास्तविक डेटा अपलोड करने संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति, अरवल के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक, सभी पंचायत सचिव एवं सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक उपस्थित रहें।

कला, संस्कृति और कौशल विकास का संगम : डायट गया में रोल-प्ले एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद महेन्द्रू, पटना के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, गया जी में जिला स्तरीय रोल-प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता दिनांक 13.10.2026 को सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के जीवन कौशल, नैतिक मूल्य, रचनात्मकता, सकारात्मक सोच तथा शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करना है।



कार्यक्रम में जिले में विभिन्न विद्यालयों के वर्ग 08 एवं 09 के छात्र-छात्राओं ने लोक-नृत्य एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने रोल-प्ले प्रतियोगिता में प्रतिभाग लिया। यह प्रतियोगिता जीवन के महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों जैसे स्वस्थ जीवनशैली, जेंडर समानता, पोषण, स्वच्छता, मोबाईल गैजेट आदि का सुरक्षित उपयोग आदि जैसे विषयों पर रचनात्मक प्रस्तुति प्रदान करता है।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. मो. सरफराज आलम, प्रभारी प्राचार्य, डायट, गया एवं अन्य व्याख्यातागण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रभारी प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि कला एक विधा है जिसके द्वारा बच्चों में सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रसस्त होता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कला को स्थान देना चाहिए। डॉ. आलम ने निर्णायक मंडल के सदस्यों को अंग वस्त्र एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया। डॉ. आलम ने अपने बीज वक्तव्य में कहा कि रोल-प्ले एवं लोक नृत्य जैसी प्रतियोगितायें समाज में फैली कुरीतियों तथा नकारात्मक अवधारणाओं के प्रति जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण योगदान देती है एवं राष्ट्रीय शिक्षा निति 2020 पर आधारित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य किशोरों में 21 वीं सदी के लिए जरूरी जीवन कौशल को ग्रहणशील एवं मूल्यपरक बनाना है। साथ ही उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देना है। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका में श्रीमती सुनीता कुमारी, व्याख्याता, डायट, गया जी, श्रीमती पूनम कुमार, शिक्षिका, उ0म0वि0, रहिम बिगहा, गया जी एवं श्री नन्द किशोर कुमार, नाट्य विभाग, किलकारी, गया जी शामिल रहे।पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नित्यम कुमार गौरव, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, गया जी शामिल हुए, जिन्हें प्राचार्य डायट, गया जी के द्वारा अंग वस्त्र एवं पौधा भेंट कर स्वागत किया गया । गौरव ने रोल-प्ले एवं लोक-नृत्य प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन बच्चों के बहुमुखी प्रतिभा को बढ़ावा देने का बहुत ही उतम माध्यम है। कला के द्वारा छात्रों में 21 वीं सदी के मुख्य कौशलों का विकास संभव हैं जो नई शिक्षा नीति 2020 की मांग है। इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 14 विद्यालयों के 90 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया । लोकनृत्य में प्रथम स्थान मध्य वि., कोसमा, द्वितीय स्थान हाई स्कूल आंती तथा तृतीय स्थान मवि जनकपुर, गया जी ने प्राप्त किया। वहीं रोल-प्ले प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हाई स्कूल, सूलेबट्टा, गया जी ने प्राप्त किया। सभी समूहों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

राज्य स्तरीय अंडर-14 बालक एवं बालिका रग्बी प्रतियोगिता आयोजित

अरवल (एनएसबी)। खेल विभाग,बिहार खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 14 से 16 अक्टूबर 2026 तक गांधी मैदान, अरवल में राज्य स्तरीय अंडर-14 बालक या बालिका रग्बी प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया जाएगा।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार के सभी प्रमंडलों की अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रमंडलों से आने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ी रग्बी खेल में अपनी प्रतिभा, कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कम उम्र में खेल प्रतिभाओं की पहचान करना, रग्बी खेल को प्रोत्साहित करना तथा राज्य के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है।प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन, अरवल द्वारा आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। खिलाड़ियों की सुविधा, खेल मैदान की व्यवस्था, पेयजल, सुरक्षा तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जिला प्रशासन को विश्वास है कि इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, अनुशासन और टीम भावना का विकास होगा।

टेंपो चालक पर धारदार हथियार से हमला सिर फटा पीएमसीएच रेफर

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड के मेहंदिया बाजार स्थित दुर्गा मंडप के समीप सोमवार की शाम एक टेंपो चालक के साथ जमकर मारपीट की गई। इस दौरान धारदार हथियार से वार किए जाने के कारण चालक रंजय कुमार का सिर फट गया। गंभीर रूप से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कलेर में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेहंदिया निवासी रंजय कुमार टेंपो चलाकर अपना जीवनयापन करते हैं। सोमवार की सुबह टेंपो पर यात्री बैठाने को लेकर जयपुर निवासी विशाल कुमार एवं विकास कुमार के साथ उनकी बहस हुई थी। बताया जाता है कि सुबह हुए विवाद के बाद सोमवार की शाम विशाल एवं विकास अपने कई साथियों के साथ मेहंदिया बाजार स्थित दुर्गा मंडप के समीप पहुंचे। आरोप है कि उनके साथ आए लोगों के पास लाठी-डंडे एवं अन्य धारदार हथियार थे। इसके बाद सभी ने मिलकर रंजय कुमार के साथ मारपीट की, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका सिर फट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मारपीट काफी देर तक चलती रही। घटना के बाद परिजनों ने घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कलेर में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया।

इस मामले में घायल रंजय कुमार के बयान पर मेहंदिया थाने में कांड संख्या 201/26 दर्ज की गई है। मेहंदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार ने बताया कि मामले में दो आरोपितों, जयपुर निवासी विशाल कुमार एवं विकास कुमार, को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, शेष तीन आरोपितों की पहचान की जा रही है।घटना के बाद मेहंदिया के युवाओं में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

विनोद कुमार फिर से बने जनता दलयू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। विनोद कुमार का जिला जनता दलयू के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें फिर से जिला अध्यक्ष बनने पर बधाई देने वालों में अजय कुशवाहा, द्धरिका प्रसाद, डॉ अरबिंद कुमार सिंह, अरुण राव, प्रकाश राम पटवा, पुष्पेंदु पुष्प, बबन चंद्रवंशी, ज्योति दांगी, पूनम कुशवाहा, सोनम दास, असलम अंसारी, अरविंद कुमार,श्रवण केवट, शम्भू शर्मा, कैलाश चंद्रवंशी, विष्णुदेव प्रजापति व अन्य है।



जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेला का हुआ आयोजन

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत आज राजकीय पॉलिटेक्निक मैदान, केंदुई, गया में जिला स्तरीय नियोजन मेला का आयोजन किया गया। मेले का आयोजन अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गया द्वारा किया गया, जिसमें युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन एवं कौशल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ उप निदेशक (नियोजन), मगध प्रमंडल, गया द्वारा स्वागत भाषण के साथ किया गया। इस अवसर पर अभ्यर्थियों को बिहार रोजगार पोर्टल, एसीएस पोर्टल, ऑनलाइन प्रशिक्षण, करियर काउंसलिंग तथा रोजगार प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही टूलकिट, स्टडी किट, करियर इन्फॉर्मेशन सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी एवं जॉब कैंप जैसी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। मेले का उद्घाटन अध्यक्ष, बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर गृह विज्ञान विभाग ने दिया नवशक्ति का संदेश

बोधगया (एनएसबी)। अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग द्वारा बालिकाओं के समग्र विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता को समर्पित विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम ह्नवदुर्गा से नवशक्ति तककृहर बेटी में शक्ति, हर शक्ति में संभावनाह्व रखी गई। भारतीय सांस्कृतिक परंपरा से प्रेरणा लेते हुए बालिकाओं की विभिन्न क्षमताओं एवं संभावनाओं को शैक्षणिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचीन इतिहास विभाग से जुड़ी डॉ. अलका मिश्रा रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में प्राचीन भारतीय इतिहास एवं ज्ञान परंपरा में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्राचीन काल की विदुषी एवं ज्ञानवान महिलाओं के उदाहरणों के माध्यम से बताया कि भारतीय समाज में महिलाओं की शिक्षा, ज्ञान और सामाजिक योगदान की परंपरा काफी समृद्ध रही है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. दीपशिखा पाण्डेय के मार्गदर्शन में सहायक प्राध्यापिका डॉ. सुष्मा कुमारी एवं डॉ. रीना कुमारी, माया कुमारी, मीला देवी, पूजा कुमारी, आयुषी कुमारी, विनीता कुमारी एवं रूपा कुमारी का विशेष योगदान रहा। आयोजन की व्यवस्थाओं में सुरेश जी एवं सुरक्षा कर्मी कमलेश जी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग की पीएचडी शोधार्थियों एवं शोध छात्राओं प्रकृति कुमारी, श्वेता कुमारी, मुन्नी कुमारी, खुशबू कुमारी, शीलू कुमारी, पूजा, पूजा कुमारी, सुधा कुमारी, सशी प्रभा, निर्मला देवी, अनीता, सोनी, स्वीटी, सुस्मा, कोमल, पूनम, पूनम प्रियदर्शिनी, रुद्र रानी, बबिता, डॉली, प्रीति, सोनी, चाँदनी, संगीता, अनीता, संजना एवं फरानाज सहित अन्य शोधार्थियों की सक्रिय भूमिका रही। विभाग की सभी छात्राओं ने भी कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों, स्टॉलों, प्रस्तुतियों एवं व्यवस्थाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सिविल सर्जन ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

कुर्था (एनएसबी)। अरवल के सिविल सर्जन डॉ. राजकिशोर प्रसाद ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक अस्पताल पहुंचने से स्वास्थ्य केंद्र में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच-पड़ताल की गई। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने दवा भंडारण केंद्र स्टोर रूम तथा अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने अस्पताल में दवाओं के भंडारण और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं को देखा। स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को अपने दायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करने और अस्पताल की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। वहीं कायाकल्प योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराए जा रहे रंगाई-पुताई के कार्यों का भी सिविल सर्जन ने अवलोकन किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के सौंदर्यीकरण और परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए चल रहे कार्यों की स्थिति देखी। अस्पताल में स्वच्छता, बेहतर वातावरण और मरीजों को सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराने के महत्व पर भी ध्यान दिया गया। सिविल सर्जन के इस औचक निरीक्षण को स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



नरीक्षण करते सिविल सर्जन

मैथ गुरुकुल, मानपुर के 12 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन के साथ आगे बढ़ रहे मैथ गुरुकुल ने अपने स्थापना के पहले ही वर्ष में शानदार उपलब्धि हासिल की है। संस्थान का एक वर्ष पूरा होने में अभी कुछ दिन शेष हैं, लेकिन इस दौरान यहां से पढ़ाई करने वाले 12 विद्यार्थियों ने भारतीय नौसेना, भारतीय सेना, रेलवे, मद्य निषेध विभाग और एसएससी जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

संस्थान के निदेशक रौशन कुमार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थान के पूरी टीम, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की सफलता का वास्तविक मापदंड उसके विद्यार्थियों की प्रगति और उपलब्धियां होती हैं। सीमित संसाधनों और विद्यार्थियों की कम संख्या के बावजूद पहले ही वर्ष में 12 विद्यार्थियों का विभिन्न परीक्षाओं में



सफल होना संस्थान के लिए गर्व की बात है।

सफल विद्यार्थियों की सूची

1. कुंदन कुमार भारतीय नौसेना में अंतिम चयन।
2. राहुल कुमार भारतीय नौसेना की लिखित, शारीरिक एवं मेडिकल परीक्षा उत्तीर्णय मेरिट सूची का इंतजार।
3. राहुल कुमार-2 भारतीय सेना लिपिक की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण।
4. रौनक कुमार कृ रेलवे असिस्टेंट लोको पायलट की प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा उत्तीर्णय अंतिम परिणाम प्रतीक्षित।
5. हर्ष राज रेलवे अप्रेन्टिस के रूप में ज्वाइन किया।
6. राजू कुमार भारतीय सेना तकनीकी संवर्ग की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण।
7. सतीश कुमार भारतीय सेना की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण।
8. सचिन कुमार भारतीय सेना की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण।
9. मुस्कान कुमारी मद्य निषेध विभाग बिहार के आरक्षी की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण।
10. अमित कुमार मद्य निषेध विभाग बिहार के आरक्षी की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण।

संक्षिप्त खबरें

राजद समर्थित महागठबंधन प्रत्याशी के लिए जनसंपर्क

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। महुआ के पूर्व विधायक डॉ मुकेश रोशन ने तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद समर्थित महागठबंधन प्रत्याशी डॉ.श्रीमति रश्मि विनायक गौतम जी के समर्थन में जनसम्पर्क अभियान के दौरान स्नातक मतदाता से मतपत्र के क्रम संख्या :-3 पर प्रथम वरीयता का वोट दे कर भारी मतों से विजय



बनाने के लिए अपील किया। इस दौरान बिहार विधान परिषद के सदस्य मो.कारी शोहैब , संतोष चौधरी ई.अमर आलोक, राजेश शर्मा, अविनाश राय ,अनील राय सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित

असामाजिक तत्वों एवं अफवाहों पर कड़ी निगरानी के निर्देश

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज पुष्करणी सभागार में जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक,उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ अन्य विभिन्न पदाधिकारीगण सहित जिले के गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिला पदाधिकारी ने दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा सामाजिक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पूजा समितियों एवं शांति समिति के सदस्यों से प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर त्योहार को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। जिला पदाधिकारी ने सभी पूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित करने तथा सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित करने का निर्देश दिया। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पूजा पंडालों में महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है । ध्वनि प्रदूषण एवं विधि-व्यवस्था से संबंधित निदेर्शों के तहत डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।



स्नैचिंग की दो घटनाओं का सफल उद्भेदन, अपराधकर्मी एवं आभूषण दुकानदार गिरफ्तार

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। रामाशीष चौक रेलवे ओवरब्रिज के पास अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराध कर्मियों के द्वारा ऑटो से जा रही एक महिला के गले से सोने का ढोलना की छिनतई की घटना की गई थी। इस संबंध में सदर थाना की पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय लोगों के सहयोग से स्नेचिंग की घटना में संलिप्त एक अपराधकर्मी गुड्डू कुमार को अपाचे मोटरसाइकिल के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया था और छिना गया सोने का ढोलना की बरामदगी की गई । वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने जानकारी दिया कि पूछताछ के क्रम में पकड़ाये अपराधकर्मी गुड्डू कुमार ने इस कांड के अतिरिक्त अन्य कांडों में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।पकड़ाये अपराधकर्मी गुड्डू कुमार ने छिनतई किए गए स्वर्ण आभूषण को एक स्थानीय दुकानदार बच्चा बाबू शाह को बेचे जाने की बात स्वीकार की है। जिसकी निशानदेही पर उमेश सिनेमा रोड से सुहाग मिलन आभूषणालय दुकान के संचालक (सोनार) बच्चा बाबू साह को गिरफ्तार किया गया है। इसके दुकान से सदर थाना कांड संख्या 714/26 में छिना गया सोने का ढोलना एवं गलाया हुआ सोना का टुकड़ा को बरामद किया गया है।

मंदिरों में भक्तों की कतार पूजा अर्चना को, चंडी पाठ भी

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। शक्तिपीठ बड़ी व छोटी पटनदेवी,अगमकुआं शीतला माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्रि में धार्मिक अनुष्ठान हुए. शक्तिपीठ के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि मंगला आरती से ब्रह्म मुहूर्त में भगवती की उपासना हुई. छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी गड़हा पटनदेवी मंदिर, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, सुनील कुमार व जयप्रकाश पुजारी,गड़हा स्थित पटनदेवी मंदिर में बबलू पांडे ने अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से किया . सर्व मंगला देवी मंदिर गुलजारबाग पंडित द्वारिकानंद मिश्र, काली मंदिर खाजेकलां व मंगल तालाब में शशिकांत मिश्र, पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर मे आचार्य राजेश मिश्र के साथ अन्य देवी मंदिरों में भी धार्मिक अनुष्ठान हुई. बड़ी देवी जी मारूफगंज व महारागंज में पूजा अर्चना की गयी. इसी प्रकार से मनोरंजन पूजा समिति, दलहट्टा, नंदगोला बड़ी देवी जी,नया गांव पूजा समिति के साथ तारणी प्रसाद लेन स्थित बाबा मुक्तेश्वर नाथ मंदिर समेत अन्य जगहो पर भी पूजा अर्चना का अनुष्ठान हो रहा है.कुम्हरार स्थित पंचित बैठका में बड़ी देवी जी मे पूजा हो रहा है. इधर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चंडी पाठ जत्थेदार भाई बलदेव सिंह की देखरेख में पाठ हुआ. गुरुवाणी प्रचार सेवा केंद्र में प्रो लाल मोहर उपाध्याय व बेबी कुमारी की देखरेख में दुर्गा सप्तशति पाठ व चंडी पाठ चला. इसका समापन नवमी के दिन होगा.

ट्रक से कुचल कर बाइक सवार दो युवक की मौत

वाहन जब्त,चालक फरार,हो रही छानबीन

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। बाइपास थाना के छोटी पहाड़ी के समीप में तेज रफ्तार ट्रक से कुचल बाइक चालक व सवार की मौत हो गयी है. यातायात थानाध्यक्ष नीरज कुमार ठाकुर ने बताया कि इलेक्ट्रिशियन का प्राइवेट कार्य करने वाले मृतक युवक की पहचान मुंगेर के असरगंज क्षेत्र में रहने वाले कमलेशरी चौधरी का पुत्र 31 वर्षीय मंजय कुमार और मुंगेर के ही शिशुआ गांव के हरपुर थाना निवासी रु दल सिंह के पुत्र 25 वर्षीय अमरेश कुमार के तौर पर हुई है. दोनों बाइक से घर मुंगेर जा जा रहा था, इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया.इससे कुचलकर दोनो युवक की मौत हो गयी.दोनो युवक को उपचार के लिए एनएमसीएच लेकर आयी. जांच पड़ताल के बाद चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिए. पुलिस ने मृतक दोनो युवक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नांलदा मेडिकल कॉलेज भेजा है.थानाध्यक्ष ने बता कि घटना के बाद ट्रक का चालक वाहन छोड़ कर फरार हो गया है. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है. पुलिस जब्त ट्रक के आधार पर कार्रवाई कर रही है. शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है. बताया जाता है कि दोनो रिश्ते में साला बहनोई थे. जो विद्युत कंपनी के लिए कार्य करने वाले एक निजी कंपनी से जुड़ कर कार्य करते थे. इसी बीच यह दर्दनाक हादसा हो गया है.

पिकअप वैन से अंग्रेजी शराब जब्त,दो गिरफ्तार

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। अगमकुआं थाना के कुम्हरार पार्क के पास से पिकअप वैन से उत्पाद मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार छापेमारी करते हुए अंग्रेजी शराब बरामद किया है. इस मामले में दो को गिरफ्तार किया गया है. उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त प्रेम प्रकाश ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक मद्य निषेधद दीपक महतो के नेतृत्व में टीम गठित ने छापेमारी करते हुए फलों के बीच छिपा कर रखे गये 1897 पीस अर्थात 370.800 लीटर शराब जब्त किया है. इस मामले में राजेंद्र नगर निवासी अजय कुमार और पटना सिटी निवासी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया है. सहायक आयुक्त ने बताया कि जब्त किये गये शराब की अनुमानित कीमत लगभग साढ़े चार लाख रुपये है. छापेमारी दल में सअनि धर्मेंद्र कुमार,सिपाही अमित,गोविंद व लालचंद के साथ अन्य शामिल थे.

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

सड़क हादसे में घायल लोगों का जाना हाल, बेहतर इलाज के दिए निर्देश

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय मंगलवार को अचानक हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र उजियारपुर में हुए सड़क हादसे में घायल लोगों के इलाज की स्थिति का जायजा लिया और चिकित्सकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जानकारी के अनुसार उनके संसदीय क्षेत्र के पातेपुर में हुई सड़क दुर्घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका इलाज हाजीपुर सदर अस्पताल में चल रहा है। इसकी सूचना मिलते ही केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय मंगलवार को सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वार्ड में भर्ती घायलों से एक-एक कर मुलाकात की, उनका हाल-चाल जाना और हिम्मत बंधाई।



इस दौरान उन्होंने इलाज कर रहे चिकित्सकों से घायलों की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों से पूछा कि घायलों को किस तरह की दवाएं दी जा रही हैं और आगे क्या उपचार की आवश्यकता है। मंत्री ने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया कि इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी घायलों को हरसंभव बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही नित्यानंद राय ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। दुख की इस घड़ी में वे शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मंत्री के अस्पताल पहुंचने की सूचना पर अस्पताल प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई। सिविल सर्जन सहित अन्य वरीय चिकित्सक मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान उनके साथ भाजपा के कई स्थानीय कार्यकर्ता और नेता भी मौजूद थे।

नशा मुक्त वैशाली अभियान के तहत हाजीपुर में बड़ी कार्रवाई, 989 प्रतिबंधित दवा वायल बरामद, दो गिरफ्तार

हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित नशा मुक्त वैशाली अभियान के तहत अवैध मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं के कारोबार के विरुद्ध लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में गत रात्रि में नगर परिषद हाजीपुर के वार्ड संख्या-43 में अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा छापेमारी की गई। टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं औषधि निरीक्षक भी शामिल थे। छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएँ एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है।



जिला पदाधिकारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुल 989 भरे हुए वायल बरामद किए गए, जिनमें प्रतिबंधित श्रेणी की दवाएँ पाई गई हैं। इन दवाओं के संबंध में आवश्यक चिकित्सकीय प्रिस्क्रिप्शन उपलब्ध नहीं पाया गया। बरामद दवाओं में पाँच प्रकार की दवाएँ शामिल हैं, जिनके सक्रिय घटकों में ट्रामाडोल एवं बुप्रेनॉर्फिन पाए गए हैं। ये नियंत्रित औषधियों की श्रेणी में आती हैं तथा इनके अवैध भंडारण, बिक्री एवं वितरण के संबंध में लागू कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

छापेमारी के दौरान दवाओं के अतिरिक्त 40 सिरिंज, 50 हैंड ग्लव्स, 8 मोबाइल फोन तथा 46,000 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। इस मामले में तेरसिया निवासी मिथिलेश राय सहित दो को गिरफ्तार किया गया है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस प्रकरण में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई की जा रही है। जाँच में जिन व्यक्तियों की संलिप्तता सामने आएगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला पदाधिकारी ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि छापेमारी के दौरान प्राप्त जानकारी के अनुसार, छोटे बच्चों एवं युवाओं को नशीले पदार्थों के सेवन के लिए इंजेक्शन के इस्तेमाल का तरीका सिखाए जाने की बात भी सामने आई है। इस पहलू की गंभीरता से जाँच की जाएगी। उन्होंने कहा कि युवाओं एवं बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने यह भी बताया कि गंगा ब्रिज थाना की भूमिका के संबंध में भी जाँच कराई जाएगी, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पूर्व में क्या कार्रवाई की गई तथा किसी स्तर पर लापरवाही तो नहीं हुई। जाँच में किसी प्रकार की लापरवाही या संलिप्तता सामने आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

रेलवे के तार चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया भण्डाफोड़

गोरौल (दैनिक नवसंदेश)। वैशाली पुलिस कप्तान और ग्रामीण एस पी ने के नेतृत्व ने साबित कर दिया कि पुलिस चाह ले तो अपराधी बच नही सकते। भले ही थाना की ओर से करवाई में कमी हो जाये लेकिन जिला टीम अपराधी के तह तक जाकर किये गए अपराध का पर्दा फाश कर लेती है।एस एस पी शुभांक मिश्रा और ग्रामीण एस पी सोनू कुमार राय द्वारा जिले के वांछित एवं गंभीर श्रेणी के अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है।बीते दिनों वैशाली पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोरौल निवासी सुबोध चौधरी अपने दोनों पुत्र राजन कुमार एवं रोहित कुमार उर्फ सरदार एवं अन्य अपराधकर्मियों के साथ मिलकर रेल में उपयोग होने वाले इन्सूलेटेड तांबा तार केबल को कटर मशीन से छोटे-छोटे टुकड़ो में काटकर चोरी छिपे कही से लाये है। और तांबा निकालने के उद्देश्य से सभी केबल को आग में जला रहे है।प्राप्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महुआ के नेतृत्व में उक्त स्थल पर छापेमारी की गयी।जिसमे पुलिस को अभियुक्त के पास से 144.432 किलोग्राम तांबे के तार एवं 01 तार काटने वाले कटर मशीन मिला।जिसको मिलते ही पुलिस ने उक्त समान के साथ राजन कुमार को गिरफ्तार किया गया।पकड़ाये व्यक्ति राजन कुमार के निशानदेही उसी गांव के राहुल कुमार,पिता दिपक साह,सागर कुमार अग्रवाल, पिता अनुपम अग्रवाल एवं सुबोध चौधरी, पिता मिश्री लाल चौधरी सभी को गिरफ्तार किया गया।इस संदर्भ में गोरौल थाना कांड सं0-562/26 दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तो के पास से 51 पीस इन्सूलेटेड तार का जिसका भजन 62.962 किलोग्राम, 109 पीस अर्ध जला इन्सूलेटेड तार जिसका बजन 81.470 किलोग्राम, तार कटर मशीन एक बरामद किया गया है।



मिठाई दुकानों पर प्रशासन के द्वारा की जा रही छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप

महुआ (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गा पूजा एवं आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए अनुमंडल प्रशासन के द्वारा जिलाधिकारी वर्षा सिंह के आदेशानुसार महुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एसडीएम विवेक चंद्र पटेल, आपूर्ति पदाधिकारी ज्योति कुमारी एवं धीरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारियों की टीम द्वारा महुआ के विभिन्न मिष्ठान दुकानों पर औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिकारियों ने गांधी चौक, कुशहर चौक, अब्दुलपुर, महुआ थाना के समीप सहित 25 से अधिक मिठाई दुकानों पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। टीम ने दुकानों में बिक रही मिठाइयों, खोआ, पनीर एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की। साथ ही दुकानों में साफ-सफाई की स्थिति और मिठाई निर्माण के दौरान बरती जा रही स्वच्छता का भी जायजा लिया।एसडीएम विवेक चंद्र पटेल ने दुकानदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान मिलावटखोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी दुकानदारों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही उपयोग करने और दुकान व कारखाने में पूर्ण रूप से साफ-सफाई रखने का आदेश दिया। मिठाई बनाने में उपयोग होने वाले बर्तनों, कारीगरों की साफ-सफाई और स्टोरेज पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। आपूर्ति पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। यदि किसी दुकान में खराब या मिलावटी सामग्री पाई गई तो संबंधित दुकानदार के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



नकली मिठाइयों की शिकायत पर एसडीओ ने महनार बाजार में की जांच

महनार (दैनिक नवसंदेश)। दुर्गापूजा पर नकली मिठाइयों की बिक्री को लेकर मिली शिकायत के बाद एसडीओ अंकित कुमार ने महनार बाजार की मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिठाई बनाने और रखने वाले स्थानों पर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। एसडीओ ने दुकानदारों को मानक के अनुरूप स्वच्छता बनाए रखने का निर्देश देते हुए कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान गुप्ता लस्सी कॉर्नर, दीपक स्वीट्स, राय जी जलेबी, शिवानी स्वीट्स, प्रेमी स्वीट्स और शाही मिष्ठान का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को मिठाई तैयार करने और रखने के स्थानों पर विशेष साफ-सफाई रखने की हिदायत दी। गौरतलब है कि महनार में आयोजित शांति समिति की बैठक में बाजार में नकली मिठाइयों की बिक्री को लेकर शिकायत की गई थी। इसके बाद मिठाई दुकानों की जांच शुरू की गई है।



नशे में लिप्त पोते को दादा ने कराया गिरफ्तार

बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)। नशे की लत जब इंसान पर हावी होती है, तो उसका असर पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है। बिदुपुर थाना क्षेत्र के बिदुपुर डीह गांव में सोमवार की रात ऐसा ही मामला सामने आया, जहां पोते की हरकतों से परेशान होकर एक बुजुर्ग दादा ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी देवेंद्र राय का पोता बिट्टू कुमार कथित तौर पर नशे की हालत में घर में तोड़फोड़ कर रहा था। उसने अपने दादा सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट भी की। इससे परेशान होकर देवेंद्र राय ने पुलिस को फोन किया। इसके बाद आसपास के लोगों के सहयोग से बिट्टू को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। बुजुर्ग ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि पोते को लंबे समय तक जेल में रखा जाए, ताकि वह नशे के प्रभाव में दोबारा घर में उत्पात न मचाए और परिवार को जान-माल का नुकसान न पहुंचे।

वैशाली की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी : जिला पदाधिकारी

हाजीपुर(दैनिक नवसंदेश)। वैशाली जिले के 54वें स्थापना दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर स्थित पुष्करिणी सभागार में जिला कला एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में भव्य सांस्कृतिक एवं स्मृति समारोह का आयोजन किया गया।

जिले के 54वें स्थापना दिवस सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने जिलेवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए वैशाली की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और सभ्यतागत पहचान को संरक्षित रखने तथा इसे नई पीढ़ी तक पहुँचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि वैशाली का इतिहास गौरव, संस्कृति और सामाजिक चेतना की समृद्ध परंपराओं से जुड़ा है। जिले का स्थापना दिवस केवल एक तिथि का स्मरण नहीं, बल्कि अपनी ऐतिहासिक पहचान को समझने, अतीत से प्रेरणा लेने और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए सामूहिक संकल्प दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वैशाली की विरासत को केवल याद करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना और इसकी सांस्कृतिक पहचान को निरंतर सुदृढ़ करना हम सभी की जिम्मेदारी है। समारोह के दौरान समाहरणालय परिसर स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात वैशाली के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक गौरव पर विचार-विमर्श किया गया।



कार्यक्रम में आम्रपाली कला प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं ने शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भरतनाट्यम एवं ओडिसी नृत्य की प्रस्तुतियों ने भारतीय शास्त्रीय कला की समृद्ध परंपरा को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। स्वागत नृत्य, वैशाली गान, लोकगीत एवं कविता पाठ ने समारोह को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से वैशाली की सांस्कृतिक चेतना, भारतीय परंपराओं और कला की विविधता की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम का मंच संचालन उद्घोषक श्री विद्रुल नाथ सूर्य ने किया। स्थापना दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया।

संक्षिप्त खबरें

बाढ संभावित इलाकों में राजद ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) बाढ़ के बाद संभावित संक्रमण एवं विभिन्न मौसमी बीमारियों के खतरे को देखते हुए आज भैंसहीं पंचायत के बलुही बाजार में राजद जिलाध्यक्ष श्री दिलीप कुमार सिंह द्वारा संचालित हरिओम जनसेवा संस्थान की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर मुफ्त में दवाइयां उपलब्ध कराई गई। शिविर का उदघाटन करते हुए राजद के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा बाढ़ के बाद फैलने वाली संभावित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। बाढ़ का पानी उतरने के बाद गंदगी, दूषित पानी एवं मच्छरों के प्रकोप से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरिओम जनसेवा संस्थान द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार जनसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। संस्थान का प्रयास है कि आपदा की इस घड़ी में कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित न रहे। इस अवसर पर राजद के जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार बारी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।



सांखे खास में जन्मदिन पर लड्डू से तौले गए पूर्व मुखिया के देवर

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) बिहार में भले ही राज्य सरकार पंचायत चुनाव की तिथि की अभी घोषणा नहीं की है। इसके बावजूद भी सांखे खास पंचायत में आगामी होने वाले पंचायत चुनाव का रंग अभी से चढ़ने लगा है। जिसकी एक झलक सोमवार की रात पूर्व मुखिया के देवर व हथुआ प्रखंड में तैनात राजस्व कर्मचारी रमेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर देखने को मिला। बताया जा रहा है कि सोमवार के दिन सांखे खास पंचायत की पूर्व मुखिया मंजू देवी के देवर रमेश यादव का जन्मदिन था। इस अवसर पर उनके समर्थको के द्वारा ही सांखे खास गांव में पंचायत के लोगों को खुद ही निमंत्रित कर जन्मदिन पर भोज का आयोजन किया था। सैकड़ों लोगों के बीच केक काटने के पश्चात जन्मदिन के अवसर पर राजस्व कर्मचारी रमेश यादव को लोगों ने 70 किलो लड्डू से तौल कर खुशी का इजहार किया वहीं उनके जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर राजस्व कर्मचारी रमेश यादव ने कहा कि यह जनता का प्यार दिखाने का एक माध्यम है। मुझे जनता का हमेशा प्यार मिलता रहता है। पंचायत में विकास के नाम पर खिलवाड़ किया गया है, जिससे पंचायत की जनता काफी नाराज चल रही है। इस बार होने वाले पंचायत चुनाव में जनता ऐसे जनप्रतिनिधियों को सबक सिखाने का मन बना चुकी है।



श्रीपुर थाने के हाजत से फरार आरोपित गिरफ्तार

छिनतई मामले में पकड़ा गया था छोटे लाल यादव उर्फ मोटर

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना के हाजत से फरार आरोपित को पुलिस ने 60 घंटे बाद मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान साहू चक गांव निवासी छोटे लाल यादव उर्फ मोटर के रूप में की गई है। पुलिस ने उसे श्रीपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी श्याम कंठी बथुआ के समीप से गिरफ्तार किया। पुलिस आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपित से पूछताछ कर रही है।जानकारी के अनुसार, छिनतई के एक मामले में गिरफ्तार छोटे लाल यादव रविवार की तड़के करीब चार बजे श्रीपुर थाने के हाजत से फरार हो गया था। बताया जाता है कि हाजत में ताला नहीं लगा होने का फायदा उठाकर वह भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी।इसी बीच मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि फरार आरोपित थाना क्षेत्र के कंठी बथुआ के समीप घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने गश्ती दल और विभिन्न टीमों की मदद से छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपित से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

बिजली चोरी के आरोप में पांच पर प्राथमिकी दर्ज, 196458 रूपए लगा जुर्माना

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर विद्युत विभाग की टीम ने प्रखंड के दो गांवों में बिजली चोरी के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया।इस दौरान पूर्व से विद्युत विच्छेद के बावजूद अवैध रूप से एलटी मेन लाइन से तार जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहे पांच उपभोक्ताओं के खिलाफ विजयीपुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जेई अमित कुमार ने पांचों उपभोक्ताओं पर पूर्व बकाया राशि के साथ कुल 196458 रूपए का जुमार्ना लगाया है। कनीय विद्युत अभियंता अमित कुमार के नेतृत्व में गठित टीम जिसमें क्षेत्रीय मिस्त्री संजय तिवारी तथा देवेन्द्र प्रताप यादव शामिल थे, ने बेलवा लाला और हकारपुर गांव में औचक निरीक्षण किया। जिसमें बेलवा लाला गांव के दिनेश चैबे का 40756 रूपए बकाया होने के कारण मीटर से कटिंग कर बिजली उपयोग करते पाए गए। इन पर 10000रुपए के जुमार्ने सहित कुल 50756 रूपए की राजस्व क्षति का जुमार्ना लगाया गया ।इसी गांव के गयालाल गौण द्वारा 43615रुपये के पुराने बकाये के बावजूद एलटी लाइन से टोका फंसाकर उपयोग कर रहे थे। इन पर कुल 53615 रुपये की क्षति का मामला दर्ज किया गया। साथ ही शिलादेवी के विरुद्ध 32650 रूपए तथा हकारपुर गांव के विरेन्द्र मिश्रा छापेमारी दल ने सभी आरोपियों के परिसरों से के विरुद्ध 68515 रूपए एवं सुभावती देवी के विरुद्ध 35922 रूपए का जुमार्ना लगाया गया है। साथ ही मौके से अवैध रूप से इस्तेमाल किए जा रहे सर्विस तार को काटकर जब्त कर लिया है। कनीय विद्युत अभियंता के आवेदन पर विजयीपुर थाने में विद्युत अधिनियम की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

जमीनी विवाद में हुई मारपीट मामले में दो के विरुद्ध प्राथमिकी

विजयीपुर (दैनिक नवसंदेश) विजयीपुर थाने के अहियापुर घोठा गांव में पूर्व के जमीनी विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई।घायल मकेश्वर यादव ने अपने ही बगल के राजकुमार तथा संगीता देवी के विरुद्ध मारपीट एवं गाली-गलौज करने की प्राथमिकी दर्ज कराई है।घायल ने बताया कि सुबह वह अपने दरवाजे पर बैठे हुए थे कि पूर्व के विवाद को ले बगल के उपरोक्त सभी लोग नाली का पानी दरवाजा पर बहवाने लगें।मना किया तो गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडे से मारकर घायल कर दिया।शोर सुनकर छुड़ाने आयें बेटे को भी मारपीट कर दी। आस-पास के लोगों बीच बचाव किया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

बरौली में खेत से घर लौट रहे सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवक को घेरकर मारा चाकू

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिले के बरौली थाना क्षेत्र के बागेहजी गांव में पुरानी रंजिश और जमीन विवाद को लेकर एक 18 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। बागेहजी दुर्गा मंदिर के समीप हुई इस घटना में अमन कुमार घायल हो गया। चाकू उसके हाथ में लगा। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। जानकारी के अनुसार, बागेहजी गांव निवासी चंद्र विजय प्रसाद का पुत्र अमन कुमार खेत से पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान दुर्गा मंदिर के समीप बाइक से पहुंचे कुछ युवकों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि युवकों ने उसके साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमले में अमन के हाथ में चोट लग गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गये। घायल युवक ने हमले के पीछे पुरानी रंजिश और पूर्व से चल रहे जमीन विवाद को कारण बताया है। इस मामले में छोटू कुमार, आकाश कुमार समेत अन्य युवकों के शामिल होने का आरोप लगाया गया है। बताया जाता है कि सभी युवक बाइक से मौके पर पहुंचे थे। अमन कुमार सेना में भर्ती होने के लिए तैयारी कर रहा था। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में नाराजगी है। गांव में इस घटना को लेकर चर्चा हो रही है। हालांकि, मामले में पुलिस की आधिकारिक पुष्टि और आगे की कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

पौधरोपण के प्रति मानव को समर्पित होना होगा : पेड़ बाबा

मधु नर्सरी पहुंचे वृक्ष-संरक्षण के मनीषी मनीष तिवारी ● पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश के प्रयासों को मुक्तकंठ से की सराहना

हथुआ (दैनिक नवसंदेश) जीवन तभी सुरक्षित रहेगा, जब धरती पर वृक्ष सुरक्षित रहेंगे। पौधरोपण और वृक्षों के संरक्षण के प्रति प्रत्येक मनुष्य को समर्पित होना होगा। तभी हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित पर्यावरण की अमूल्य धरोहर सौंप सकेंगे। उक्त बातें वृक्ष-संरक्षण के प्रति आजीवन समर्पित पेड़ बाबा के नाम से विख्यात मनीष तिवारी ने कहीं। वे एक दिवसीय यात्रा पर गोपालगंज पहुंचे थे।

इस अवसर पर हथुआ प्रखंड के बरवां कपरपुरा स्थित मधु नर्सरी में पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश ने उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया। डॉ. सत्य प्रकाश ने उन्हें अंगवस्त्र, पौधा एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। प्रकृति संरक्षण के प्रति समर्पित दो व्यक्तित्वों का यह मिलन पर्यावरण प्रेमियों के लिए विशेष प्रेरणादायी रहा। सम्मान ग्रहण करने के पश्चात पेड़ बाबा ने कहा कि जीवन की रक्षा के लिए अधिकाधिक पौधे लगाना और उनका समुचित संरक्षण करना समय की अनिवार्य आवश्यकता है। प्रकृति ने हमें वायु, जल और जीवन जैसी अमूल्य नेमतें विरासत में दी हैं, जिनका प्रत्यक्ष मूल्य भले ही दिखाई न दे, लेकिन उनके अभाव में जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। दुर्भाग्यवश, मनुष्य प्रकृति के इन अनमोल उपहारों का महत्त्व नहीं समझ पा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार धरती का तापमान निरंतर बढ़ रहा है, वह संपूर्ण मानव समाज के लिए गंभीर चेतावनी है। अब समय केवल चिंता व्यक्त करने का नहीं, बल्कि प्रकृति के संरक्षण के लिए धरातल पर ठोस पहल करने का है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों को वृक्ष बनने तक सुरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में पर्यावरण संरक्षण से बढ़कर कोई कार्य नहीं हो सकता, क्योंकि इसका लाभ समस्त जीव-जगत को प्राप्त होता है। पेड़ बाबा ने पर्यावरण मित्र डॉ. सत्य प्रकाश द्वारा वर्षों से किए जा रहे पौधरोपण, पौधा वितरण तथा वृक्ष-संरक्षण के प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का ध्येय बना लेता है, उसका योगदान केवल वर्तमान समाज तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी सुरक्षित करता है। ऐसे समर्पित पर्यावरण साधकों को सरकार की ओर से समुचित संरक्षण, प्रोत्साहन एवं सहयोग मिलना चाहिए, ताकि उनके प्रयास व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर सकें। अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान पेड़ बाबा ने स्थानीय लोगों से संवाद कर उन्हें पौधरोपण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और हरित भविष्य के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया विंदेश्वरी ठाकुर, डॉ. राम विष्णु प्रसाद, उदय चंद्र प्रजापति, शिक्षक राजीव कुमार मिश्र, वेद प्रकाश सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



(सम्मानित करते पर्यावरण मित्र)

गंडक नहर के पास मिले शव की हुई पहचान, करंट से मौत की आशंका

घर से घूमने निकला था युवक, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के डोमन बंजरिया गांव के समीप गंडक नहर के साइफन के पास सोमवार की अहले सुबह मिले अज्ञात युवक के शव की पहचान हो गई है।मृतक की पहचान सिधवलिया थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी केदार पंडित के पुत्र अवधेश कुमार के रूप में हुई है।युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।वहीं, घटना को लेकर इलाके में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।पुलिस की प्रारंभिक जांच में करंट लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है,जबकि परिजनों ने हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका व्यक्त की है।परिजनों के अनुसार,अवधेश कुमार रविवार की देर शाम गांव में घूमने जाने की बात कहकर घर से निकला था।देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसके मोबाइल फोन पर कई बार संपर्क करने का प्रयास किया।बताया जाता है कि युवक ने एक-दो बार फोन उठाया और जल्द घर लौटने की बात कही।हालांकि, बाद में उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया।इसके बाद परिजन उसकी तलाश में जुट गए।इसी बीच सोमवार की सुबह गंडक नहर के साइफन के पास उसका शव मिलने की सूचना मिली।युवक का शव मिलने की सूचना पर कुचायकोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया।पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है।प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक बिजली के हाईटेंशन तार से जुड़ी सामग्री चोरी करने के इरादे से बिजली के पोल पर चढ़ा होगा।इसी दौरान करंट लगने से वह नीचे गिर गया होगा और उसकी मौत हो गई होगी।हालांकि,पुलिस की ओर से इस आशंका की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।दूसरी ओर, मृतक के परिजन घटना को हादसा मानने के बजाय हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं।इस कारण युवक की मौत को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की विस्तृत जांच के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।पुलिस मामले के अनुसंधान में जुटी हुई है।



(घटना स्थल पर जांच करते थानाध्यक्ष)

श्रीपुर में बाइक की भीषण टक्कर से घायल महिला की गोरखपुर में मौत

टक्कर इतनी भीषण थी कि 10 मीटर ऊपर उछलकर लहूलुहान होकर गिरीं पीड़िता

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) श्रीपुर थाना क्षेत्र के बैरागी टोला गांव के मुख्य पथ पर गत शुक्रवार को हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 60 वर्षीया महिला गुलाबी देवी की मंगलवार अहले सुबह गोरखपुर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका बैरागी टोला गांव निवासी गोखुला साह की पत्नी थीं। घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि गुलाबी देवी शुक्रवार को सड़क की तरफ जा रही थीं। उसी दौरान सोन नदी की तरफ से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला हवा में करीब 10 मीटर ऊपर उछलकर दूर जा गिरी और सड़क पर खून से लहूलुहान होकर अवांछित रूप से तड़पने लगीं। इस अचानक हुए हादसे से मृतका के दो पुत्रोंकृधर्मेंद्र साह व जितेंद्र साह, तथा दो पुत्रियों किरेणु देवी व बाला देवी पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोपालगंज भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटना के दिन ही मौके से दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर लिया था। हालांकि, हादसे में बाइक सवार युवक भी जख्मी हो गया था। जिसे पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण से इलाज के लिए परिजनों को सौंप दिया था। अब महिला की मौत की पुष्टि होते ही आरोपी बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गया है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। इस पूरे मामले पर श्रीपुर थाना की पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिजनों की तरफ से अब तक थाने में कोई लिखित शिकायत या आवेदन दर्ज नहीं कराया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि परिजनों की ओर से लिखित शिकायत मिलते ही तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



डा. ऐ. के तिवारी अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जदयू में हुए शामिल : प्रमोद कुमार पटेल



गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) गोपालगंज जनता दल यूनाइटेड जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल जी की अध्यक्षता में गोपालगंज जिले के सुप्रसिद्ध डॉव अखिलेश्वर कुमार तिवारी उर्फ ए. के तिवारी ने आज बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जद(यू०) के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नीतीश कुमार जी में आस्था एवं विश्वास रखते हुए अपने सैकड़ो साथियों के साथ जनता दल(यू०) की सदस्यता ग्रहण की इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि बिहार ही नहीं पूरे देश में नीतीश कुमार जैसा ईमानदार और समाजवादी विचारधारा का कोई नेता नहीं है! श्री तिवारी ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधायक सह मंत्री सुनील कुमार, विधायक रामसेवक सिंह, विधायक मंजीत कुमार सिंह, विधायक अमरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय, सांसद डॉव आलोक कुमार सुमन एवं पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार पटेल जी के नेतृत्व में पार्टी का सेवा करने का संकल्प लिया और पार्टी के नीति सिद्धांत को अपने जीवन में उतर कर कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया! मिलन समारोह उपेंद्र तिवारी, विजय बबलू दीक्षित, नवनीत कुमार दुबे, अनिरुद्ध प्रसाद सिंह, संदीप कुमार सिंह, आलोक कुमार मिश्रा, अतुल कुमार मिश्रा, सहित सैकड़ो लोगों ने जदयू की सदस्य ग्रहण कर बिहार के विकास में सहयोग करने का संकल्प दोहराया! पार्टी के अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह जिला कार्यालय प्रभारी राधेश्याम साहनी, जिला महासचिव हसीब अख्तर खान ने सभी को पार्टी का पट्टा एवं पुष्प माला से सम्मानित किया।

ट्रैक्टर-ट्राली से टकराकर घायल वृद्ध की मौत

इलाज के दौरान सदर अस्पताल में तोड़ा दम

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) सड़क हादसे में घायल 75 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान सदर अस्पताल में मौत हो गई।मृतक की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के रामपुर दाऊद गांव निवासी मोतीलाल शाह के रूप में हुई है।सोमवार की शाम रामपुर माधो स्थित गंडक नहर पुल के पास उनकी साइकिल ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई थी।हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्ध की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मिली जानकारी के अनुसार, मोतीलाल शाह सोमवार की शाम किसी काम से साइकिल लेकर घर से निकले थे।इसी दौरान रामपुर माधो गंडक नहर पुल के पास उनकी साइकिल ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद परिजन उन्हें पास के एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां उपचार कराने के बाद उन्हें घर लाया गया।रात में अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी।इसके बाद परिजन उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गए।वहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

नहर की पटरी पर मिले युवक सिधवलिया के रामपुर का निकला

परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप, परिजनों का आरापे, दोस्तों ने घर से बुलाकर ले गये

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट थाना क्षेत्र के डोमन बंजरिया गांव के सामने गंडक नहर की पटरी पर सायफन के पास सोमवार को मिले युवक की शव का पहचान हो गया है। युवक सिधवलिया थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के केदार पंडित का पुत्र अवधेश कुमार 25 वर्ष का बताया गया है। अखबारों में छपी समाचार के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। जहां पोस्टमार्टम करा कर शव को रखा गया था। शव का पहचान किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि रविवार की शाम को चार दोस्त युवकों ने उसे घर से बुलाकर ले गये। उसके बाद सोमवार को शव मिला। परिजनों ने हत्या कर कुचायकोट के डोमन बंजरिया गांव के पास शव को फेंका गया। पुलिस ने उनके चारों युवकों की तलाश में सीवान में छापेमारी कर रही है। थानेदार दर्पण सुमन ने कहा कि पुलिस दोस्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। उनके अरेस्टिंग के बाद घटना से सच सामने आ जाएगा। डोमन बंजरिया में सोमवार को कुछ ग्रामीण शौच के लिए निकले थे। इसी दौरान उनकी नजर नहर की पटरी के पास झाड़ियों में पड़े युवक के शव पर पड़ी। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से बिजली का तार का बंडल जब्त किया। युवक के शरीर पर अंडरवियर के अलावा कोई अन्य वस्त्र नहीं था। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव वहां किन परिस्थितियों में पहुंचा और युवक की मौत कैसे हुई, यह स्पष्ट नहीं है। युवक के शव के पास बिजली के तार का बंडल मिलने से पुलिस को आशंका है कि ये रैकेट तार चोरों का रैकेट का सदस्य हो सकते है। तार काटने के दौरान बिजली के करेंट से मौत के बाद उसके साथी शव को छोड़ कर भाग गये होगे। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। जबकि परिजन हत्या का आरोप लगा रहे है।

वार्ड सदस्य पर जानलेवा हमले के विरोध में करवतही बाजार बंद, सड़क जाम

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) गोपालपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव निवासी वार्ड सदस्य के साथ मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को करवतही बाजार बंद करा दिया।आक्रोशित ग्रामीणों और दुकानदारों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारी नामजद आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे।सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे गोपालपुर थानाध्यक्ष परमेश कुमार ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता की और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।इसके बाद लोगों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया और दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें खोल दीं।मिली जानकारी के अनुसार, बीते 10 अक्टूबर की शाम अहियापुर गांव निवासी वार्ड सदस्य एवं अहियापुर पंचायत के जदयू अध्यक्ष अखिलानंद त्रिपाठी किसी काम से करवतही बाजार स्थित एक फोटोकॉपी की दुकान पर पहुंचे थे।इसी दौरान बाइक सवार पांच लोग वहां पहुंचे और उन्हें दुकान के अंदर से खींचकर मारपीट करने लगे।पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उनकी जान लेने की कोशिश की।हालांकि, बाजार में मौजूद लोगों के हस्तक्षेप के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अखिलानंद त्रिपाठी के आवेदन पर गोपालपुर थाने में गुलौरा गांव निवासी अमित कुंवर समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।ग्रामीणों का कहना था कि घटना के तीन दिन बीत जाने के बावजूद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही थी।इसी के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों ने बाजार बंद कराकर सड़क जाम किया और पुलिस के खिलाफ अपना आक्रोश जताया।इस संबंध में गोपालपुर थानाध्यक्ष परमेश कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार करने की बात कही।

तीन दिन बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से भड़के ग्रामीण ● पुलिस के आश्वासन पर समाप्त हुआ प्रदर्शन



(हंगामा करते ग्रामीण)



फोटो 6 (लोगो को समझाते पुलिस अधिकारी)